लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

श्रावण कृष्ण पक्ष एकादशी विक्रम संवत 2082

# अमृत विचार

वर्ष 6, अंक 240, पृष्ठ -16+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार





इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, बदलती जीवनशैली और बढ़ता मानसिक तनाव व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम | 36.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 28 सूर्यास्त 07 :10

बरेली, रविवार, 20 जुलाई 2025

भारत धर्मनिरपेक्ष, अल्पसंख्यक यहां सुरक्षित... 12



... कदम नयी मंज़िल की ओर

मंजिल उन्ही को मिलती है जो सपने देखते हैं।
हौसला ही मंजिल तक ले जाता है।
मेहनत और लगन ही मंजिल तक ले जाती है।

## रजत की डमरू, महाकाल की कांवड़



पीलीभीत के रजत वर्मा ने बदायूं में रामगंगा के कछला घाट से जल लाने के लिए इस बार डमरू और महाकाल की विशेष कांवड़ स्वयं तैयार की। वह हर साल नई कांवड़ बनाते हैं। बदायूं के कछला घाट से कांवड़ लेकर रजत शनिवार को बरेली पहुंचे। यहां अलखनाथ मंदिर परिसर में विश्राम किया, जिसके बाद वह शाम को पीलीभीत के लिए रवाना हो गए। फोटो- हरदीप सिंह टोनी

# कोई ताकत भारत को निर्देश नहीं दे सकती

## उपराष्ट्रपति धनखड़ बोले- किसी आख्यान से प्रभावित होने की जरूरत नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि लोगों को किसी आख्यान से प्रभावित नहीं होना चाहिए क्योंकि दुनिया की कोई भी ताकत भारत को यह निर्देश नहीं दे सकती कि उसे अपने मामलों को कैसे संभालना है। धनखड़ ने कहा कि इस देश में सभी निर्णय इसके नेतृत्व द्वारा लिए जाते हैं।

उपराष्ट्रपति ने रेखांकित किया कि भारत आपसी सहयोग से काम करता है, परस्पर सम्मान रखता है और अन्य देशों के साथ कूटनीतिक संवाद करता है। उन्होंने कहा, लेकिन अंततः हम संप्रभु हैं, हम अपने फैसले खुद लेते हैं। धनखड़ की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब विपक्ष अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हालिया भारत-पाकिस्तान झड़प में 'संघर्ष विराम' कराने के दावे पर सरकार से स्पष्टीकरण की मांग कर रहा है। उन्होंने यहां भारतीय रक्षा संपदा सेवा के प्रशिक्षुओं के एक समूह को संबोधित करते हुए कहा, बाहरी आख्यानों से निर्देशित न हों। इस देश में, एक संप्रभु राष्ट्र में, सभी निर्णय इसके नेतृत्व द्वारा लिए जाते हैं। दुनिया में ऐसी कोई ताकत नहीं है जो भारत को यह निर्देश दे कि उसे अपने मामलों को कैसे संभालना है। उपराष्ट्रपति ने क्रिकेट की शब्दावली में कहा कि हर खराब गेंद को खेलना जरूरी नहीं है। उन्होंने कहा, क्या इस बात पर माथापच्ची करने की जरूरत है कि किसने क्या कहा? जो क्रिकेट पिच पर अच्छे रन बनाता है, वह हमेशा खराब गेंदें छोड़ता है। वे लुभाने वाली होती हैं, लेकिन कोशिश नहीं की जातीं। और जो कोशिश करते हैं, उनके लिए आपके पास विकेटकीपर और गली में किसी के दस्ताने होते हैं।




नई दिल्ली में वाइस-प्रेसिडेंट्स एन्क्लेव में भारतीय रक्षा संपदा सेवा के अधिकारी समूह के साथ उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़।

## पेड़ों की कटाई की फर्जी अनुमति हुई जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली वन विभाग ने सुप्रीम कोर्ट को चौंकाने वाला खुलासा करते हुए बताया कि आवासीय परियोजना के लिए वसंत कुंज के रिज क्षेत्र में पेड़ों की कटाई के लिए उप वन संरक्षक के नाम का इस्तेमाल कर फर्जी अनुमति जारी की गई। पश्चिमी वन प्रभाग के उप संरक्षक ने पर्यावरण कार्यकर्ता भावरीन कंधारी की याचिका पर एक हलफनामा दायर किया था। याचिका में कहा गया है कि उक्त भूमि शीर्ष अदालत के नौ मई, 1996 के आदेश के तहत संरक्षित है। इस क्षेत्र में पेड़ों की कटाई या बदलाव से पहले अदालत की पूर्व अनुमति आवश्यक है।

# आतंक और नशा-मुक्त समाज बनाने की हर एक नागरिक की जिम्मेदारी

जम्मू, एजेंसी

जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने प्रतिबंधित आतंकवादी समूह 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) की भाषा बोलने वाले कुछ तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने का संकल्प लेते हुए शनिवार को कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में आतंकवाद-मुक्त और नशा-मुक्त समाज बनाना यहां के प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।



उपराज्यपाल ने यह बात यहां शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एसकेयूएएसटी) में प्रांतीय आर्य महासम्मेलन' को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने किसी का नाम लिये बिना कहा, कुछ तत्व हैं जो (आतंकवादी समूह) टीआरएफ की भाषा बोलते हैं। पुलिस प्रशासन और सुरक्षा बल शांति सुनिश्चित करने तथा ऐसे तत्वों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह दो-दिवसीय कार्यक्रम आर्य प्रतिनिधि सभा, जम्मू और कश्मीर द्वारा महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती और आर्य समाज की स्थापना की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। सिन्हा ने जम्मू-कश्मीर की शांति एवं प्रगति के लिए सेना, पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के जवानों के सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# वेदांता समूह पर वायसराय की रिपोर्ट विश्वसनीय नहीं : पूर्व सीजेआई

नई दिल्ली, एजेंसी



- **चंद्रचूड़ ने कहा- कंपनी कानूनी उपाय अपनाने के लिए पूरी तरह है तैयार**

पूर्व मुख्य न्यायाधीश (पूर्व सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि अमेरिकी शॉर्ट सेलर वायसराय रिसर्च की वेदांता समूह पर रिपोर्ट विश्वसनीय नहीं है और कंपनी कानूनी उपाय अपनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। वेदांता समूह ने शुक्रवार को शेयर बाजार को बताया कि चंद्रचूड़ की यह टिप्पणी वायसराय रिसर्च रिपोर्ट में लगाए आरोपों के संबंध में उनसे स्वतंत्र कानूनी राय मांगने के बाद आई है।

पूर्व सीजेआई ने कहा कि वायसराय का सूचीबद्ध कंपनियों में शॉर्ट पोजीशन लेने और फिर अवैध रूप से लाभ कमाने के लिए भ्रामक रिपोर्ट प्रकाशित करने का रिकॉर्ड रहा है। चंद्रचूड़ ने कहा कि कंपनी पर वायसराय रिसर्च की रिपोर्ट में गंभीर आरोप हैं, जिससे वेदांता समूह के व्यवसाय और प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने कहा, रिपोर्ट में पोंजी स्कीम और परजीवी जैसे गंभीर आरोप हैं, जिनसे प्रश्नकर्ता (वेदांता) के व्यवसाय और प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है।

## संधवां ने 15 सदस्यीय प्रवर समिति का किया गठन

**चंडीगढ़।** पंजाब विस अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवां ने बेअदबी रोधी विधेयक पर हितधारकों के साथ विचार-विमर्श के लिए शनिवार को सदन की 15 सदस्यीय प्रवर समिति का गठन किया।

**बेअदबी रोधी विधेयक**

यह कदम पंजाब पवित्र धर्मग्रंथों के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम विधेयक, 2025 को विधानसभा द्वारा सर्वसम्मति से सदन की प्रवर समिति को भेजने का निर्णय के कुछ दिनों बाद उठाया गया है। विधेयक में धार्मिकग्रंथों की बेअदबी के कृत्यों के लिए आजीवन कारावास तक की सजा का प्रस्ताव है। समिति विधेयक पर रिपोर्ट छह महीने में प्रस्तुत करेगी। पंजाब विस सचिवालय द्वारा शनिवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, समिति का नेतृत्व अमृतसर दक्षिण से आप विधायक इंदरबीर सिंह निज्जर करेंगे।

# अनुभव-अनुसंधान स्वास्थ्य सेवा में स्वर्णिम मानक कुंजी

## विशेषज्ञों ने एमबीबीएस-बीएएमएस के लिए संतुलित दृष्टिकोण अपनाने का किया आह्वान

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित एकीकृत एमबीबीएस-बीएएमएस पाठ्यक्रम को लेकर जारी तीखी बहस के बीच विशेषज्ञों ने कहा कि दोनों विशेषज्ञताओं के बीच नैदानिक अनुभव और अनुसंधान सहयोग साझा करना भारत के लिए एकीकृत स्वास्थ्य सेवा में स्वर्णिम मानक स्थापित करने की कुंजी है।



हालांकि चिकित्सा पेशेवरों, शिक्षकों और नीति निर्माताओं के बीच इस बात को लेकर चर्चा हो रही है कि क्या भारत अपने प्राचीन आयुर्वेदिक चिकित्सा ज्ञान को आधुनिक वैज्ञानिक पद्धतियों के साथ सफलतापूर्वक एकीकृत कर सकता है? वरिष्ठ प्लास्टिक सर्जन और ट्रिपल अमेरिकन बोर्ड-प्रमाणित चिकित्सक डॉ. अजय कश्यप ने कहा, भारत शल्य चिकित्सा के जनक सुश्रुत का जन्मस्थान है और राइनोप्लास्टी (नाक का पुनर्निर्माण), मोतियाबिंद सर्जरी और गुदा-मलाशय सर्जरी जैसे उनकी शल्य चिकित्सा तकनीकें आज भी उपयोग में हैं। डॉ. अजय कश्यप की हाल ही में प्रकाशित पुस्तक 'द क्वेस्ट ऑफ सुश्रुत' इस प्राचीन शल्यचिकित्सक के योगदान की पड़ताल करती है और इस बात पर जोर देती है कि भारत, चिकित्सा पुनर्जागरण के कगार पर खड़ा है।

### दुनिया भर के स्वास्थ्य केंद्र इन ढांचों से ले रहे प्रेरणा

सर गंगा राम अस्पताल में लैप्रोस्कोपिक, लेजर एवं सामान्य शल्य चिकित्सा के अध्यक्ष और एकीकृत चिकित्सा के समर्थक डॉ. बीबी अग्रवाल ने कहा, यह पूर्व बनाम पश्चिम या प्राचीन बनाम आधुनिक का मामला नहीं बल्कि मरीज के लिए क्या सबसे अच्छा काम कर सकता है, इसको लेकर है। भारत के पास एकीकृत स्वास्थ्य सेवा में एक स्वर्णिम मानक स्थापित करने का अवसर है, लेकिन इसे वैज्ञानिक सत्यापन, नैदानिक परीक्षणों और मानकीकृत देखभाल प्रोटोकॉल के आधार पर स्थापित किया जाना चाहिए। व्यक्तिगत संरचना (प्रकृति), ऋतु में परिवर्तन और समग्र जीवनशैली समायोजन के आधार पर अलग-अलग उपचार सहित कई आयुर्वेदिक सिद्धांत वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय हो रहे हैं। दुनिया भर के स्वास्थ्य केंद्र अब इन ढांचों से प्रेरणा ले रहे हैं, जिन्हें अक्सर 'एकीकृत स्वास्थ्य' के रूप में फिर से प्रचारित किया जाता है।



इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, बदलती जीवनशैली और बढ़ता मानसिक तनाव व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

श्रावण कृष्ण पक्ष एकादशी विक्रम संवत 2082

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

वर्ष 6, अंक 240, पृष्ठ -16+4, मूल्य: 6 रुपये

बरेली, रविवार, 20 जुलाई 2025




**आज का मौसम** 36.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 28 सूर्यास्त 07 :10


भारत धर्मनिरपेक्ष, अल्पसंख्यक यहां सुरक्षित...12


# राज्य विधेयकों की समयसीमा पर 22 को सुप्रीम सुनवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट की पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ 22 जुलाई को राष्ट्रपति के उस संदर्भ पर विचार करेगी जिसमें सवाल उठाया गया है कि क्या राज्य विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों पर राष्ट्रपति के विवेकाधिकार के प्रयोग के लिए न्यायिक आदेशों के माध्यम से कोई समयसीमा निर्धारित की जा सकती है।

सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट के अनुसार सीजेआई बीआर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति अतुल एस चंदुरकर की पीठ इस मामले की सुनवाई करेगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मई में अनुच्छेद 143(1) के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए सुप्रीम कोर्ट से आठ अप्रैल के फैसले को लेकर 14 महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे, जिसमें राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर राज्यपालों और राष्ट्रपति के निर्णय लेने के लिए समयसीमा निर्धारित की गई थी। तमिलनाडु सरकार द्वारा प्रश्नगत विधेयकों से निपटने में राज्यपाल की शक्तियों से संबंधित मामले में पारित 8 अप्रैल के फैसले में पहली बार यह निर्धारित किया गया था कि राष्ट्रपति को राज्यपाल द्वारा विचारार्थ आरक्षित विधेयकों पर ऐसा संदर्भ प्राप्त होने की तिथि से तीन महीने के भीतर निर्णय लेना चाहिए। पांच पृष्ठों के संदर्भ में राष्ट्रपति मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट से 14 प्रश्न पूछे तथा राज्य विधानमंडल द्वारा पारित विधेयकों से निपटने में अनुच्छेद 200 और 201 के तहत राज्यपालों और राष्ट्रपति की शक्तियों पर उसकी राय जाननी चाही। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा था कि मुझे ऐसा प्रतीत होता है कि ये प्रश्न ऐसी प्रकृति और सार्वजनिक महत्व के हैं कि इन पर सुप्रीम कोर्ट की राय प्राप्त करना आवश्यक है।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने सभी राज्यपालों के लिए राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर कार्रवाई करने हेतु एक समय-सीमा निर्धारित की है और यह व्यवस्था दी है कि राज्यपाल को उनके समक्ष प्रस्तुत किसी भी विधेयक के संबंध में संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत कार्यों के प्रयोग में कोई विवेकाधिकार नहीं है और उन्हें मंत्रिपरिषद द्वारा दी गई सलाह का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा। इसमें कहा गया था कि यदि राष्ट्रपति राज्यपाल द्वारा विचारार्थ भेजे गए किसी आरक्षित विधेयक पर अपनी स्वीकृति रोक लेते हैं, तो राज्य सरकारें सीधे सुप्रीम कोर्ट जा सकती हैं। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा था कि राज्यपाल के व्यक्तिगत असंतोष, राजनीतिक जरूरत या किसी अन्य असंगत विचार जैसे आधारों पर किसी विधेयक को आरक्षित करना संविधान द्वारा पूरी तरह से अस्वीकार्य है और केवल इसी आधार पर इसे रद्द किया जा सकता है।

### क्या है अनुच्छेद 143(1)

संविधान का अनुच्छेद 143(1) राष्ट्रपति को यह अधिकार देता है कि यदि किसी समय राष्ट्रपति को यह प्रतीत होता है कि कोई ऐसा विधिक या तथ्यात्मक प्रश्न उत्पन्न हुआ है या उत्पन्न होने की संभावना है, जो अपने स्वरूप में और सार्वजनिक महत्व की दृष्टि से ऐसा है कि उस पर सुप्रीम कोर्ट की राय लेना समीचीन होगा, तो उसे सुप्रीम कोर्ट को संदर्भित कर सकते हैं, और उच्चतम न्यायालय, जैसा उचित समझे, वैसी सुनवाई के बाद, उस पर अपनी राय राष्ट्रपति को दे सकता है।

- सीजेआई गवई, जस्टिस सूर्यकांत विक्रमनाथ, पीएस नरसिम्हा, अतुल एस चंदुरकर करेंगे सुनवाई
- समय सीमा तय करने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर राष्ट्रपति ने न्यायालय से पूछे थे 14 सवाल

## गणेश उत्सव की तैयारी



मुंबई के परेल में गणेश चतुर्थी उत्सव के लिए एक कार्यशाला में भगवान गणेश की मूर्तियाँ बनाने में जुटे कलाकार। महाराष्ट्र में गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। ● एजेंसी


अशोका फोम
SUMMER SALE
UPTO 70%
CURTAIN & SOFA FABRIC
MATTRESS & PILLOW
BED SHEET & BED COVER
TOWEL | WALL PAPER
Readymade Garments
FLAT 50% TO 80%
मिशन अस्पताल के सामने बरेली
मो. +91-9720031000


# धर्मांतरण गिरोह का भंडाफोड़, छह राज्यों में छापेमारी, 10 गिरफ्तार

## यूपी, राजस्थान, बंगाल, महाराष्ट्र, उत्तराखंड व दिल्ली में फैला नेटवर्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आगरा कमिश्नरेट पुलिस ने छह राज्यों में चलाया आपरेशन

**अमृत विचार :** आगरा कमिश्नरेट पुलिस ने धर्मांतरण के एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ कर 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 50 सदस्यीय पुलिस टीम ने छह राज्यों में विशेष आपरेशन 'मिशन अस्मिता' के तहत छापा मारकर आरोपियों को दबोचा। यह गिरोह किशोरियों को 'लव जिहाद' में फंसाकर जबरदस्ती धर्म परिवर्तन कराता था। यह जानकारी यूपी के डीजीपी राजीव कृष्ण ने मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान दी।

डीजीपी राजीव कृष्ण ने बताया कि इस गिरोह के काम करने का तरीका आतंकी संगठन आईएसआईएस से मेल खाता है। जांच में इस गिरोह के तार एसडीपीआई और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से भी जुड़े मिले हैं। अब तक यह गिरोह सैकड़ों लोगों का धर्मांतरण करवा चुका है। जांच में सामने आया कि इनके अलग-अलग मॉड्यूल काम करते थे। एक समूह फंडिंग जुटाता था, दूसरा लोगों को कट्टर बनाता था और तीसरा उन्हें छिपाने की व्यवस्था करता था। गिरफ्तार आरोपियों में एक पीड़िता की तस्वीर भी सामने आई है, जिसमें वह एके-47 राइफल के साथ नजर आ रही है।



डीजीपी राजीव कृष्ण

### आरोपियों की तय थी अलग-अलग भूमिका

एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश के मुताबिक इस गिरोह के खिलाफ 'लव जिहाद' का उपयोग कर विदेशों से फंडिंग हासिल करने के प्रमाण मिले हैं। साथ ही धर्मांतरण व कट्टरता फैलाने के ठोस सबूत भी मिले हैं। आरोपियों की अलग-अलग भूमिका रहती थी। इसमें फंड जुटाने, फंड को कड़ियों के हिसाब से खर्च करना, सेफ हाउस उपलब्ध कराना, विधिक सलाह देना, नए मोबाइल व सिम उपलब्ध कराना, प्रेम जाल में फंसाना, धर्म परिवर्तन के लिए सपने दिखाकर उकसाना, धर्म परिवर्तन के दस्तावेज तैयार करना व कट्टर बनाने का काम बंटा था। गिरोह के खिलाफ सैकड़ों लोगों के धर्मांतरण कराने के साक्ष्य मिले हैं। इसकी जांच की जा रही है।

### चला विशेष आपरेशन

आगरा के पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार के मुताबिक मार्च में दो बहने संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई थीं। जांच के दौरान इस गिरोह के बारे में जानकारी मिली। साइबर सेल की मदद से गिरोह के तार छह राज्यों से जुड़े होने की पुष्टि हुई। 50 पुलिस कर्मियों का विशेष दस्ता बनाकर ऑपरेशन चलाया गया।

### इनकी हुई गिरफ्तारी

गोवा से आयशा उर्फ एसबी कृष्णा, कोलकाता से अली हसन उर्फ शेखर रॉय, ओसामा, आगरा से रहमान कुरैशी, मुजफ्फरनगर से अब्बू तालिब, देहरादून से अबुर रहमान, राजस्थान के जयपुर से मोहम्मद अली-1, जुनैद कुरैशी, मोहम्मद अली-2 और दिल्ली से मुस्तफा को गिरफ्तार किया।

### कई देशों से फंडिंग

इस गिरोह को अमेरिका, कनाडा और दुबई से फंडिंग मिलने के भी सबूत मिले हैं। पुलिस को शक है कि गिरोह का कनेक्शन पीएफआई और एसडीपीआई के साथ पाकिस्तान के आतंकी संगठनों से भी हो सकता है। गिरोह के मास्टरमाइंड को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## एक नजर

### बिक्रम मजीठिया की न्यायिक हिरासत दो अगस्त तक बढ़ी

**चंडीगढ़।** पंजाब के मोहाली जिले की एक अदालत ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में गिरफ्तार शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया की शनिवार को न्यायिक हिरासत दो अगस्त तक बढ़ा दी। मजीठिया को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मोहाली की अदालत में पेश किया गया था। शिअद नेता को इससे पहले छह जुलाई को न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। अदालत में सुनवाई के बाद सरकारी वकील फेरी सोफत ने कहा कि मजीठिया की न्यायिक हिरासत बढ़ाने की अर्जी स्वीकार कर ली गई। 25 जून को

# भारी वाहन से टकराई मिनी बस, छह लोगों की गई जान

## यमुना एक्सप्रेसवे पर शनिवार को तड़के हुआ हादसा, दो गंभीर

- बस चालक को झपकी आने को बताया जा रहा हादसे की वजह
- शवों को वाहन से बाहर निकालने को किया गैस कटर का इस्तेमाल

मथुरा, एजेंसी

यमुना एक्सप्रेसवे पर बलदेव पुलिस थाना अंतर्गत सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि हादसा शनिवार को तड़के तीन बजे उस समय हुआ जब आगरा जा रही एक मिनी बस संभवतः ड्राइवर को झपकी आने से एक भारी वाहन से टकरा गई जिससे घटनास्थल पर ही छह लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एसएसपी ने बताया कि मृतकों में तीन लोग एक ही परिवार के हैं जिनमें धर्मवीर (55), उनका बेटा रोहित (20) और छोटा बेटा आर्यन (16) आगरा के हरलालपुर गांव के निवासी हैं। अन्य मृतकों की शिनाख्त दलवीर उर्फ फुल्ले (26) और उसका भाई पार्थ सिंह (22) निवासी मुरैना (मध्य प्रदेश) एवं दुष्यंत (22) निवासी अमेठी के रूप में की गई है। श्लोक कुमार ने बताया कि इस दुर्घटना में सोनी (55) और पायल (18) गंभीर रूप से घायल हैं। मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं, जबकि गंभीर रूप से घायलों को आगरा में कृष्णा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि शवों को वाहन से बाहर निकालने के लिए गैस कटर का इस्तेमाल करना पड़ा।



दुर्घटना में क्षतिग्रस्त मिनी बस का मलबा। ● एजेंसी

### निजी बस पलटी, 17 यात्री घायल

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यमुना एक्सप्रेसवे पर ही एक अन्य दुर्घटना सुबह करीब चार बजे घटी जिसमें दिल्ली से मध्य प्रदेश जा रही एक निजी बस पलट गई। इस दुर्घटना में घायल 17 लोगों में से आठ को मथुरा के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि नौ अन्य को आगरा में एसएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। सभी घायलों की हालत स्थिर है। उन्होंने कहा कि आशंका है कि ड्राइवर को नींद आने की वजह से यह दुर्घटना घटी।

# दिल्ली-हरिद्वार हाईवे पर अब डाक कांवड़ का जोर



जल लेने हरिद्वार पहुंचे डाक कांवड़िए। ● अमृत विचार

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- ढाई करोड़ से ज्यादा शिवभक्त हरिद्वार से कांवड़ लेकर रवाना
- पश्चिमी उत्तर प्रदेश की पुलिस से सीधे संपर्क में है हरिद्वार पुलिस

**अमृत विचार :** कांवड़ यात्रा मेला अब अंतिम पड़ाव की ओर है। हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर अपने आराध्य का जलाभिषेक करने के लिए शनिवार शाम तक ढाई करोड़ से ज्यादा शिव भक्त हरिद्वार से अपने गंतव्य को प्रस्थान कर चुके हैं।

23 जुलाई को शिवरात्रि है। जिसके तीन दिन पहले डाक कांवड़ियों की संख्या बढ़नी शुरू हो जाती है ऐसे में अब दिल्ली-हरिद्वार हाईवे पर डाक कांवड़ का जोर रहेगा। कांवड़ यात्रा को सुरक्षित संपन्न कराने के लिए हरियाणा, नई दिल्ली, गाजियाबाद, मेरठ और मुजफ्फरनगर जिलों की पुलिस से हरिद्वार पुलिस सीधे संपर्क में है। हर पल की गतिविधि इन राज्यों के साथ हरिद्वार पुलिस साझा कर रही है। हरिद्वार पुलिस द्वारा शनिवार शाम को जारी आंकड़ों के अनुसार, श्रावण कांवड़ मेला में 18 जुलाई की शाम छह बजे से 19 जुलाई की शाम छह बजे तक हरिद्वार से गंगाजल लेकर करीब 48 लाख शिवभक्त गंतव्य को प्रस्थान कर चुके हैं। जबकि 10 जुलाई से शुरू हुए कांवड़ मेले में 19 जुलाई की शाम तक गंगाजल लेकर गंतव्य को प्रस्थान करने वाले कांवड़ियों की संख्या 2 करोड़ 48 लाख 90 हजार है।

### चाक-चौबंद सुरक्षा

कांवड़ मेले को सुरक्षित संपन्न कराने के लिए एसटीएस, एसटीएफ और खुफिया एजेंसियां सतर्क हैं। हरिद्वार से लेकर दिल्ली-एनसीआर तक हाई अलर्ट की स्थिति है। ड्रोन से निगरानी की जा रही है। एसएसपी हरिद्वार प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने बताया कि डाक कांवड़ियों की संख्या बढ़ी है।

# पर्यावरण संरक्षण : ग्राम पंचायतों में महीने के तीसरे शुक्रवार को लगेगी ग्रीन चौपाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पंचायतीराज और वन विभाग के समन्वय से गांव बनेगा हरित गांव
- राज्य स्तर पर सम्मानित होगी उत्कृष्ट कार्य करने वाली चौपाल

**अमृत विचार :** प्रत्येक गांव को हरित गांव के रूप में स्थापित करने की योगी सरकार की कार्ययोजना शनिवार से लागू कर दी गई है। अब अगस्त माह से ग्राम पंचायतों में महीने के तीसरे शुक्रवार को 'ग्रीन चौपाल' लगेगी। इसमें पंचायतीराज और वन विभाग के समन्वय से हर गांव को हरित गांव बनाया जाएगा।

साथ ही, उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायत की ग्रीन चौपाल को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। गांवों में ग्रीन चौपाल के जरिए पर्यावरण संरक्षण होगा, जिसमें आमजन की भागीदारी भी सुनिश्चित होगी। ग्राम हरित निधि की स्थापना व संचालन पर फोकस होगा। पौधरोपण के लिए ग्राम पंचायतवार माइक्रोप्लान की विवेचना व क्रियान्वयन में ग्रीन चौपाल की सक्रिय सहभागिता रहेगी। ग्राम चौपाल शासन व जिला वृक्षारोपण समिति की मंशा के अनुरूप दायित्वों का निर्वहन करेगा। मिशन लाइफ, वन, वन्यजीव, आर्द्र भूमि, पर्यावरण, जैव विविधता संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, पौधरोपण, कार्बन क्रेडिट, वैकल्पिक ऊर्जा आदि के संबंध में संचालित योजनाओं से आमजन को भी जागरूक किया जाएगा। प्रदेश की हरियाली बढ़ाने के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए प्रत्येक माह के तीसरे शुक्रवार को ग्रीन चौपाल की बैठक होगी। इस दिन राजकीय अवकाश होने की स्थिति में अगले दिन अनिवार्य रूप से ग्रीन चौपाल की बैठक होगी। ग्राम प्रधान ग्रीन चौपाल के अध्यक्ष होंगे। ग्राम पंचायत सचिव को संयोजक बनाया गया है।

# डीयू ने जारी की यूजी प्रवेश की मेरिट लिस्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने शनिवार को शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए स्नातक में नामांकन की पहली सीट आवंटन सूची जारी कर दी। विश्वविद्यालय द्वारा शाम 5 बजे प्रकाशित सूची में 69 कॉलेजों द्वारा संचालित 79 स्नातक कार्यक्रमों में 71,624 सीटों के आवंटन शामिल हैं।

उम्मीदवारों को 21 जुलाई को शाम 4:59 बजे तक सीट स्वीकार करनी होगी। कॉलेज 22 जुलाई तक आवेदनों का सत्यापन और अनुमोदन करेंगे और इस चरण के तहत नामांकन शुल्क के भुगतान की अंतिम तिथि 23 जुलाई है। दूसरी सूची 28 जुलाई को जारी की जाएगी। स्नातक प्रथम वर्ष के लिए शैक्षणिक सत्र 1 अगस्त से शुरू होने वाला है।

# ग्रेटर नोएडा में मेडिकल छात्रा ने की आत्महत्या

नोएडा, एजेंसी



- डीन समेत सात पर मामला दर्ज दो प्रोफेसर हिरासत में

ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र स्थित एक विश्वविद्यालय के छात्रावास में एक मेडिकल छात्रा ने शुक्रवार रात आत्महत्या कर ली। उसे प्रताड़ित करने के आरोप में डीन समेत सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर दो प्रोफेसर को हिरासत में लिया गया है।

अपर पुलिस उपायुक्त सुधीर कुमार ने बताया कि नालेज पार्क थाना क्षेत्र में स्थित शारदा विश्वविद्यालय में बीडीएस द्वितीय वर्ष की छात्रा ज्योति शर्मा ने छात्रावास के अपने कमरे में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। कुमार ने बताया कि गुरुग्राम निवासी ज्योति के पिता रमेश जांगड़ा ने विश्वविद्यालय के डीन डॉक्टर एम सिद्धार्थ और प्रोफेसर सैरी मैडम, महेंद्र, अनुराग अवस्थी एवं सुरभि के अलावा एक अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। रमेश का आरोप है कि इन लोगों के उत्पीड़न, दुर्व्यवहार एवं धमकाए जाने के कारण उनकी बेटी ने आत्महत्या की।

# चार गैर हिंदू कर्मियों को किया निलंबित

- तिरुपति मंदिर प्रबंधन ने की कार्रवाई

**तिरुपति।** श्री वेंकटेश्वर मंदिर के आधिकारिक संरक्षक तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने गैर हिंदू होने और अन्य धर्मों का पालन करने के आरोप में अपने चार कर्मचारियों को निलंबित कर दिया। मंदिर समिति ने उप कार्यकारी अभियंता (गुणवत्ता नियंत्रण) बी. एलिजर, बीआईआरआरडी अस्पताल की नर्स एस. रोजी, बीआईआरआरडी अस्पताल की ग्रेड-1 फार्मासिस्ट एम. प्रेमवती और एस.वी. आयुर्वेद फार्मेसी की कर्मी जी. असुंथा को निलंबित कर दिया।

# यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को क्षतिपूर्ति लेने का अधिकार नहीं

## हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा, सिर्फ एनजीटी को है ऐसी क्षतिपूर्ति अधिरोपित करने की शक्ति

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट किया है कि राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को पर्यावरण क्षतिपूर्ति अधिरोपित करने का कोई अधिकार नहीं है। न्यायालय ने कहा कि ऐसी क्षतिपूर्ति अधिरोपित करने की शक्ति सिर्फ नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) को है।

यह निर्णय न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने 177 याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए पारित किया। उक्त याचिकाएं अलग-अलग औद्योगिक इकाइयों की ओर से दाखिल की गई थीं। याचिकाओं में पर्यावरण को हानि पहुंचाने के आरोप में उक्त औद्योगिक इकाइयों पर राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा लगाई गई क्षतिपूर्ति के आदेश को चुनौती दी गई थी। न्यायालय ने अपने विस्तृत फैसले में कहा कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल अधिनियम के तहत सिर्फ ट्रिब्यूनल को ही पर्यावरण क्षतिपूर्ति अधिरोपित करने की शक्ति है।

न्यायालय ने कहा कि हमें आशा और विश्वास है कि प्रदूषण नियंत्रण से संबंधित कानूनों को सुव्यवस्थित और प्रभावी बनाया जाएगा तथा यदि विधायी या कार्यपालिका स्तर पर कोई त्रुटियां हैं, तो उन्हें दूर किया जाएगा।




### जल प्रदूषण पर कानून बना सकती है राज्य सरकार

न्यायालय ने यह भी कहा कि जल प्रदूषण के संबंध में राज्य सरकार भी कानून बना सकती है लेकिन प्रदेश में ऐसा कोई विधान लागू नहीं किया गया है, जबकि असम, बिहार, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू व कश्मीर, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, राजस्थान त्रिपुरा व पश्चिम बंगाल राज्यों में जल प्रदूषण को लेकर कानून बने हुए हैं।



उच्च न्यायालय का यह फैसला स्वागत योग्य है। विभागीय अधिकारियों की मनमानी के खिलाफ यह उद्यमियों के साथ न्याय हुआ है। कई अधिकारी कानून की किताब अपने हिसाब से पढ़ते व क्रियान्वयन करते हैं।
**-दिनेश गोयल**, राष्ट्रीय अध्यक्ष आईआईए।

# गोशाला में छह गायों की मौत मामले में लापरवाही पर निलंबन की चेतावनी

## जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण, अव्यवस्थाएं देख जिम्मेदारों को लगाई फटकार

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार:** क्षेत्र की ग्राम पंचायत महोलिया वीरान के मजरा सिमरा वीरान स्थित अस्थाई गोशाला में 16 और 17 जुलाई को हुई छह गायों की मौत और दो के गंभीर रूप से बीमार होने का मामला तूल पकड़ गया है। बीमार गायों की आंखें कौओं द्वारा फोड़ दिए जाने की घटना ने अफसरों को झकझोर दिया। सूचना मिलते ही हिंदू युवा संगठन के अध्यक्ष अवनीश मिश्र ने मामला जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह तक पहुंचाया और खबरें अखबारों की सुर्खियां बनीं। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन और पशुपालन विभाग हरकत में आया और अफसरों के दौरे शुरू हो गए।

शुक्रवार को मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी व खंड विकास अधिकारी ने गोशाला पहुंचकर व्यवस्थाओं की जांच की, तो शनिवार को खुद जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने अचानक छापा मारा। निरीक्षण के दौरान डीएम ने लापरवाही पाए जाने पर पशु चिकित्सक डॉ. राजेंद्र प्रसाद को जमकर फटकार लगाई और साफ निर्देश दिए कि बीमार गायों का नियमित उपचार और बेहतर देखभाल सुनिश्चित की जाए। वरना, कार्रवाई के लिए तैयार रहें। निरीक्षण में गोशाला में लगी सीसीटीवी व्यवस्था से छेड़छाड़ और पैरावेट को हटाए जाने पर भी डीएम ने नाराजगी जताई और तुरंत सुधार के निर्देश दिए। गोवंश की टैगिंग अधूरी मिलने पर शेष गोवंश की टैगिंग पूरी कराने, साथ ही उपस्थिति रजिस्टर बनाने का आदेश भी दिया।


सिमरा वीरान के गौशाला का निरीक्षण करते जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप । ● अमृत विचार

- डीएम ने पशु चिकित्सक डॉ. राजेंद्र प्रसाद को व्यवस्था में सुधार करने के दिए निर्देश

### पोस्टमार्टम कराए बिना दफनाए गए शव, डीएम नाराज

निरीक्षण के दौरान मृत गायों के शवों का पोस्टमार्टम न कराने की बात सामने आने पर डीएम भड़क उठे। जब पशु चिकित्सक ने मौत के आंकड़ों को छिपाने की कोशिश की तो डीएम ने जमकर फटकार लगाई और स्पष्ट निर्देश दिया कि भविष्य में बिना पोस्टमार्टम के किसी भी गाय का शव दफन न किया जाए। गौरतलब है कि सिमरा वीरान गौशाला में इलाज के अभाव और जिम्मेदार अफसरों की लापरवाही से लगातार गायों की मौत हो रही है, जिसे लेकर पशु चिकित्सा विभाग सवालों के घेरे में है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम चित्रा निर्वाल, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी राजेंद्र प्रताप सिंह, खंड विकास अधिकारी डॉ. आशीष सिंह, ग्राम प्रधान गुरमेज सिंह और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## पांच सौ किसानों ने लिया प्राकृतिक खेती का संकल्प

**पुवायां , अमृत विचार:** कान्वेंट स्कूल में शनिवार को आयोजित प्राकृतिक कृषि कार्यशाला में डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह व राष्ट्रीय संगठन मंत्री बृजेन्द्र पाल सिंह ने क्षेत्र के बड़े गोपालकों को सम्मानित किया। कार्यशाला में 500 किसानों को रसायनमुक्त खेती अपनाने और गाय-आधारित खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यशाला में लोकभारती के सह संयोजक मगन बिहारी व अनिरुद्ध यादव ने किसानों को बीजामृत, जीवामृत बनाने की विधि बताई। डीएम ने कहा, अगले चरण में पुवायां की 70 ग्राम पंचायतों को प्राकृतिक खेती के मॉडल के रूप में तैयार किया जाएगा। इसके लिए देशी गोपालकों की अहम भूमिका रहेगी। डीएम ने यह भी बताया कि सिमरा वीरान गौशाला को गो-अभ्यारण्य बनाने का प्रस्ताव लोकभारती ने दिया था, जिस पर प्रशासन जल्द कार्य करेगा। इस मौके पर भैंसी नदी के पुनर्जीवन कार्य में जुटे लोकभारती के कर्मयोगियों व बड़े गोपालकों को सम्मानित किया गया। स्कूल संचालक संजीव मेहरोत्रा, जेवां के सगीर, अगौना के सोबरन, जेवां के अवनीश को सम्मानित किया गया। इस दौरान विधायक बरखेड़ा स्वामी प्रवक्तानंद, योगी हनुमंतनाथ आदि मौजूद रहे।

## चकबंदी में किसानों की उपजाऊ जमीन उड़ान चक में धकेली

**कलान, अमृत विचार:** तहसील कलान की ग्राम पंचायत छिदकुरी में चकबंदी प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का आरोप लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि चकबंदी लेखपाल और अधिकारी गलत तरीके से चक आवंटन कर रहे हैं।

ग्राम प्रधान धर्मवीर सिंह के अनुसार किसानों की उपजाऊ भूमि गंगा के पास स्थानांतरित कर दी गई हैं। आरोप है कि कई किसानों को एक ही सेक्टर में पांच से सात चक दिए गए, जबकि नियम एक किसान को एक ही चक देने का है। वर्ष 2016 से चल रही इस प्रक्रिया में पुराने अभिलेखों को गायब कर दिया गया है।

रिश्वतखोरी का मामला भी उजागर हुआ है। इस संबंध में एक लेखपाल बारू सिंह का रिश्वत लेने का वीडियो वायरल होने के बाद अधिकारियों को निलंबित करना पड़ा था। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी और चकबंदी आयुक्त से दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। इन दिनों चकबंदी लेखपाल और किसान की रिश्वत संबंधी बातचीत का एक ऑडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में दस हजार रुपये की रकम का जिक्र है।

# विधायक चेतराम ने सुनीं जनता की समस्याएं


विधायक चेतराम को ज्ञापन सौंपती महिलाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, पुवायां

- चौढ़ेरा स्थित कैम्प कार्यालय में सैकड़ों ग्रामीण पहुंचे
- समस्याओं के समाधान का मिला आश्वासन

**अमृत विचार:** भाजपा विधायक चेतराम ने शनिवार को चौढ़ेरा स्थित अपने कैम्प कार्यालय पर जनता की समस्याएं सुनीं। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए सैकड़ों ग्रामीणों ने अपनी शिकायतें रखीं। विधायक ने तत्काल संबंधित विभागों के अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर निस्तारण के निर्देश दिए।

विकास खंड बंडा के ग्राम नरेंद्रपुर से आए प्रधान सरदार परमजीत सिंह व ग्रामीणों ने प्राथमिक विद्यालय को बंद किए जाने का विरोध जताते हुए समस्या रखी। विधायक ने इस मामले में शिक्षा विभाग से बात कर शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। क्षेत्र में बिजली आपूर्ति से संबंधित समस्याओं को देखते हुए विधायक ने विभागीय अधिकारियों से तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। इसके अलावा, इलाज से संबंधित एक पत्र पर उन्होंने लाभार्थी को जल्द से जल्द सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का भरोसा दिया। इस मौके पर धर्मवीर शर्मा, विमल कुमार, फतेहचंद्र वर्मा, रामभजन वर्मा, रामप्रकाश मिश्र, पुनीत शर्मा, प्रकाश चंद्र वर्मा, नेतराम वर्मा, मोरकली, लज्जावती, अयोध्या देवी, ओमेन्द्र चौधरी समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।







## सुधीर व आकांक्षा बने मिस्टर एवं मिस फेयरवेल

**शाहजहांपुर ,अमृत विचार :** स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज के भौतिक विज्ञान विभाग में एमएससी चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। विभागाध्यक्ष शिशिर शुक्ला ने कहा कि इस कार्यक्रम में प्रसन्नता एवं दु :ख दोनो तरह के संवेगों का समावेश है। उन्होंने कहा कि स्नातकोत्तर के उपरांत विद्यार्थी उस स्तर पर पहुंच जाते हैं जहां उनको विभिन्न परिस्थितियों का सामना स्वविवेक से करना पड़ता है। विभाग शिक्षक सत्येंद्र कुमार सिंह ने कहा कि सीखने की प्रक्रिया जीवनपर्यंत चलती रहती है। विभाग शिक्षकों राजनंदन सिंह राजपूत एवं हर्ष पाराशरी ने कहा कि भौतिकी के क्षेत्र में उनकी किसी भी तरह की सहायता हेतु पूरा विभाग सदैव तत्पर रहेगा। कार्यक्रम में जूनियर एवं सीनियर विद्यार्थियों के द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियां दी गईं जिनके आधार पर सुधीर कुशवाहा को मिस्टर फेयरवेल एवं आकांक्षा मिश्रा को मिस फेयरवेल घोषित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सौम्या सिंह ने किया। कार्यक्रम में प्रशांत शर्मा, देवेंद्र कुमार, रजनीश दीक्षित, मोनिका वर्मा, पूर्णिमा शर्मा, ऋचा शुक्ला, अपूर्वी शर्मा, वैष्णवी रस्तोगी आदि का सहयोग रहा।

## रामगंगा व गर्रा नदी का जलस्तर बढ़ा

**शाहजहांपुर,अमृत विचार:** जिले की नदियों का जलस्तर बढ़ने व घटने का सिलसिला जारी है। बाढ़ को देखते हुए कलान, मिर्जापुर व जलालाबाद में रामगंगा नदी के तटीय क्षेत्रों में प्रशासन की ओर से बाढ़ से निपटने के लिए इंतजाम किए जा रहे हैं।

शनिवार को गंगा नदी कछला घाट का जलस्तर प्लस 0.40 बढ़ा हुआ है, गंगा नदी भैंसार ढ़ाईघाट तटबंध का जलस्तर स्थिर रहा। रामगंगा नदी चौबारी घाट जलस्तर माइनस 0.70 घटा है, रामगंगा नदी डबरी घाट माइनस 0.19 मीटर घटा है, जबकि गर्रा नदी अजीजगंज का जलस्तर माइनस 0.15 घटा हुआ और खन्नौत नदी लोदीपुर जलस्तर माइनस 0.10 मीटर घटा हुआ दर्ज किया गया है। वही नरौरा बैराज से गंगा नदी में 35320 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है।

# शराबियों की सिपाही से नोकझोंक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- सड़क किनारे बेंच पर बैठकर शराब पीने से मना करने पर हुआ विवाद
- पार्षद और भाजपा नेताओं ने की सदर बाजार इंस्पेक्टर से शिकायत

**अमृत विचार:** मोहल्ला सुभाष नगर में स्मार्ट रोड पर शराब की दुकान के निकट सिपाही की शराबियों से नोकझोंक हुई। सिपाही ने शराबियों से कहा कि बेंच टहलने वालों के लिए बैठने के लिए बनी है। इसी बात पर नोकझोंक हो गई। रात के समय शराबियों में आए दिन मारपीट होती है। इस संबंध में नगर निगम के पार्षद और भाजपा नेताओं ने सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक से शिकायती की है।

नगर निगम ने सुभाषनगर में स्मार्ट रोड पर पुलिया के आगे सड़क के दोनों तरफ बेंच डलवाई हैं, जिससे सुबह और शाम टहलने वाले लोग बेंच पर बैठकर आराम कर सकें। इधर स्मार्ट रोड पर डाट वाले पुल से पहले शराब की दुकान खुल गई है। कार और बाइक से लोग शराब की दुकान पर आते हैं। शराब खरीदने के बाद सड़क किनारे पड़ी बेंच पर बैठकर पीते है। शाम को महिलाओं का निकलना मुश्किल हो जाता है।

शुक्रवार की रात एक सिपाही और एक होमगार्ड स्मार्ट रोड पर शराब की दुकान के पहले पहुंचे। उन्होंने बेंच पर बैठकर शराब पी रहे लोगों से मना किया। शराबियों की सिपाही और होमगार्ड से नोकझोंक हो गई। शराबियों ने सिपाही से कहा कि थाना से ट्रांसफर करा दूंगा। लोगों ने बीच-बचाव कराके शांत करा दिया। भाजपा के सदर मंडल अध्यक्ष संजीव सक्सेना, महामंत्री रमेश यादव और पार्षद नरेश मौर्य सदर बाजार इंस्पेक्टर से मिले। उन्होंने बताया कि देर रात तक शराब की दुकान खुली रहती है और शराबियों में आए दिन झगड़ा होता है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह ने कहा कि शराबियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### स्टेशन रोड पर रहता है जाम

स्टेशन रोड पर पुलिस चौकी अशफाकनगर से दो सौ गज की दूरी पर शराब की दुकान के पड़ोस में अंडे, चाट पकौड़ी आदि के ठेले सड़क पर लगते है। शराबी सड़क पर बाइक और कार खड़ी करके ठेले पर खुले आम शराब पीते है। शराबियों का आपस में आए दिन नोकझोंक होती है। सेल्समैन द्वारा ओवर रेट पर शराब देने पर आए दिन नोकझोंक होती है। सड़क पर शराबियों के वाहन खड़े होने पर जाम लग जाता है। यही हाल थाना सदर बाजार से कुछ दूरी पर मैजिस्टिक रोड का है। अधिकारी निकलते है और ध्यान नहीं देते है।




# गबन: डाकघर के दो कर्मियों पर होगी रिपोर्ट

संवाददाता, अल्हागंज

- अल्हागंज डाकघर में गबन का मामला, डाक अधीक्षक ने की संस्तुति
- 200 खातों की हुई जांच, कई खातों की जमा-निकासी का रिकॉर्ड गायब

**अमृत विचार:** डाकघर में कथित करोड़ों रुपये के गबन प्रकरण ने डाक विभाग को सख्त कदम उठाने पर मजबूर कर दिया है। विभागीय जांच के पहले चरण में पोस्टमैन सूरज शुक्ला को निलंबित कर दिया गया है, जबकि दूसरे चरण में उप डाकपाल नवीन आर्य को जिला मुख्यालय से संबद्ध कर कार्रवाई का संकेत दिया गया है। डाक अधीक्षक ने स्पष्ट कर दिया है कि दोषी पाए गए किसी भी कर्मचारी को बख्शा नहीं जाएगा।

करीब एक सप्ताह से विभाग की तीन सदस्यीय जांच टीम लगभग 200 खातों की छानबीन कर रही थी। जांच के दौरान जमा-निकासी विवरण में गड़बड़ी, पासबुकों में फर्जी प्रविष्टियां और खातों में मेल न खाने वाले आंकड़े सामने आए हैं। बीपीएम पाती राम के अनुसार खातेदारों से जमा कराए गए लगभग ढाई लाख रुपये का रिकॉर्ड सिस्टम में उपलब्ध नहीं है। गड़बड़ी उजागर होने के बाद डाकघर के दर्जनों खातेदार आक्रोशित हैं। उनका कहना है कि उन्होंने भविष्य की जरूरतों बचत, बेटियों की शादी, उपचार आदि के लिए डाकघर की योजनाओं में धन लगाया था। अब रकम का हिसाब न मिलने पर वे अदालत की शरण लेने तक को तैयार हैं। कई खातेदारों ने जिलाधिकारी से लेकर मुख्यमंत्री तक शिकायतें भेजकर राशि लौटाने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। जांच टीम ने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट डाक अधीक्षक को सौंप दी है। रिपोर्ट के आधार पर पोस्टमैन सूरज शुक्ला और एक उप डाकपाल नवीन आर्य को जिम्मेदार मानते हुए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराने की संस्तुति की गई है।

थाना प्रभारी ओम प्रकाश ने पुष्टि की कि गबन के आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। पुलिस मामला दर्ज होने के बाद वित्तीय लेनदेन, खातों की ऑडिट ट्रेल और संभावित सांठगांठ की जांच करेगी। डाक विभाग ने खातेदारों से अपील की है कि वे अपनी मूल पासबुक, जमा रसीदें और पहचान दस्तावेज लेकर सत्यापन शिविर में पहुंचें। जिससे वास्तविक देनदारियों का आकलन किया जा सके। विभागीय सूत्रों का कहना है कि जिन खातों में डिजिटल रिकार्ड और पासबुक एंट्री में अंतर मिलेगा, उन्हें प्राथमिकता से पुनर्मिलान सूची में लिया जाएगा।

## डाक कांवड़ यात्रियों का भव्य स्वागत

**तिलहर, अमृत विचार:** हरिद्वार से गंगाजल भरकर छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ जा रहे डाक कांवड़ यात्रियों का शनिवार शाम भव्य स्वागत किया गया। हाईवे स्थित अग्रवाल ढाबे पर कांवड़ियों का फूल-मालाओं से स्वागत कर जलपान कराया गया। जत्थे में सौ से अधिक श्रद्धालु शामिल थे। फतेहगंज पूर्वी निवासी महंत प्रेमपाल मिश्रा को विशेष बग्गी पर बैठाकर भोले भक्त जयकारों के साथ मुख्य बाजार, अस्पताल रोड होते हुए श्री वंशीवाले मंदिर पहुंचे। यहां भी पुष्प वर्षा कर कांवड़ियों का स्वागत किया गया। पूरी यात्रा के दौरान पुलिस बल सुरक्षा व्यवस्था और यातायात संचालन में तैनात रहा। स्वागत करने वालों में आशीष अग्रवाल पप्पी, विनीत अग्रवाल, चुन्नू अग्रवाल, अरविंद शर्मा, मनोज गुप्ता, आकाश गुप्ता समेत बड़ी संख्या में पुरुष और महिलाएं मौजूद रहीं।

# कांवड़ यात्रा में दिखी शिवभक्तों की आस्था

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** फर्रुखाबाद से शाहजहांपुर हाईवे होते हुए गोला गोकर्णनाथ जा रहे कांवड़ियों की आस्था और उत्साह शनिवार को चरम पर दिखाई दिया। सुबह से लेकर देर रात तक कांवड़ियों के जत्थे भजनों की धुन पर झूमते और भोलेनाथ के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे। तेज धूप और उमस भरी गर्मी भी शिवभक्तों की श्रद्धा को डिगा नहीं सकी। इस बार कांवड़ यात्रा में बाइक सवार कांवड़ियों की संख्या भी खासा ज्यादा रही। कई जत्थों ने ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर साउंड सिस्टम लगाकर यात्रा को और भी रंगीन बना दिया।


गोला रोड पर जाते कांवड़िया। ● अमृत विचार

पुलिस ने कांवड़ियों की जानकारी दर्ज की। यात्रा की सुरक्षा और सुचारू व्यवस्था के लिए प्रशासन ने इस साल विशेष प्रबंध किए हैं। याकूबपुर तिराहे पर बने पुलिस सहायता केंद्र पर कांवड़ लेकर जा रहे हर जत्थे का नाम, संख्या, मोबाइल नंबर और गंतव्य स्थान दर्ज किया जा रहा था। रजिस्टर में एंट्री करने के बाद ही कांवड़ियों को आगे बढ़ने की अनुमति दी जा रही थी। रूट डाइवर्जन के तहत शाहजहांपुर रोड पर भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित कर दिया गया। हालांकि, सरकारी बसों को इससे मुक्त रखा गया, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना न करना पड़े। कांवड़ियों के लिए फर्रुखाबाद हाईवे पर कांवड़िया मंगल दल और हीरो शोरूम के पास प्रशांत गुप्ता की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया। यहां कांवड़ियों और उनके साथ आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर अपनी थकान मिटाई। रूट डाइवर्जन को लेकर याकूबपुर तिराहे पर दो स्थानों और बारहपत्थर चौराहे पर एक स्थान पर बैरियर लगाकर पुलिस बल तैनात किया गया। यातायात व्यवस्था को नियंत्रित रखने के साथ-साथ सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। याकूबपुर तिराहा कांवड़ियों का प्रमुख पड़ाव होने के कारण यहां सुबह से रात तक मेले जैसा दृश्य दिखाई दिया।

## एक नजर

### गांव में गंदगी देख भड़की किसान यूनियन सेविका

शाहजहांपुर : अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट से जुड़ी सेविका मालती देवी ने गांव खंडहर क्षेत्र में व्यापक गंदगी और नालियों की जाम हालत का मुद्दा उठाते हुए दो नामित सफाई कर्मचारियों पर ड्यूटी से बचने, अभद्र व्यवहार करने तथा धमकाने के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने यह शिकायत जिलाधिकारी को भेजी है। मालती देवी ने बताया कि उन्हें भ्रमण के दौरान गलियों व नालियों में कचरा जमा मिला।

### किशोरी को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

कलान, अमृत विचार : पुलिस ने किशोरी को भगाने के आरोपी साजिक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। 9 जुलाई को किशोरी के पिता ने शिकायत दर्ज कराई थी। आरोपी को 19 जुलाई की सुबह गुंदौरा मोड़ से पकड़ा गया। उसके खिलाफ कार्रवाई की गई।

### उत्पीड़न करने का आरोप

शाहजहांपुर, अमृत विचार : सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला हद्दफ निवासी अरसलान खां ने थाना में दी तहरीर में बताया कि उसके पड़ोस में मुराद खान व मसूद खान के खिलाफ गंभीर आरोप है। पीड़ित ने बताया कि आरोपी सोशल मीडिया के माध्यम से उनके और उनके परिवार की छवि को खराब करने का प्रयास कर रहे है। पीड़ित ने मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके कार्रवाई की जाए।

# आंबेडकर की प्रतिमा तोड़ने से तनाव, पीएसी तैनात

## आरोपी गिरफ्तार, गांव में पहुंचे बसपा पदाधिकारी, स्थानीय लोगों ने की नई प्रतिमा लगाने की मांग

संवाददाता, निगोही

अमृत विचार: निगोही थाना क्षेत्र के परसौना खलीलपुर गांव में शुक्रवार देर शाम डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त किए जाने से माहौल तनावपूर्ण हो गया। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया है। ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़कर उसकी पिटाई की और पुलिस के हवाले कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए रातभर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी गांव में डटे रहे।

सूचना पर निगोही और खुदागंज पुलिस के साथ एसडीएम व सीओ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को शांत कराया। शनिवार सुबह तहसीलदार भी गांव पहुंचे और पीड़ित दलित समाज के लोगों से बातचीत कर स्थिति का जायजा लिया। घटना के बाद आंबेडकर पार्क में ग्रामीणों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। तनाव की स्थिति को देखते हुए गांव में पीएसी की एक टुकड़ी तैनात कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हालात अब नियंत्रण में हैं, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गांव में लगातार पुलिस गश्त कर रही है।

सीओ सदर प्रयांक जैन ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। दलित समाज के लोगों ने घटना पर कड़ी नाराजगी जताई और साफ कहा कि बाबा साहेब की प्रतिमा का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने मांग की कि गांव के आंबेडकर पार्क में नई प्रतिमा लगाई जाए और पार्क का सौंदर्यीकरण किया जाए। ग्रामीणों ने प्रशासन से पार्क में सीसीटीवी कैमरे और लाइट लगाने की भी मांग की। घटना की जानकारी मिलते ही बसपा पदाधिकारी भी शनिवार सुबह गांव पहुंचे। उन्होंने पीड़ित दलित समाज से मुलाकात की और प्रशासन से दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। बसपा नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो वे धरने पर बैठेंगे।


घटना के बाद शनिवार सुबह गांव में एकत्र लोग। ● अमृत विचार


गांव में मौजूद पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार


गांव में पहुंचे बसपा पदाधिकारी ग्रामीणों से बात करते हुए। ● अमृत विचार

### जीजा के घर आया था आरोपी

गांव के राहुल पुत्र प्रतिपाल का साला शिवम सिंह चौहान निवासी ग्राम बसखेडा बुजुर्ग, थाना पुवायां शुक्रवार शाम करीब 8 बजे परसौना गांव में मेहमान बनकर आया था। इसी दौरान उसने आंबेडकर प्रतिमा का हाथ तोड़ दिया। जब ग्रामीणों ने विरोध जताया तो आरोपी ने जातिसूचक गालियां दीं। गुस्साए ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को 112 नंबर पर सूचना दी।

> रामचंद पुत्र नत्थूराम, निवासी परसौना खलीलपुर ने थाना निगोही में आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया।
> –प्रयांक जैन, सीओ सदर




## चोरी की रिपोर्ट दर्ज नहीं कर रही पुलिस

शाहजहांपुर, अमृत विचार: तिलहर थाना क्षेत्र के गांव खिरियामाल निवासी जगवीर सिंह ने एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि 28 अप्रैल को तिलहर में बैंक में रुपये निकालने के लिए बाइक से गए थे। उसने खाते से 50 हजार रुपये निकाले और एक बैग में रख लिए। वह अपने पौत्र को साइकिल खरीदने के लिए बाजार में गए। साइकिल स्टोर के निकट सड़क की खुदाई हो रही थी तो उन्होंने बाइक सड़क के किनारे खड़ी कर दी और साइकिल देखने चले गये। इसी बीच बाइक की डिग्गी से अज्ञात व्यक्ति ने बैग चुरा लिया। बैग में 50 हजार रुपये, बैंक की पासबुक, चेकबुक, डीएल, पैन कार्ड, आधार कार्ड, एक चांदी का सिक्का था। दुकान में लगे सीसीटीवी में चोर डिग्गी खोलता दिखायी दे रहा है। पीड़ित का आरोप है कि पुलिस रिपोर्ट दर्ज नहीं कर रही है।

# जलालाबाद का नाम परशुरामपुरी करने पर केंद्रीय मंत्री का जताया आभार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- ब्राह्मण समाज ने किया जितिन प्रसाद का भव्य स्वागत
- भगवान परशुराम के जयकारों से गूंज उठा प्रसाद भवन

अमृत विचार: जलालाबाद का नाम बदलकर परशुरामपुरी किए जाने पर ब्राह्मण समाज ने केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद का आभार व्यक्त किया। शनिवार को प्रसाद भवन में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों ने केंद्रीय मंत्री को फूल मालाओं से केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया और मिठाइयां बांटकर खुशी जाहिर की। इस दौरान प्रसाद भवन भगवान परशुराम के जयकारों से गूंज उठा।

ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि यह नाम परिवर्तन भगवान परशुराम की जन्मस्थली के ऐतिहासिक महत्व को सम्मान देने के लिए किया गया है। ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विजय पाठक ने कहा कि केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के प्रयासों से परशुराम वंशजों का सपना साकार हुआ है। ब्राह्मण समाज आपके इस कार्य के लिए सदैव आभारी रहेगा और भविष्य में परशुरामपुरी के सर्वांगीण विकास के लिए कंधे से कंधा मिलाकर साथ खड़ा रहेगा। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के संरक्षक केशव मिश्रा सहित केके शुक्ला, डॉ. सत्य प्रकाश मिश्रा, अवधेश कुमार दीक्षित, हरिशरण बाजपेयी, श्रीदत्त शुक्ला, विनोद अवस्थी, विनय शर्मा, बृजेश त्रिपाठी, अनिल मिश्रा, विनीत मिश्रा, आलोक मिश्रा, ज्ञानेंद्र अग्निहोत्री, मनुज दीक्षित, संजय मिश्रा, विश्वदीप अवस्थी, सुशील दीक्षित, अशोक मिश्रा, महेश मिश्रा, कौशल मिश्रा, आलोक शुक्ला, दिनेश दीक्षित, रामेन्द्र मिश्रा, आलोक द्विवेदी समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री ने भी ब्राह्मण समाज का आभार जताते हुए कहा कि परशुरामपुरी के विकास के लिए विशेष योजनाओं पर कार्य चल रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि धार्मिक पर्यटन और सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा देने के लिए केंद्र और राज्य सरकार मिलकर काम करेंगी।


केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद को फरसा भेंट कर स्वागत करते ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी।

# खेत देखने गए किशोर की नदी में डूबकर मौत

संवाददाता, रौसर कोठी/शाहजहांपुर

अमृत विचार: थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के दनियापुर गांव में शनिवार को एक हृदयविदारक हादसा हो गया। खेत देखने गए 15 वर्षीय किशोर की खन्नौत नदी में डूबने से मौत हो गई। हादसे के समय किशोर का पिता भी मौके पर था, जिसने बेटे को डूबते हुए अपनी आंखों से देखा, लेकिन बचाने की कोशिश असफल रही।

दनियापुर लालबाग गांव निवासी सचिन (15) शनिवार दोपहर अपने पिता रामनरेश के साथ खेतों का हाल देखने गया था। खेतों के पास खन्नौत नदी में सचिन पानी में उतर गया। सचिन फिसलकर गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। पिता रामनरेश ने उसे बचाने के लिए शोर मचाया और खुद कोशिश की, लेकिन तब तक सचिन की सांसें थम गईं। थाना रामचंद्र मिशन पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और राहत व बचाव कार्य शुरू कराया। पुलिस की मौजूदगी में स्थानीय गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत के बाद सचिन का शव बरामद किया। सचिन की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। उसकी मां उषा देवी, बड़ा भाई सुधीर, छोटा भाई अक्षय और बहन काजल का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की खबर फैलते ही आसपास के गांवों से लोग मौके पर पहुंच गए और परिवार को ढांढस बंधाने का प्रयास करने लगे।


मौके पर जांच करते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

# स्टेशन पर खामियां दूर करने में जुटे अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- अमृत भारत योजना के निर्माण कार्य को देखेंगे अधिकारी और जनप्रतिनिधि
- स्थानीय सांसद मुरादाबाद मंडल के डीआरएम के साथ आज करेंगे निरीक्षण

अमृत विचार: स्थानीय सांसद मुरादाबाद मंडल के रेल अधिकारियों के साथ रविवार को रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करेंगे। इस दौरान अमृत भारत योजना तहत के हो रहे कार्य को देखेंगे और यात्रियों को क्या और बेहतर सुविधा मिलना चाहिए। इधर रेल अधिकारी स्टेशन परिसर में खामियों को दूर करने में जुटे है और अधिकारियों का प्रयास है कि निरीक्षण में कोई खामियां न मिले।

स्थानीय ए ग्रेड रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत योजना के तहत 25 अगस्त 2022 में कार्य शुरू हुआ था। इस योजना के तहत प्लेटफार्म पर स्वचालित सीढ़ियां, लिफ्ट, एक और फुट ओवर ब्रिज और प्लेटफार्म को ऊंचा करने का कार्य होना है। प्लेटफार्म दो और तीन को ऊंचा कर दिया गया है। स्वचालित सीढ़ियों और फुट ओवरब्रिज के लिए मालगोदाम रोड पर द्वितीय प्रवेश द्वार परिसर और प्लेटफार्म एक से पांच तक गड्ढे खोदकर पिलर बनाए जा रहे है। आरपीएफ थाना के निकट सरकारी आवास को गिरा दिया गया है। प्लेटफार्म दो और तीन पर स्टील की नई बेंच डाल दी गयी है। प्लेटफार्म दो और तीन पर एक टीन शेड को हटाने के बाद दोबारा नहीं लगायी गयी है। रविवार को डीआरएम के साथ सांसद के निरीक्षण को लेकर लेकर रेल अधिकारी स्टेशन परिसर में काम में जुटे हुए है।


प्लेटफॉर्म पर अनाउंस सिस्टम लगाता कर्मचारी। ● अमृत विचार

### इन सुविधाओं की है जरूरत

- प्लेटफार्म एक, दो व तीन पर शौचालय की व्यवस्था नहीं है।
- प्लेटफार्म चार व पांच टीन शेड नहीं है, अन्य प्लेटफार्म पर्याप्त मात्रा टीन शेड नहीं।
- प्लेटफार्म दो और तीन तथा चार व पांच पर इलेक्ट्रानिक्स संकेत बोर्ड नहीं और न ही घड़ी लगी है।
- सर्कुलेटिंग एरिया में बारिश का पानी भर जाता है। यात्री बारिश के पानी से निकलते है।
- प्लेटफार्म पर पर्याप्त मात्रा में शीतल पेयजल बूथ नहीं है।
- प्लेटफार्म पर मेडिकल स्टोर नहीं है, दवा की जरूरत पर यात्री भटकते है।
- प्लेटफार्म पर पंखे कही और लगे और बेंच कहीं और पड़ी है, गर्मी में दिक्कत होती है।
- मालगोदाम रोड पर टिकट घर के बाहर रहता है अंधेरा।
- प्लेटफार्म पर कोच डिस्प्ले सिस्टम बंद पड़ा है, यात्री होते है परेशान।

# नगर पंचायत प्रशासक का चार्ज लेकर एडीएम ने की बैठक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- अवैध कब्जा करने वालों पर कार्रवाई के दिए निर्देश

अमृत विचार: नगर पंचायत कांट में एडीएम वित्त अरविंद कुमार ने विधायक ददरौल अरविन्द सिंह व ईओ नूरजहां, नगर पंचायत कांट सदस्यों के साथ बैठक की।

एडीएम वित्त द्वारा कांट नगर पंचायत का प्रशासक का चार्ज लेते ही कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत अवैध कब्जा मुक्त होगा। अवैध कब्जा करने वाले पर कार्यवाही के निर्देश दिए। सभी सफाई कर्मी रविवार को छुट्टी के दिन सभी वार्डों में सफ़ाई अभियान चलाएंगे। जिसमें सभी सभासद रहेंगे। वहीं तालाब को अतिक्रमण मुक्त होगा। नालियों की साफ-सफाई अभियान, तिराहे और चौराहों पर स्वतंत्रता सेनानी के मूर्तियां लगेंगी। कांवडियों के लिए उत्तम व्यवस्था, रोड चौड़ीकरण के कारण पोल हटने से रात्रि में अंधेरा रहता है, के संबंध में 48 घंटे के भीतर लाइट लगाने, कांवडियों के लिए सराय टॉयलेट, सुंदर कांट नगर पंचायत में आगमन पर स्वागत की होर्डिंग लगाने आदि व्यवस्था के संबंध में तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

कांवडियों के लिए बनाए गए विश्राम गृह में सुविधाओं का निरीक्षण किया, वहीं उनकी दवाई, पेयजल, टॉयलेट का भी निरीक्षण किया गया तथा अनेक कांवडियों से उनकी कुशल क्षेम जानी। सभी सदस्यों ने कांट नगर पंचायत में विकास कार्यों में तेजी होने की चर्चा पर प्रत्येक वार्ड मेंबर ने खुशी व्यक्त की है।

# हत्या के पांच दोषियों को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- दुष्कर्म के एक दोषी को 12 वर्ष कैद की सजा सुनाई गई

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश पुलिस के ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत पुलिस ने दो अलग-अलग जघन्य मामलों में प्रभावी पैरवी कर अदालत से कठोर सजा मिली है। एक प्रकरण में महिला के घर में घुसकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 12 वर्ष का कठोर कारावास और 10,500 रुपये अर्थदंड, जबकि दूसरे प्रकरण में चबूतरे पर बैठे परिवार पर अंधाधुंध फायरिंग कर एक की हत्या और कई को घायल करने वाले पांच अभियुक्तों को आजीवन कारावास सुनाया गया।

घर में घुसकर दुष्कर्म का मुकदमा सेहरामऊ दक्षिणी थाने में साल 2022 में दर्ज हुआ था। ग्राम नागरपाल, थाना सेहरामऊ दक्षिणी निवासी प्रवीण उर्फ भूरे पर आरोप था कि उसने वादिनी के घर में घुसकर बलात्कार किया तथा गाली-गलौज व मारपीट की। मॉनीटरिंग सेल व थाना पुलिस ने अभियोजन के साथ मिलकर गवाहों को समयबद्ध रूप से न्यायालय में पेश कराया। एएसजे एफटीसी एक ने साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को 12 वर्ष का कठोर कारावास तथा कुल 10,500 रुपये अर्थदंड से दंडित किया। अदालत ने कहा कि घर की सुरक्षा भंग कर किए गए ऐसे अपराधों को समाज में कड़ी सजा से ही रोका जा सकता है।

दूसरे मामले में चबूतरे पर फायरिंग कर युवक की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में कांट थाने में ग्राम लालपुर निवासी पांच आरोपियों के खिलाफ बीते वर्ष केस दर्ज हुआ था। इस केस में दोषी अनिल, नीरज, रामू, अशोक और शिवांश को पांच साल कैद की सुना सुनाई गई है। आरोप था कि वादी, उसके पिता, भाई व चचेरे भाई के चबूतरे पर बैठे होने के दौरान पांचों आरोपी पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए अंधाधुंध फायरिंग कर दी। गोलीबारी में वादी व उसके पिता गंभीर रूप से घायल हुए और भाई अनुराग की मृत्यु हो गई। मॉनीटरिंग सेल, थाना कांट पुलिस और अभियोजन टीम ने त्वरित साक्ष्य संकलन व गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित की। एएसजे एफटीसी दो ने अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। प्रत्येक पर 55,000 रुपये अर्थदंड लगाया गया। साथ ही रामू, नीरज और शिवांश को आयुध अधिनियम अपराधों में अतिरिक्त 10,000-10,000 रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया गया।

## घर से भागी किशोरी शादी की बात पर मामला कोतवाली पहुंचा

पुवायां, अमृत विचार: पुवायां थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने शिकायत में बताया कि नाबालिग पुत्री के फोन पर एक नंबर से मिस कॉल लग गई। वह मिस कॉल क्षेत्र के गांव जारमानो निवासी युवक की थी। मिस कॉल के बाद प्यार की बातें होना शुरू हो गईं। युवक शादी का झांसा देकर अपने साथ शाहजहांपुर अपनी बहन के घर ले गया और बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। किशोरी ने शादी का दवाब बनाया तो उसके साथ आए दिन मारपीट करने लगा। किशोरी किसी तरह उसके चंगुल से छूटकर अपने घर पहुंची और परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी। परिजन किशोरी को अपने साथ कोतवाली पहुंचे और नामजद तहरीर दी। पुलिस ने किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया।

# प्राथमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल बीएसए से मिला

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- कहा शिक्षकों की समस्याओं पर तुरंत हो कार्रवाई

अमृत विचार: उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता और वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा अरुण कुमार राना से मिला। संघ ने शिक्षकों की लंबित समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा।

संघ के जिला अध्यक्ष मुनीश कुमार मिश्र के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधि मंडल ने बीएसए को अवगत कराया कि अंतर्जनपदीय पारस्परिक स्थानांतरण के तहत कार्यभार ग्रहण कर चुके शिक्षकों का जून 2025 से वेतन लंबित है, जिसका शीघ्र भुगतान कराया जाए। उन्होंने बताया कि जीपीएफ एवं आहरण ऋण कार्यों में मानव संपदा पोर्टल का माइग्रेशन पूरा न होने से शिक्षकों को ऋण लेने में कठिनाई हो रही है। संघ ने पूर्व व्यवस्था के तहत ही आहरण ऋण स्वीकृत किए जाने की मांग की। इसके अलावा, संघ ने यह आरोप लगाया कि कुछ विद्यालयों में बिना स्पष्टीकरण के शिक्षकों पर अनुचित आरोप लगाकर निलंबन की कार्यवाही की जा रही है। इस पर निष्पक्ष जांच कराकर न्याय दिलाने की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि जिलाधिकारी के निर्देशों के बावजूद लंबित वेतन भुगतान और आहरण आदेशों का निस्तारण नहीं हो पाया है, जिस पर तत्काल कार्रवाई की जरूरत है।

# स्कूलों में बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र बनवाएंगे एसडीएम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र व आधार कार्ड पेंडेंसी निस्तारण को प्लान तैयार


सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह।

अमृत विचार: सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र व आधार कार्ड समय से जारी न हो पाने को आ रही, दिक्कतों को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा प्लान तैयार कर लिया गया है। अब एसडीएम, बीडीओ व खंड शिक्षा अधिकारी व एडीओ पंचायत अपने अपने क्षेत्रों में कैंप लगवाकर बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र जारी करके रिपोर्ट सीडीओ को प्रेषित करेंगे। सीडीओ डा. अपराजिता सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि अगले सप्ताह से इसके लिए ब्लाकवार कैंप का आयोजन कराया जाएगा।

विकास खण्ड स्तरीय विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड संबंधी पेंडेंसी को शीघ्रता से निस्तारित करने के लिए 26 जुलाई को एक अभियान के रूप में सभी तहसीलों में जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने को शिविरों का आयोजन किया जाजगा। शिविरों के आयोजन से पूर्व 1 जुलाई को सभी उप जिलाधिकारी, संबंधित खण्ड विकास अधिकारियों एवं खण्ड शिक्षा अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक तैयारियों, मूलभूत आवश्यकताओं एवं लंबित बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

मेगा शिविर के दिन अधिकारियों के साथ-साथ ग्राम सचिव, तहसीलदार अधिकतम पेंडेंसी वाले अध्यापक, आवश्यकता पड़ने पर अभिभावक भी शिविर में उपस्थित रहेंगे। शिविर स्थल पर 4 कंप्यूटर ऑपरेटर एवं 2 फोटोकॉपी मशीनों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी ताकि किसी भी आवश्यक दस्तावेज की प्रतिलिपि तत्काल उपलब्ध कराई जा सके। शिविर के दिन आवेदनों को पूर्ण रूप से तैयार कर एसडीएम के पास जमा कर दिया जाएगा, शिविर उपरांत किसी भी स्थिति में एसडीएम द्वारा कोई आपत्ति या क्वेरी वापस ब्लॉकों को नहीं भेजी जाएगी। सभी प्राप्त आवेदनों पर तत्काल बिना विलम्ब के उसी दिवस को नियमानुसार जन्म प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता को गंभीरता से लिया जाएगा।

## रेलवे ओवरब्रिज से बंद हुआ गेट 334

तिलहर, अमृत विचार: रेलवे ओवरब्रिज निर्माण कार्य के चलते गेट संख्या 334 बंद होने से निगोही क्षेत्र व आसपास के ग्रामीणों को तिलहर पहुंचने में दिक्कत हो रही थी। भारतीय किसान यूनियन युवा प्रकोष्ठ ने हाल ही में एसडीएम को ज्ञापन देकर वैकल्पिक मार्ग गेट संख्या 335 की मरम्मत की मांग उठाई थी। प्रशासन ने मांग स्वीकार करते हुए मार्ग सुधार कार्य शुरू करा दिया। संगठन ने कार्य में तेजी लाने को दो ट्रैक्टर-ट्राली उपलब्ध कराईं। ग्रामीणों ने एसडीएम व स्थानीय प्रशासन के कदम का स्वागत किया है।

# 67 अवैध स्कूल बंद, दोबारा खुले तो 1 लाख जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह का सख्त एक्शन, शिक्षा की गुणवत्ता पर दिया जोर

अमृत विचार: जिले में बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने और अवैध रूप से चल रहे विद्यालयों पर अंकुश लगाने के लिए जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कड़ा रुख अपनाते हुए जिले के 67 अवैध स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया है। डीएम ने चेतावनी दी है कि यदि इनमें से कोई भी स्कूल दोबारा संचालन करता पाया गया तो उस पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।

यह कार्रवाई एडीएम अरविंद कुमार की छापेमारी के बाद तेज हुई, जिसमें कई ऐसे स्कूलों का खुलासा हुआ जहां पढ़ाने वाले शिक्षक अयोग्य पाए गए। कहीं इंटर पास युवक शिक्षा दे रहे थे तो कहीं स्कूल का नाम तक पंजीकृत नहीं था। इस गंभीर प्रकरण को डीएम ने अत्यंत संजीदगी से लेते हुए सभी ऐसे विद्यालयों को तत्काल बंद करने के निर्देश दिए। प्रशासन की जांच में सामने आया कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बड़ी संख्या में ऐसे स्कूल संचालित हो रहे थे। इनमें निगोही में 7, मिर्जापुर में 6, भावलखेड़ा में 3, मदनापुर में 5, कटरा खुदागंज में 4, बंडा में 2, सिंधौली में 4, अल्हागंज में 13, कलान में 2, कांट में 6, जैतीपुर में 1, ददरौल में 2, खुटार में 3 और पुवायां में 9 स्कूल शामिल हैं।

सभी 67 अवैध स्कूलों को प्रशासन द्वारा तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया गया है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इन स्कूलों की नियमित निगरानी की जाए और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा और उनके भविष्य से खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगा। गौरतलब है कि डीएम ने इससे पहले अवैध अस्पतालों पर भी कार्रवाई के संकेत दिए थे।

खून के आंसू



हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)
पंजी. सं. 19706
डॉ. एम. अहमद (BUMS)
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊ पर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येकः-
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामिया मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693
9837338306

# सहायक श्रमायुक्त गैरहाजिर, सीडीओ ने भेजा नोटिस

## तहसील दिवस : सीडीओ अपराजिता सिंह की अध्यक्षता में हुए समाधान को आई 50 शिकायतों में छह का हो सका निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जनहित की शिकायतों के त्वरित निस्तारण को लेकर तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह की अध्यक्षता में सदर तहसील में समस्याओं को सुनकर निस्तारण कराया गया।

सीडीओ द्वारा समाधान दिवस में उपस्थित रहने वाले कार्मिकों की उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया तो पता चला कि सहायक श्रमायुक्त गैर हाजिर हैं। जिस पर सीडीओ ने नाराजगी जाहिर करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया। साथ ही उन्होंने आने वाले फरियादियों के नाम, पता नोट करते हुए आश्वस्त किया कि आप लोगों को बार-बार चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। संबंधित अधिकारी आपके द्वार जाकर समस्याओं को सुनकर निस्तारण कराएंगे।

समाधान दिवस में आई 50 शिकायतों में सीडीओ ने छह का मौके पर निस्तारण कर दिया। समाधान दिवस में साफ सफाई, बिजली समस्या, पेयजलापूर्ति, राशन कार्ड आदि समस्याएं आई, जिनको संबधित अधिकारियों ने प्राथमिकता के साथ सुना। इस दौरान नगर आयुक्त डा. बिपिन कुमार मिश्रा, एसडीएम सदर संजय कुमार पांडेय, सीओ सिटी पंकज पंत, सीओ, तहसीदार आदि मौजूद रहे।



सदर तहसील में समस्याएं सुनतीं सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह। ● अमृत विचार

### कलान तहसील में समाधान दिवस आयोजित

कलान। तहसील में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिला विकास अधिकारी ऋषि पाल सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान क्षेत्र से आए फरियादियों की 50 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 6 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। मौके पर निस्तारित शिकायतें राजस्व और आपूर्ति विभाग से संबंधित थीं। जिला विकास अधिकारी ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शेष शिकायतों का निस्तारण शीघ्रता और पारदर्शिता के साथ किया जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण भावरे दीक्षा अरुण, एसडीएम कलान अभिषेक प्रताप सिंह, प्रभारी तहसीलदार सृजित कुमार, प्रभारी निरीक्षक कलान प्रभाष चंद, थाना प्रभारी मिर्जापुर सोनी शुक्ला, प्रभारी निरीक्षक परौर अशोक कुमार सिंह, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल और विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### एडीएम प्रशासन ने पुवायां में सुनी जनसमस्याएं

पुवायां, अमृत विचार : शनिवार को तहसील सभागार में सुबह दस बजे से सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा ने करते हुए फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनका स्थायी निस्तारण कराने को एसडीएम को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशानुरूप विभागीय योजनाओं का प्रचार प्रसार जन जन तक किया जाए और रिजल्ट भी दिखना चाहिए। सभी अपनी जिम्मेदारी समझकर कार्य करे। समाधान में 106 शिकायतों में मौके पर 1 ही निस्तारित की जा सकी। शिकायतों में राजस्व 62, विकास विभाग 5, पुलिस 16, शिक्षा 5 एवं अन्य 19 शिकायतें रही। समाधान दिवस में एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्रा, एसडीएम चित्रा निर्वाल, तहसीलदार आदि मौजूद रहे।

### जलालाबाद में आईं 13 शिकायतें, एक का ही हो सका निस्तारण

जलालाबाद। शनिवार को जलालाबाद तहसील में आयोजित समाधान दिवस में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं। इस अवसर पर तहसीलदार पैगाम हैदर और क्षेत्राधिकारी अजय कुमार राय ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और त्वरित समाधान के निर्देश दिए। कुल 13 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से एक शिकायत का मौके पर जाकर तुरंत निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि वे जल्द से जल्द कार्रवाई कर समस्याओं का समाधान करें। इस अवसर पर सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे और लोगों से समस्याओं को विस्तार से समझा। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि सभी शिकायतों पर प्राथमिकता के साथ कार्रवाई की जाएगी।

### 43 में से 6 शिकायतों का मौके पर निस्तारण

तिलहर। शनिवार को ब्लॉक सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम रवींद्र कुमार की अध्यक्षता में कुल 43 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 6 का मौके पर निस्तारण किया गया। समाधान दिवस के दौरान क्षेत्रीय विधायक सलोना कुशवाहा भी पहुंचीं और फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। शिकायतों में जमीनी विवाद, चक रोड पर अवैध कब्जा, राशन कार्ड, विद्युत कटौती और विकलांग पेंशन से संबंधित समस्याएं प्रमुख रहीं। एसडीएम रवींद्र कुमार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शेष शिकायतों का निस्तारण जल्द से जल्द मौके पर जाकर किया जाए। समाधान दिवस में तहसीलदार जयप्रकाश यादव, नायब तहसीलदार मनु माथुर, खंड विकास अधिकारी बृजेश मिश्र, क्षेत्राधिकारी ज्योति यादव, आपूर्ति निरीक्षक आलोक कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय बजरंग दल ने निकाली जलाभिषेक बाइक यात्रा

**मदनापुर, अमृत विचार :** गांव बुधवाना के नखासा से शनिवार सुबह राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली रूपी जलाभिषेक यात्रा निकाली। जुलूस के दौरान रास्ते भर 'बम-बम भोले' व जयकारों से माहौल भक्ति में डूबा रहा। यात्रा ग्राम प्रधान अखिलेश गुप्ता तथा स्थानीय लोगों की उपस्थिति में स्वागत पाती हुई फिरोजपुर शिव मंदिर पहुंची, जहां सामूहिक रूप से शिवलिंग का जलाभिषेक कर आशीर्वाद लिया गया।

● फिरोजपुर शिव मंदिर में शिवलिंग का किया जलाभिषेक

मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री अर्पित भामाशाह ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदू समाज में धार्मिक तथा सांस्कृतिक चेतना प्रसार के लिए ब्लॉक स्तर पर नियमित ऐसी यात्राएं आवश्यक हैं। यात्रा में हिंदू युवा वाहिनी के अध्यक्ष शालू पाठक, राहुल मिश्रा, अंशू चौहान, गौरव चौहान, कौशलेंद्र प्रताप सिंह 'फौजी', केशव ठाकुर, निहाल सिंह, अभिषेक सिंह, वीरेंद्र प्रताप सिंह, रविंद्र पाल सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल रहे।

# तिलहर चीनी मिल को 95 प्रतिशत क्षमता व 10 प्रतिशत रिकवरी का लक्ष्य

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचारः** तिलहर चीनी मिल के अतिथि गृह में आयोजित संचालक मंडल की बैठक में अपर जिलाधिकारी अरविंद कुमार ने मिल प्रबंधन को इस पेराई सत्र में प्लांट उपयोग क्षमता 92 प्रतिशत से बढ़ाकर 95 प्रतिशत तक ले जाने और वर्तमान 9.66 प्रतिशत चीनी रिकवरी को न्यूनतम 10 प्रतिशत तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट

● डीएम ने मिल प्रबंधन को इस पेराई सत्र के लिए दिए निर्देश

कहा कि अन्य मिलों को अवैधानिक रूप से गन्ना बहाव लीकेज रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए, जिससे स्थानीय किसानों का गन्ना नियमानुसार यहीं पेराई हो सके।

बैठक की शुरुआत गत वर्ष के प्रस्तावों की समीक्षा से हुई। मीटिंग हॉल निर्माण प्रस्ताव को क्रियान्वयन देने हेतु एक कमेटी गठित करने का निर्णय लिया गया। बोर्ड ने मिल की बाउंड्री वॉल के पास बाईपास तथा निगोही रोड की ओर दुकानों के निर्माण संबंधी प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया। अधिकारियों ने कहा कि प्रस्तावित ढांचा स्थानीय रोजगार व सुविधाएं बढ़ाएगा। एडीएम ने गन्ना आपूर्ति क्षेत्र में पारदर्शिता, किसानों के भुगतान की समय सीमा और मशीनरी के प्री-मेंटेनेंस पर भी जोर दिया।

बैठक में जिला गन्ना अधिकारी जितेंद्र मिश्रा, उपसभापति दोदराम रामकुशवाहा, प्रधान प्रबंधक शैलेन्द्र अस्थाना, मुख्य गन्ना अधिकारी दमिनेश राय, मुख्य अभियंता महेंद्र यादव, संचालक सुरेश पाल सिंह, आशुतोष सिंह एडवोकेट, चंद्रभान सिंह 'अन्ना', श्याम बहादुर सिंह, धरमवीर, रविंद्र सिंह, आशीष अवस्थी सहित सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने मनाई शहीद मंगल पांडे की जयंती

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जिला कांग्रेस कार्यालय में शनिवार को 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक शहीद मंगल पांडे की जयंती बड़े ही श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंगल पांडे के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उनके साहस और बलिदान को नमन किया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनीश गुप्ता 'मुन्ना' ने कहा कि मंगल पांडे ने 1857 की क्रांति की पहली चिंगारी जलाई, जिसने अंग्रेजी शासन के खिलाफ स्वतंत्रता की जंग को प्रज्वलित किया। उनका बलिदान देश की एकता और संप्रभुता के लिए प्रेरणा स्रोत है। महानगर अध्यक्ष तकवीम हसन खान ने कहा कि मंगल पांडे का जीवन हमें सिखाता है कि अन्याय के खिलाफ आवाज उठाना हर नागरिक का कर्तव्य है। उनकी



जिला कांग्रेस कार्यालय में शहीद मंगल पांडे की जयंती मनाते कांग्रेस पदाधिकारी। ● अमृत विचार

● कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनके बलिदान को किया नमन

वीरता और बलिदान सदैव अमर रहेंगे। युवा जिला अध्यक्ष रामजी अवस्थी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मंगल पांडे का साहस और देशप्रेम युवा पीढ़ी के लिए एक मिसाल है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे उनके आदर्शों को अपनाकर देश की एकता और संविधान की रक्षा में योगदान दें। इस अवसर पर शहीद मंगल पांडे के जीवन और संघर्ष पर चर्चा की गई और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम में महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष अर्चना बाल्मीकि, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रफी उल हसन, जिलाध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ प्रमोद पांडेय, जिला उपाध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, जिला महासचिव गौरव त्रिपाठी, राकेश मिश्रा एडवोकेट, लक्ष्मीकांत मिश्रा, रफत जहां, कलीम खान, अफजाल खान, प्रत्युष मिश्रा, अनुभव कटारिया, शरद कुमार गुप्ता, शाश्वत मिश्रा, नितिन तिवारी, उस्मान शाह, रोहित जट और फैसल खान सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

SEXOLOGIST
आखिर कब तक शर्माते रहोगे



हर उम्र में जबरदस्त
ताकत व रुकावट
प्राप्त करें
शीध्रपतन, शुक्राणुओं की कमी

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैनें 40 दिन ईलाज कराया आज में पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीध्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीध्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीध्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

भारत प्रसिद्ध
YouTube पर Search करें
गोल्ड मेडेलिस्ट
डा.शेख
Best Sexologist in india आयुर्वेदा
मिलें हर मंगलवार
ईसाईयों की पुलिया
निकट सैटेलाईट बस स्टैण्ड
बरेली
9837023223

# कलान में ईश्वरीय अनुभूति राजयोग प्रदर्शनी का शुभारंभ

संवाददाता, कलान

**अमृत विचारः** दैत्य गुरु शुक्राचार्य की तपोस्थली मानी जाने वाली पटना देवकली शिव मंदिर परिसर में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा कलान द्वारा ईश्वरीय अनुभूति राजयोग प्रदर्शनी का उद्घाटन शाहजहांपुर की महापौर अर्चना वर्मा ने फीता काटकर किया। बालिका पलक के स्वागत गीत तथा कोमल के कृष्ण भजन ने कार्यक्रम का आध्यात्मिक वातावरण सजाया। प्रदर्शनी में भगवान शिव के द्वादश ज्योतिर्लिंगों का एक स्थान पर प्रतीकात्मक दर्शन निशुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं। आयोजन संपूर्ण माह चलेगा।

समारोह में तहसील कलान के पत्रकारों को महापौर ने सम्मानित किया। महापौर ने कहा कि व्यसन समाज की जड़ों को खोखला कर रहा है। विकसित भारत के निर्माण के लिए नशामुक्ति जनअभियान आवश्यक है। ब्रह्माकुमारी बीके रीना ने परमात्मा को निराकार ज्योतिबिंदु बताते हुए कहा कि परमात्मा से प्रेम समस्त मानवता से प्रेम है। बीके अरुणा, बीके अनीता, बीके किरन सहित बहनों ने राजयोग के लाभ गिनाए और युवाओं को व्यसनों से दूरी बनाने की सलाह दी। कार्यक्रम में महापौर अर्चना वर्मा, बीके रीना, सौम्या, शालू, पारू, चेयरमैन हरनारायण गुप्ता, महंत बबलू गिरी सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। आयोजकों ने बताया कि प्रदर्शनी में प्रतिदिन राजयोग ध्यान परिचय सत्र व नशामुक्ति पर परामर्श उपलब्ध रहेगा।

# डीआरएम के सामने रखी मांगें

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मुरादाबाद मंडल के परामर्शदात्री समिति के मंडल के उपयोगकर्ता रितेश कुमार आनंद ने डीआरएम को मीटिंग में दिए गए मांगपत्र में मांग की है कि शाहजहांपुर और रोजा में वाशिंग लाइन बनाई जाए, मालगोदाम रोड पर पुरानी चाहर दीवारी की मरम्मत करायी जा रही है, जो अनावश्यक कार्य है, ट्रेन सीतापुर से मुंबई जाती है, उसको शाहजहांपुर से चलायी जाए, काठगोदाम-लखनऊ एक्सप्रेस का स्टापेज किया जाए, कोच डिस्प्ले सिस्टम चालू किया जाए, रोजा-बरेली पैसेंजर को मथुरा तक चलाया जाए, मालगोदाम रोड पर साइकिल स्टैंड के पास रोशनी नहीं है, प्लेटफार्म टीन शेड डाला जाए और स्टेशन पर मेडिकल स्टोर खोला जाए।

# पर्यावरण को संरक्षित करने का दिया संदेश



नगर आयुक्त डा. बिपिन कुमार मिश्रा पौधारोपण ने पौधा रोपा। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** नगर निगम एवं बैंक ऑफ बड़ौदा के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को न्यू सिटी ककरा स्थित जैव विविधता पार्क रोड के दोनों किनारे पर पौधों को रोपित करने के लिए वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया।

कार्यक्रम में नगर आयुक्त डा. बिपिन कुमार मिश्र, पार्षद शिवओम सक्सेना, महाप्रबंधक जल-उद्यान प्रभारी विजय नारायण मौर्य, अधिशासी अभियंता सुशील कुमार व बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रमुख दीपक तिवारी, एलडीएम राधेरमन तिवारी, मुख्य प्रबंधक आरबीडीएम प्रदीप सिंह, मुख्य प्रबंधक गजेंद्र कुमार समेत अन्य लोगों द्वारा लगभग 25 पौधों को मय ट्रीगार्ड के रोपित कर पर्यावरण को सरंक्षित करने का संदेश दिया गया।

# नवनिर्वाचित छात्र नेताओं को दिलाई शपथ

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** लीड कॉन्वेंट स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2025-2026 के लिए बहुप्रतीक्षित अलंकरण समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी अरविंद कुमार का पारंपरिक तिलक लगाकर स्वागत किया गया। संयुक्त संस्था के संस्थापक शाहनवाज खान को बैज पहनाकर सम्मानित किया गया। स्वागत गीत की प्रस्तुति के साथ समारोह की शुरुआत हुई।

इस मौके पर हुए प्रेरक संबोधन में नेतृत्व के मूल्यों पर जोर दिया गया। मुख्य अतिथि एडीएम ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि कठिन परिश्रम, समय प्रबंधन, नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क और निष्ठा ही जीवन में सफलता की कुंजी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को याद दिलाया कि शक्ति के साथ जिम्मेदारी भी आती है और विद्यालय की संस्कृति व मूल्यों को बनाए रखने में छात्र परिषद की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। अलंकरण समारोह का सबसे महत्वपूर्ण क्षण रहा बैज वितरण, जिसमें नवनिर्वाचित हेड बॉय, हेड गर्ल, विद्यार्थी परिषद प्रीफेक्ट, हाउस प्रीफेक्ट, स्पोर्ट्स प्रीफेक्ट, हाउस कैप्टन और वाइस कैप्टन को उनके पदों का प्रतीक बैज पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही, नई छात्र परिषद को निष्ठा, पारदर्शिता और समर्पण के साथ नेतृत्व करने की शपथ दिलाई गई। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। स्कूल के निदेशक मोहम्मद जमाल में सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।



नवनिर्वाचित छात्र नेताओं के साथ एडीएम वित्त अरविंद कुमार। ● अमृत विचार

### आंगनबाड़ी केंद्र खुलवाने की मांग



**खुदागंज, अमृत विचार :** विकास क्षेत्र खुदागंज के ग्राम नौसना के प्राथमिक विद्यालय में संचालित होने वाला आंगनबाड़ी केंद्र काफी समय से नहीं खोला जा रहा है। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से की है। ग्रामीणों का कहना है कि केंद्र न खुलने से नौनिहालों को मिलने वाली सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। उन्होंने उच्च अधिकारियों से जांच कराए जाने की मांग की है। बताते चलें कि इस आंगनबाड़ी केंद्र पर 117 बच्चे पंजीकृत हैं। 9 गर्भवती व 6 धात्री महिलाएं शामिल हैं। केंद्र न खुलने से सभी सुविधाओं से वंचित हैं। ग्रामीणों ने मामले में जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## एक नजर

### घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़, रिपोर्ट दर्ज

**बिल्सी, अमृत विचार** : कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 19 शनिवार दोपहर लगभग 12 बजे गांव निवासी पप्पू उनके घर आया और उनकी बेटी के साथ छेड़छाड़ करने लगा। उनकी बेटी चिल्लाई तो उसकी मां मौके पर पहुंची। जिन्हें देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गया। पप्पू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू की है।

### लाठी से पीटकर लंगूर की हत्या, रिपोर्ट दर्ज

**उसावां अमृत विचार** : उसावां थाना क्षेत्र के कस्बा में एक युवक ने लंगूर की पीटकर हत्या कर दी। कस्बा निवासी राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ता ने आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।कस्बा के वार्ड आठ निवासी और बजरंग दल के कार्यकर्ता अतुल गुप्ता ने पुलिस को शिकायत पत्र देकर बताया कि एक लंगूर क्षेत्र में घूमता था। किसी को भी नुकसान नहीं पहुंचाता था। आरोप है कि कस्बा निवासी इबरार पुत्र आशिक अली ने लंगूर को लाठी से बुरी तरह से पीटकर हत्या कर दी। लंगूर की मौके पर ही मौत हो गई। संगठन के पदाधिकारियों को इस बाबत जानकारी हुई तो मौके पर पहुंचे थे। आरोपी उनके साथ गाली-गलौज की और झगड़ा करने लगा। वह मौके से फरार हो गया। अतुल ने लंगूर का शव थाने ले जाकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने इबरार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट करने पर रिपोर्ट दर्ज

**बिल्सी, अमृत विचार** : फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। कोतवाली बिल्सी के उपनिरीक्षक संजीव कुमार ने तहरीर देकर बताया कि 18 जुलाई रात लगभग पौने 11 बजे वह अबरार आलम ने उन्हें व्हाट्सएप पर एक्स हैंडलर पर किया गया पोस्ट भेजा। उपनिरीक्षक ने उसकी जांच शुरू की। वह सिपाही आदेश कुमार, आकाश चौधरी को साथ लेकर मौके पर पहुंचकर जांच की। पता चला कि गांव गुधनी निवासी सतपाल सिंह ने मोबाइल फोन से अपनी फेसबुक आईडी पर आपत्तिजनक पोस्ट की थी। उपनिरीक्षक ने युवक का मोबाइल ले लिया। साथ ही आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### नगर पालिका में बिसौली की स्थिति बेहद खराब, मिली सबसे खराब रैंक

# स्वच्छता सर्वेक्षण में नपं सखानू को मिला जिले में पहला स्थान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** केंद्र और प्रदेश सरकार के वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर पंचायत सखानू को देश में 417 वां स्थान मिला है। वहीं प्रदेश स्तर पर 134 वां स्थान हासिल किया है, जबकि सबसे खराब स्थिति नगर पंचायत मुड़िया की रही है। देश भर में 1400 स्थान रहा है। ऐसी ही स्थिति बिसौली नगर पालिका की है। बिसौली नगर पालिका को प्रदेश में 6 सौवां और देश में 860 वां स्थान रहा है। वहीं सदर नगर पालिका की स्थिति में सुधार देखने को मिला है। देश में 412 और प्रदेश में 458 वे स्थान पर है।

हर साल केंद्र और प्रदेश की सरकार द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण कराने के बाद रैंकिंग जारी की जाती है। केंद्र और राज्य सरकार ने वर्ष 2024 के स्वच्छता सर्वेक्षण की रैंकिंग जारी की है। जारी हुई सूची के मुताबिक नगर पंचायत सखानू ने लंबी छलांग लगाते हुए देश में 417 वां स्थान हासिल करते हुए जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रदेश स्तर पर भी सखानू नगर पंचायत की स्थिति सबसे बेहतर रही है। प्रदेश में 134 वां स्थान प्राप्त हुआ है।

**स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर पंचायतों की स्थिति**

| नगर पंचायत | प्रदेश | देश |
|---|---|---|
| सखानू | 134 | 417 |
| उसहैत | 239 | 526 |
| फैजगंज | 149 | 533 |
| अलापुर | 259 | 450 |
| वजीरगंज | 281 | 468 |
| इस्लामनगर | 290 | 476 |
| दहगवां | 309 | 588 |

| नगर पंचायत | प्रदेश | देश |
|---|---|---|
| रुदायन | 349 | 630 |
| उसावां | 350 | 632 |
| कछला | 534 | 845 |
| सैदपुर | 584 | 919 |
| कुवंरगांव | 593 | 937 |
| गुलडिया | 685 | 1170 |
| मुडिया | 732 | 1400 |

| नगर पंचायत | प्रदेश | देश |
|---|---|---|
| सहसवान | 210 | 248 |
| बिल्सी | 214 | 400 |
| उझानी | 231 | 257 |
| ककराला | 440 | 652 |
| बदायूं | 458 | 412 |
| बिसौली | 600 | 860 |

स्वच्छता सर्वेक्षण के मामले में नगर पंचायत कछला, सैदपुर, कुवंरगांव, गुलडिया और मुडिया का प्रदर्शन बेहद खराब रहा है। जिसमें सबसे स्थिति मुडिया की खराब है। मुडिया नगर पंचायत को स्वच्छता सर्वेक्षण में देशभर में 14 सौवां और प्रदेश में 732 वां स्थान रहा है। नगर पालिका के स्वच्छता सर्वेक्षण में सबसे जिले में प्रथम स्थान पर है। नगर पालिका नगर सहसवान का देशभर में 248 वां स्थान रहा है। और प्रदेश में 210 वां स्थान रहा है।

वहीं सदर नगर पालिका की भी स्थिति ठीक ठाक रही है। स्वच्छता सर्वेक्षण में सदर नगर पालिका का देशभर में 412 और प्रदेश में 458 वां स्थान रहा है।

# पिता ने बेटे पर लगाया गोवंश की तस्करी का आरोप

संवाददाता, कुंवरगांव

- सोशल साइट्स पर युवक के गाय को लाठी से पीटने का वीडियो हुआ वायरल

**अमृत विचार :** थाना कुंवरगांव क्षेत्र के एक गांव में एक पिता ने अपने ही बेटे पर गौतस्करों से मिले होने का आरोप लगाया है। आरोप है कि उनका बेटा और बहू घुमंतू गोवंश को पकड़ते हैं और उनके साथ क्रूरता करके तस्करों को बेच देते हैं। आरोपी का वीडियो भी वायरल हुआ है।

मामला कुंवरगांव थाना क्षेत्र के गांव कल्लिया काजमपुर का है। जहां शनिवार को हरपाल ने तहरीर देकर बताया कि उनका बेटा भानु प्रकाश गांव में घुमंतु गोवंश को रोज पकड़कर घर पर बांधता है। वह अपनी पत्नी के साथ मिलकर गोवंश को खूंटे से बांधकर पीटता है। गोवंश के जख्मी होने पर उसे बेच देता है। उसके गोवंश को पीटने का वीडियो भी सोशल साइट्स पर वायरल हुआ है। जिसके अंतर्गत वह एक गाय को खूंटे से बांधकर लाठी से पीट रहा है। पास में ही एक महिला खड़ी है। पास में एक रस्सी पड़ी है और बर्तन भी रखे हैं। वीडियो देखकर ऐसा लग रहा है कि गाय का दूध निकालने के लिए यह सब किया जा रहा है। गाय के दूध न देने पर वह गाय को पीट रहा है। पुलिस ने मामले को आपसी विवाद बताया है।

# पंचायत चुनाव में बदलेगा आरक्षण

## पंचायत चुनाव की तैयारी चक्रानुक्रम व्यवस्था से लागू किया जाएगा आरक्षण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- पंचायत चुनाव में बदल जाएगा सीटों का गणित, आरक्षण पर टिकीं उम्मीदवारों की निगाहें
- त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर आरक्षण को लेकर शुरू हुई सुगबुगाहट

**अमृत विचार:** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। आरक्षण की नई व्यवस्था के चलते इस बार पंचायत चुनाव में कई सीटों पर समीकरण बदलना तय है। इसका सीधा असर प्रत्याशियों की रणनीति और राजनीतिक दलों की तैयारी पर पड़ेगा। आगामी वर्ष में होने वाले चुनाव के लिए मतदाता पुनरीक्षण का काम शुरू हो गया है। इस कार्य में बीएलओ की ड्यूटी लगा दी गई है। त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली का पुनरीक्षण कार्य के साथ आरक्षण को लेकर भी सुगबुगाहट तेज हो गई है। कुछ ही माह में आरक्षण तय कर दिया जाएगा। इस बार पिछले चुनाव की आरक्षित सीटों में बदलाव होना लगभग तय है। चक्रानुक्रम व्यवस्था से तय होने वाले आरक्षण से कई सीटों पर राजनीतिक दलों के साथ चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों का गणित बिगड सकता है।

वर्ष 2021 में हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव साल 2015 तय किए गए आरक्षण व्यवस्था के आधार पर कराए गए थे। साल 2015 चुनाव में आरक्षण को लेकर जो प्रक्रिया अपनाई गई थी। वहीं प्रक्रिया साल 2021 में चुनाव के दौरान आरक्षण तय करने में अपनाई गई थी। इस बार भी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में आरक्षण पिछले चुनावों का रिकार्ड देखने का बाद तय किया जाएगा। पंचायत राज अधिकारी यावर अब्बास ने बताया कि अगर किसी ग्राम पंचायत में प्रधान पद वर्ष 2021 में पिछड़ा वर्ग महिला के लिए आरक्षित था, इस बार उसके पिछड़ा वर्ग के खाते में जाने की संभावना अधिक रहेगी। इसी तरह एससी आरक्षित सीट से बदलकर एससी महिला में बदल सकती है। बताया कि इस बार कम आबादी पर आरक्षण में बदलाव हो सकता है। जिस ग्राम पंचायत में किसी वर्ग की आबादी कम है तो भी उसी वर्ग विशेष को वह सीट आरक्षित हो सकती है। बताया कि शासन के आदेश पर अब तक हुए चुनावों के आरक्षण फीड किए जा रहे हैं। पिछली बार की तरह इस बार भी जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख का आरक्षण नियमावली के मुताबिक शासन स्तर पर तय होगा। ग्राम पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य, जिला पंचायत सदस्य एवं ग्राम प्रधान का आरक्षण जिला प्रशासन निर्धारित किया जाएगा।




**2021 के प्रधानी चुनाव में आरक्षण की स्थिति**

जिले के 15 ब्लॉकों की 1037 ग्राम पंचायतों में आरक्षण इस प्रकार था –

| | |
|---|---|
| अनुसूचित जाति महिला | 73 सीट |
| अनुसूचित जाति | 129 सीट |
| अन्य पिछड़ा वर्ग महिला | 99 सीट |
| पिछड़ा वर्ग | 185 सीट |
| महिलाओं के लिए आरक्षित | 179 सीट |
| अनारक्षित | 372 सीट |

**हमारे ब्लॉक प्रमुख पद का आरक्षण 2021 में**

| | |
|---|---|
| सामान्य | 5 सीट |
| ओबीसी | 3 सीट |
| ओबीसी महिला | 2 सीट |
| अनारक्षित महिला | 2 सीट |
| अनुसूचित जाति | 2 सीट |
| अनुसूचित जाति महिला | 1 सीट |

**जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर 2021 में आरक्षण**

जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर पिछली बार ओबीसी महिला के लिए आरक्षित सीट निर्धारित की गई थी। वर्ष 2015 में यह सीट अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित थी।

# अस्पताल में मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने आईं महिलाएं बैरंग लौटीं



मेडिकल बनवाने आईं महिलाएं अपनी परेशानी बताती हुईं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- दो दिन से बिल्सी से आ रही महिलाएं रोज निराश हो रही
- तीन दिन से प्रमाण पत्र के लिए अभ्यर्थी हो रहे हैं परेशान

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाना अब टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। जिला अस्पताल प्रशासन की मनमानी से दर्जनों अभ्यर्थी इधर उधर भटकने को मजबूर हैं। दूसरे दिन भी आधा दर्जन से अधिक महिलाएं बिना मेडिकल सर्टिफिकेट के वापस लौट गयीं। तीन दिन से अपनाया गया तरीका अभ्यर्थियों को परेशान कर रहा है।

जिला अस्पताल में विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले अभ्यर्थी मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने को पहुंच रहे हैं। तीन दिन पहले तक केवल डाक्टर अभ्यर्थी को देख उससे पूछताछ कर मेडिकल सर्टिफिकेट बनाने को स्वीकृति दे देते थे। लेकिन अब अभ्यर्थियों का ब्लड सैंपल लिया जाता है। एक्सरे कराए जाते हैं। जिससे अभ्यर्थियों में रोष व्याप्त है। शनिवार को बिल्सी से यहां पहुंची आठ महिलाएं मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने को इधर उधर दौड़ती रहीं। परेशान होकर वापस लौट गयीं। बताया कि वह दो दिन से बिना काम हुए लौट रही हैं। जिला अस्पताल प्रशासन की ओर से बताया गया कि तमाम अभ्यर्थी आते हैं बिना जांच के मेडिकल सर्टिफिकेट बनवा रहे हैं जिससे उनके पास कुछ शिकायतें आ रही हैं इसलिए अब पूरी प्रक्रिया अपनाने के बाद ही मेडिकल सर्टिफिकेट बना कर दिए जा रहे हैं।

# पुलिस पहुंची तो पता चला युगल हैं विवाहित

संवाददाता, उझानी

**अमृत विचार :** पुलिस को सूचना मिली कि एक मुस्लिम युवक ने हिंदू युवती ने घर रखा है। सूचना मिलने पर हिंदू संगठन पहुंचे। पता चला कि युवती ने अपनी मर्जी से शादी की और वह आठ महीने की गर्भवती भी है। हाईकोर्ट ने सुरक्षा को लेकर आदेशित किया है। जिसपर पुलिस और हिंदू संगठनों के लोग वापस हो गए।

मामला उझानी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। गांव ननाखेड़ा निवासी युवती दिल्ली की नागलोई में रहकर काम करती थी। वहीं गांव धनियाखेड़ा निवासी मुजाहिद भी नौकरी करता था। शनिवार को पुलिस और हिंदू संगठन के पदाधिकारियों को सूचना मिली की मुजाहिद ने हिंदू युवती को बंधक बनाया है। पुलिस और संगठन के पदाधिकारी मौके पर पहुंची। तो युवती ने पुलिस को कोर्ट का उनकी सुरक्षा करने का आदेश दिखाया। युवती ने बताया कि उन दोनों ने साल 2024 में प्रेम विवाह किया था। बताया जा रहा है कि युवती के पिता ने रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी लेकिन उसके बालिग होने की वजह से कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। युवती के माता-पिता को भी अब दिक्कत नहीं है। जिसके बाद विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष अरविंद शर्मा व अन्य पदाधिकारी वापस लौट गए।



सूचना मिलने पर युवक के घर पहुंची पुलिस। ● अमृत विचार

- साल 2024 में दोनों ने किया था प्रेम विवाह, हाईकोर्ट से मांगी थी सुरक्षा

# पांच साल की बालिका से छेड़छाड़, 20 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- न्यायाधीश ने दोषी पर डाला 20 हजार रुपये जुर्माना, पीड़िता को दी जाएगी धनराशि

**अमृत विचार :** पांच साल की बच्ची से छेड़छाड़ करने के आरोपी को विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट नीरज कुमार गर्ग ने दोषी पाते हुए 20 साल की सजा और 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना की धनराशि क्षतिपूर्ति के लिए पीड़िता को देने का आदेश दिया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी मुकदमा ने 27 फरवरी 2023 को थाना मूसाझाग पुलिस को तहरीर दी थी। बताया कि दोपहर ढाई बजे उनकी पत्नी, पांच साल की बेटी के साथ खेत पर घास लेने गई थी। जहां महेंद्र पहले से मौजूद था। उनकी पत्नी खेत पर घास काटने लगी। महेंद्र ने उनकी बेटी को अपने पास बुलाया और उसे दस रुपये दिए। उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। उनकी पत्नी बेटी का देखने गई तो महेंद्र भाग गया। महिला ने उन्हें घटना के बारे में जानकारी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। न्यायालय में बिनावर थाना क्षेत्र के गांव वृंदावन निवासी महेंद्र पुत्र रामदयाल के खिलाफ पांच साल की बच्ची से छेड़छाड़ का मुकदमा चलाया गया। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य का अवलोकन किया। विशेष लोक अभियोजक वीरेंद्र वर्मा और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलीलों को सुनने के बाद आरोपी को दोषी पाते हुए सजा सुनाई है।

# अवैध लैब: पांच सील, बाकी गायब

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जिले में 500 से अधिक पैथोलॉजी लैब बिना रजिस्ट्रेशन के हो रही संचालित
- खाना पूर्ति कर विभाग ने झाड़ा पल्ला, दूसरे दिन भी बंद रखीं अवैध लैब की दुकानें
- संचालकों ने दूसरे दिन लैब से हटाए बोर्ड और नाम, सतर्कता बरतते हुए माहौल पर रही नजर

**अमृत विचार :** कमिश्नर के निर्देश के बाद स्वास्थ्य विभाग नींद से जागा और अवैध पैथोलॉजी लैब के खिलाफ अभियान तेज कर दिया। शुक्रवार को बिसौली में अभियान चलाकर पांच लैब सील कर दी गईं। कार्रवाई के बाद कस्बे के अधिकतर लैब संचालक दुकानें बंद कर फरार हो गए। शनिवार को टीम दोबारा पहुंची तो कस्बे में सन्नाटा पसरा मिला। कहीं बोर्ड नज़र नहीं आए, न ही कोई लैब खुली मिली। टीम को बैरंग लौटना पड़ा।

जिले में सिर्फ 28 पैथोलॉजी लैब ही रजिस्टर्ड हैं, जबकि पांच सौ से अधिक लैब बिना रजिस्ट्रेशन के धड़ल्ले से संचालित हो रही हैं। मार्च में सीएमओ ने मलेरिया अधिकारी को कार्रवाई की जिम्मेदारी दी थी, लेकिन शिकायतों के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी थी। कमिश्नर के हस्तक्षेप के बाद सीएमओ डॉ. रामेश्वर मिश्रा के आदेश पर तीन सदस्यीय टीम गठित कर कार्रवाई शुरू कराई गई। पहले दिन पांच लैब सील कर दी गईं, जिससे अवैध लैब संचालकों में हड़कंप मच गया।

शनिवार को एमओआईसी पंकज शर्मा और पवन जायसी के नेतृत्व में टीम बिसौली पहुंची, मगर सभी लैबें बंद मिलीं। कई दुकानों पर ताले लटकते मिले और संचालक फरार हो चुके थे। कस्बे के आसपास की दर्जनों अवैध लैबों में गांवों से आने वाले मरीजों का खून जांचा जाता है, जिन पर भी अब कार्रवाई की तैयारी है।

जगत ब्लॉक में भी कई रसूखदारों की अवैध लैबें धड़ल्ले से चल रही हैं। ग्रामीणों की शिकायतों के बावजूद आज तक वहां न तो एमओआईसी पहुंचे, न ही कोई जांच-पड़ताल हुई। अवैध लैब संचालकों पर कार्रवाई की मांग फिर से उठने लगी है।

## गुंबद निर्माण पर आमने-सामने आए दो पक्ष

**बदायूं,अमृत विचार** : कोतवाली बिसौली क्षेत्र के कस्बा आसफपुर में पेड़ की टहनी टूटकर मुस्लिम धर्मस्थल के गुंबद पर गिर गई। गुंबद क्षतिग्रस्त हो गया। जिसके चलते वह लोग गुंबद का दोबारा से निर्माण कराने लगे। हिंदू समुदाय के लोग मौके पर पहुंचे और निर्माण का विरोध करने लगे। दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और मामला शांत कराया।

आसफपुर में हनुमान गढ़ी और मुस्लिम समुदाय का धर्मस्थल है। शनिवार को पेड़ की टहनी गिरने से धर्मस्थल का गुंबद टूट गया था। गुंबद क्षतिग्रस्त हो गया। लोगों ने गुंबद फिर से बनवाना शुरू किया। हिंदू समुदाय के लोग पहुंचे और निर्माण का विरोध किया। दोनों पक्ष में तनाव की स्थिति पैदा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। दोनों पक्ष को शांत कराया और बात करने के लिए थाने बुलाया।

# आज से मिलेगा अगस्त का खाद्यान्न

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- आधार प्रमाणीकरण न करने वाले कार्ड धारकों को ओटीपी के माध्यम से मिलेगा खाद्यान्न
- 5 लाख पात्र गृहस्थी और 50 हजार अंत्योदय कार्ड धारकों को मिलता है निशुल्क राशन

**अमृत विचार:** मानसून के दौरान बाढ़ आने का खतरा बना रहता है। जिसके कारण बाढ़ प्रभावित इलाकों में खाद्यान्न का वितरण नहीं होता। इस संभावना को भांपते हुए शासन के निर्देश पर समय से पहले खाद्यान्न का वितरण कराया जा रहा है। अगस्त माह का खाद्यान्न 20 जुलाई से वितरण किया जाएगा। जिन लोगों का आधार प्रमाणीकरण नहीं हो सका है। उन्हें मोबाइल पर आने वाली ओटीपी के माध्यम से खाद्यान्न का वितरण किया जाएगा। पूर्ति विभाग द्वारा कोटेदारों में खाद्यान्न का उठान करा दिया गया है। जिसका सत्यापन चल रहा है।

जिले में साढ़े पांच लाख राशन कार्ड उपभोक्ताओं में निशुल्क राशन का बांटा जाता है। इनमें करीब पचास हजार अंत्योदय कार्ड धारकों को राशन मिलता है। अंत्योदय कार्ड धारकों को 35 किलो राशन दिया जाता है। इन कार्ड धारकों को 14 किलो गेहूं और 21 किलो चावल प्रति कार्ड की दर से दिया जाएगा। वहीं पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों में एक यूनिट पर पांच किलो राशन का वितरण होता है। जिसमें तीन किलो गेहूं और दो किलो चावल दिया जाएगा। अगस्त माह का राशन 20 जुलाई से 10 अगस्त तक बांटा जाएगा। जिन कार्ड धारकों का आधार प्रमाणीकरण नहीं हो सका है। उन्हें ओटीपी के माध्यम से वितरण किया जाएगा।

**जनपद में पांच हजार से अधिक कार्ड धारक मिले थे अपात्र**

पिछले माह के दौरान राशन कार्ड धारकों का सत्यापन चल रहा है। सत्यापन के दौरान जिले भर में करीब पांच हजार कार्ड धारक अपात्र मिले थे। इनमें कई कार्ड धारक ऐसे थे जो साधन संपन्न थे। कई परिवार ऐसे मिले जिनमें मुखिया की मृत्यु हो चुकी थी। इसके बाद भी राशन ले रहे थे। इन सभी कार्ड पूर्ति विभाग द्वारा निरस्त कर दिए गए। निरस्त किए गए कार्ड धारकों के स्थान पर नए कार्ड बनाए जा रहे हैं।

> इस बार जल्द ही राशन का वितरण कराया जा रहा है। मानसून के दौरान बाढ़ प्रभावित इलाकों में राशन का उठान न होने की वजह से वितरण नहीं हो पाता था। अगस्त माह का राशन का 20 जुलाई से 10 अगस्त तक किया जाएगा। जिन लाभार्थियों का आधार प्रमाणीकरण नहीं हुआ है वह मोबाइल ओटीपी सत्यापन से राशन प्राप्त कर सकेंगे।
> –**सतीश मिश्रा**, जिला पूर्ति अधिकारी

### खाद्यान्न वितरण का बहिष्कार करेंगे

**बदायूं, अमृत विचार** : राशन कोटेदारों को कई माह से खाद्यान्न वितरण की कमीशन नहीं मिली है। जिसके कारण उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। ऐसी स्थित बनने पर कोटेदारों ने बीस जुलाई से होने वाले खाद्यान्न वितरण का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। साथ ही कमीशन दिए जाने की मांग करते हुए जिला पूर्ति अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। कोटेदारों का कहना है कि मार्च माह से गेहूं, चावल, बाजरा वितरण की कमीशन अभी तक नहीं मिली है। जिसकी मांग जिला पूर्ति अधिकारी के साथ संभागीय वित्त एवं लेखा अधिकारी बरेली से की गई। लेकिन अभी तक कोई भुगतान नहीं किया गया। ऐसी स्थिति होने पर कोटेदारों ने बीस जुलाई से होने वाले खाद्यान्न वितरण का बहिष्कार किया है। ज्ञापन देने वालों में हेमेंत कुमार गुप्ता, राजेश कुमार सिंह, संजय कुमार, राकेश बाबू, केशव वैश्य आदि उपस्थित रहे।

### कार चालक को पीटते हुए सिपाहियों का वीडियो वायरल

**कुंवरगांव, अमृत विचार** : सिविल लाइन क्षेत्र में बारह पत्थर चौराहे पर दो सिपाहियों के एक कार चालक को पीटने का वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में एक ट्रैफिक सिपाही व एक अन्य सिपाही युवक को पकड़ कर पीटते नजर आ रहे हैं। कांवड़ यात्रा को लेकर बाहर पत्थर पर बैरियर लगाया गया है कि बरेली की तरफ से नवादा चौकी की तरफ को वाहन न जाने पाए। शनिवार को एक कार चालक बरेली तरफ से बदायूं को जा रहा था। वह बैरियर पर पहुंचा तो सिपाहियों ने उसे रोक दिया इतने पर कार चालक की सिपाहियों से कहासुनी हो गई।

SSVGI
SHRI SIDDHI VINAYAK
GROUP OF INSTITUTIONS
16 Years
Educational Exellence



ADMISSION OPEN SESSION 2025-26
• SSVIT I B.Tech (CS • IT • ME • CE • EE • EC) | M.Tech (CS • ME)
• SSVIM I MBA • Int. MBA • BBA • BCA • B.COM • B.COM (H)
B.SC (PCM) • B.SC (ZBC) • B.SC (Home Sci. • Biotech)
• SSVP I Polytechnic (ME(A) • ME(P) • IT • EC • EE • CE)
• SSVSN I GNM • ANM
• SSVIP I D.Pharma • B.Pharma
• SSVIPS I Diploma in Optometry • Emergency & Trauma care
X-Ray Tech. • Dialysis • Physiotherapy • O.T. Tech.
Why Enroll @ SSVGI
• Career-Focused Education
• Best Placement In the Region
• High-Tech Academic Infrastracture
• Highly Experienced Faculty
20 LPA Highest CTC
4.5 LPA Average CTC
92% Placement in Past 5 Year
1200+ SSVGIians Placed in Top MNC's
2000+ Placement Offers
550+ Recruitment Partners
7599471145, 7599471144 | www.ssvgi.org
Campus: 10th Km Stone, Nainital Rd, Bareilly, U.P.
City Office: Avas Vikas Complex, Sheel Chauraha, Bareilly

## एक नजर

### बॉब ने केक काटकर मनाया स्थापना दिवस

बदायूं,अमृत विचार : बैंक ऑफ बड़ौदा की मोहल्ला जोगीपुरा स्थित मुख्य शाखा में बैंक का 118वां स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें बैंक के अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ शहर के मुअज्जिज लोगों ने सहभागिता की। मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी अशोक खुराना ने केक काटा। बैंक के अधिकारियों को ग्राहकों को साइबर फ्रॉड, डिजिल अरेस्ट आदि के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि साइबर फ्रॉड की घटनाएं बढ़ गई हैं। लोग थोड़े से लालच में आकर अपनी जमा पूंजी गवां देते हैं। ऐसे में सतर्क रहने की बहुत जरूरत है। बैंक के मुख्य प्रबंधक विनोद कुमार सिंह ने अनुपालन करने का आश्वासन दिया। विशिष्ट ग्राहक कंचन गुप्ता, मोबीन सैफी, राशिद खान, प्रमोद गुप्ता, अब्दुल लतीफ, नूरुसबा नकवी, अजीत कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विशाल भटनागर ने किया।

### रेलवे स्टेशन पर चलाया जागरूकता अभियान

बदायूं,अमृत विचार : संस्था काशी समाज शिक्षा विकास संस्थान द्वारा विश्व मानव तस्करी विरोधी दिवस के मौके पर रेलवे स्टेशन पर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान यात्रियों व आम जनमानस जागरूक किया गया। इसमें थाना प्रभारी अजय कुमार, एंटी ह्यूमन ट्रेफिकिंग हे. का. कुलदीप मिश्रा, यतेन्द्र कुमार, बलजीत सिंह और सपना चौधरी आदि रहीं।

# चल-चल रे कांवड़िया शिव के धाम...

## बरेली मथुरा हाईवे पर गूंज रहा है बम बम बोल हर हर महादेव की जयकार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** सावन के दूसरे सोमवार को भगवान शिव का श्रद्धालु जलाभिषेक करेंगे। कछला गंगा घाट से गंगा जल लेकर शिवालयों की ओर जाने वाले शिवभक्त कांवड़ियों के कदम तेजी से बढ़ रहे हैं। लंबी दूरी के ये कांवड़िये जत्थों के रूप में चल रहे हैं। बम-बम भोले व हर-हर महादेव के जयकारों से कांवड़ यात्रा मार्ग गुंजायमान है। डीजे पर बज रहे शिव भजनों पर कावंडिया नाचते गाते शिव धामों की ओर से जा रहे हैं। कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन अलर्ट है। व्यवस्था को दुरुस्त करने में अधिकारी लगे हुए हैं। इधर बरेली मथुरा राजमार्ग पर जगह जगह लगे सहायता शिविरों में कांवड़ियों की सहायता प्रशासन और समाजसेवियों के द्वारा की जा रही है।

सोमवार को शिव धाम में श्रद्धालुओं को द्वारा भगवान शिव की पूजा अर्चना की जाएगी। साथ ही उनका जलाभिषेक भी किया जाएगा। कांवडियों के कंधों पर गंगाजल हाथ में केसरिया ध्वज पकड़े हर हर महादेव के जयकारों के साथ उनके कदम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। डीजे पर बच रहे चल रे कांवरिया शिव के धाम आदि भजनों के साथ हर हर महादेव का जयघोष फिजा में गूंज रहा है। वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। कांवड़ियों की सेवा के लिए बरेली मथुरा हाईवे पर शिविर लगे हुए हैं। उनमें कांवड़ियों को नाश्ता, खाना, पानी, चिकित्सा, आदि की व्यवस्था है। बिरुआबाड़ी धाम, हर प्रसाद और गौरी शंकर मंदिर में कांवड़ियों के आने को लेकर तैयारी कर ली गई है। रविवार की शाम से ही कांवड़ियों के आने का सिलसिला शुरू हो जाएगा।


कांवड़ लेकर शिवधाम की ओर लौटते श्रद्धालु । ● अमृत विचार

- कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कछला गंगा घाट से गंगाजल लेकर लौट रहे श्रद्धालु
- कल शिव मंदिरों में भारी संख्या में उमड़ेंगे श्रद्धालु केसिरया रंग में रंगने लगी हैं सड़कें

### सहायता शिविरों में कराया गया भोजन

कछला से लेकर बदायूं तक दर्जनों सहायता शिविर लगे हुए हैं। इन शिविरों में कांवड़ियों को समाजसेवियों के द्वारा भोजन आदि की व्यवस्था की गई। कावड़ियों को भोजन आदि कराने के साथ ही फल और स्वच्छ जल भी बांटा गया।

### औषधि विभाग मुहैया करा रहा चिकित्सा सुविधा

स्वास्थ्य विभाग द्वारा कई स्थानों पर चिकित्सा शिविर भी लगाए गए हैं। जिसमें औषधि संरक्षण विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में चिकित्सा विभाग के कर्मचारियों द्वारा कावंडियों का इलाज किया। साथ ही उन्हें निशुल्क दवाइयों का भी वितरण किया गया।

### सदर विधायक बिरुआबाड़ी मंदिर में करेंगे जलाभिषेक

सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता ने बताया कि वह कल 20 जुलाई की सुबह सैकड़ों कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ कछला पहुंचेंगे। वहां गंगा स्नान के बाद पैदल जल लेकर के वापस आएंगे। 21 तारीख को कार्यकर्ताओं के साथ विरुआबाड़ी मंदिर में भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक करेंगे।

# जल सेवा व पुष्प वर्षा को वाहन रवाना

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** युवा मंच संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष ध्रुवदेव गुप्ता के नेतृत्व में कांवड़ियों के लिए पानी के एक लाख पाउच और पुष्पवर्षा का इंतजाम किया गया है। शनिवार को सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, शेखूपुर के पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य, दातागंज के ब्लॉक प्रमुख अतेंद्र विक्रम सिंह ने वाहन को झंडी दिखाकर रवाना किया। कांवड़ियों की जलसेवा की और उनपर पुष्पवर्षा की।

संगठन के बरेली मंडल के उपाध्यक्ष निलेश साहू, मनी वार्ष्णेय ने बताया कि कांवड़ियों की जल सेवा और पुष्प वर्षा पूरा सावन चलेगी। युवा मंच संगठन के जिला सचिव राजा दिवाकर और लकी ठाकुर ने बताया कांवड़ियों की सेवा का भाव लेकर संगठन ने जो जल सेवा और पुष्प वर्षा की जिम्मेदारी ली है वह शनिवार से सोमवार तक दिन रात चलेगी। हर संगठन के युवाओं की ओर से जनसहयोग और योगदान किया जा रहा है। संगठन के सुशील कुमार मौर्य, दिलीप जोशी, नितिन दिवाकर, सूर्या, शिवम रस्तोगी, पुष्पेंद्र श्रीवास्तव, अरुण सक्सेना, हरी दिवाकर, राज वर्मा, धर्मवीर शाक्य, लकी दिवाकर, जीतू कुमार, आशु, रजत आदि उपस्थित रहे।


कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा करते संगठन के पदाधिकारी। अमृत विचार

- युवा मंच संगठन की ओर से पूरे माह कांवड़ियों की होगी सेवा


कांवड़ियों के रूट पर भेजे गए वाहन को रवाना करते सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य और ब्लॉक प्रमुख ।

# जिले के लोगों ने हमेशा किया सपा का सम्मान


कार्यक्रम में मौजूद सपा के मुख्य सचेतक व आजमगढ़ सांसद धर्मेंद्र यादव।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के मुख्य सचेतक व आजमगढ़ सांसद धर्मेंद्र यादव संभल और बदायूं के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। मुख्य अतिथि रामगोपाल यादव, मुख्य सचेतक और बदायूं सांसद आदित्य यादव ने बहजोई में निजी अस्पताल का उद्घाटन किया। गुन्नौर में सत्यपाल यादव, सुमित यादव, पीयूष रंजन के यहां निजी कार्यक्रम में सम्मलित हुए।

कार्यक्रमों में उन्होंने कहा कि बदायूं के लोगों ने हमेशा सपा का सम्मान किया है। पार्टी के संघर्ष के दिनों में नेताजी के कंधे से कंधा मिलाकर साथ दिया। जिसके चलते पार्टी अधिक मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनाव में प्रदेश की बागडोर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हाथ में होगी। इस दौरान पूर्व मंत्री प्रदीप यादव, पूर्व विधायक प्रेमपाल सिंह, हाजी मसर्रत अली उर्फ बिट्टन, राजेश यादव, काजी रिजवान,आदि रहे।

# 52 में से 5 शिकायतों का हुआ निस्तारण

संपूर्ण समाधान दिवस

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शनिवार को तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता करते हुए डीएम अवनीश राय ने अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण करने को निर्देशित किया। इस दौरान 52 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिसमें पांच का मौके पर निस्तारण किया गया।

डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण में शिकायतकर्ता की संतुष्टि आवश्यक है। इसका विशेष ध्यान रखा जाए। कहा कि शासन स्तर से भी निस्तारण की गुणवत्ता के संबंध में फीडबैक लिया जाता है इसलिए अधिकारी पूरी गंभीरता से कार्य करें। संपूर्ण समाधान दिवस में चकरोड पर से अवैध कब्जा हटवाने, भूमि की पैमाइश करवाने सहित पुलिस विभाग की 2, विकास की 6, राजस्व 29, विद्युत की एक, नगर पालिका परिषद की 3, पूर्ति की 10 और अन्य विभाग की एक सहित 52 शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिनमें से 5 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

शेष प्राप्त शिकायती एवं प्रार्थना पत्रों का सम्बंधित अधिकारियों को गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह, सीडीओ केशव कुमार व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।


शिकायतें सुनते डीएम अवनीश राय और एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह।

- शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें अधिकारी : डीएम
- शनिवार को तहसील सदर में हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

### बिल्सी में एसडीएम ने सुनी जनता की शिकायतें

बिल्सी, अमृत विचार : तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस में तीसरे शनिवार को एसडीएम रिपुदमन सिंह ने जनता की शिकायतों को सुना। इस दौरान यहां मात्र 25 शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से दो शिकायतों का मौके पर निराकरण कर दिया गया। शेष सभी शिकायती पत्रों को संबंधित अधिकारियों को भेज दिया गया। उन्होंने कहा कोई भी शिकायत लंबित नहीं रहनी चाहिए। समय से शिकायतों का निस्तारण होना चाहिए। ताकि जनता को अपनी समस्या के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े। इस मौके पर एसपीआरए केके सरोज, तहसीलदार प्रभा सिंह, पूर्ति निरीक्षक धीरज गुप्ता, एसडीओ जेपी सिंह, बीईओ गौतम प्रकाश, फूड इंस्पेक्टर शाहबुद्दीन अली, प्रदीप सक्सेना, सूरज भारती, विनोद कुमार सिंह, हरिओम सिंह आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### पौधरोपण करके संरक्षित करने का लिया संकल्प



बदायूं, अमृत विचार : : जमात ए इस्लामी हिंद संगठन के चिल्ड्रन इस्लामिक आर्गेनाइजेशन ( सीआईओ) की ओर से चलाए जा रहे मिट्टी में हाथ, दिल वतन के साथ के अंतर्गत 25 जुलाई तक अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत शहर के एक अस्पताल में पौधरोपण किया गया। फरिया आलम ने बताया कि अभियान के अंतर्गत अब तक 500 पौधे लगाए जा चुके हैं और आगे भी लगाए जाएंगे। इस मौके पर डॉ. इत्तेहाद आलम,मोहम्मद हमजा, रेयान, इनाया, आमीन फातिमा, फजल, फैसल, इज़ान, अर्सलन, आयरा, शिफा, जफर, शाहीन, सरफराज अब्बसी आदि का सहयोग रहा।उत्कर्ष मिश्रा, हर्षित गंगवार, संतोष भारती, प्रांजल सक्सेना आदि मौजूद रहे।



### बिजली शिविर में 145 में 98 शिकायतों का निस्तारण

सहसवान अमृत विचार : शनिवार को विद्युत उपखंड कार्यालय पर एक दिवसीय मेगा शिविर का आयोजन किया गया। अधिशासी अभियंता के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी विपिन गुप्ता, अवर अभियंता धर्मपाल सिंह ( सहसवान टाउन), अवर अभियंता हरिशंकर ( ग्रामीण सहसवान मुजरिया), और अवर अभियंता वीरेंद्र प्रताप ( ग्रामीण जरीफनगर-दहगवां) सहित विभागीय टीम ने उपभोक्ताओं की शिकायतें सुनीं और उनका निराकरण किया। शिविर में 145 शिकायतें आईं, जिनमें मौके पर 98 शिकायतों का समाधान किया गया। साथ ही विद्युत विभाग ने 12 लाख 13 हजार रुपए की बकाया राशि भी वसूली की। शिविर के दौरान अजीत सिंह, रहमान खान, हरदेवाराम और अन्य स्टाफ भी मौजूद रहा।

### निबंध में स्नेहा और भाषण प्रतियोगिता में वेदांशी प्रथम



बदायूं,अमृत विचार : गिन्दो देवी महिला महाविद्यालय में प्राचार्या डॉ. सरला चक्रवर्ती के संरक्षण में भूजल सप्ताह कार्यक्रम चल रहा है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रीति वर्मा और कार्यक्रम अधिकारी अवनीशा वर्मा, रोबर्स-रेंजर्स प्रभारी शालू गुप्ता, एनसीसी प्रभारी डॉ. श्रद्धा यादव के निर्देशन में निबंध और भाषण प्रतियोगिता कराई गई। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम सेमेस्टर की स्नेहा और भाषण प्रतियोगिता में तृतीय सेमेस्टर की वेदांशी ने पहला स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या डॉ. सरला चक्रवर्ती ने छात्राओं को अपने आसपास जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया और उनके प्रयासों के लिए बधाई दी।

### बैठक में ब्राह्मण समाज की एकजुटता पर दिया जोर



बदायूं अमृत विचार : अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद, की एक बैठक दातागंज के ग्राम जमालपुर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता परिषद के अवध प्रान्त के उपाध्यक्ष राम अवतार मिश्रा ने की। उन्होंने कहा कि आज का समय एकजुट होने का है इसलिए गांव गांव में बैठक कर समाज को एकता का पाठ पढ़ाया जा रहा है। ग्राम जमालपुर में बैठक में उन्होंने कहा कि ब्राह्मणों ने विश्व को एक परिवार के समान माना है। अत्याचार, अन्याय और शोषण को दूर करने के प्रयास किए हैं। कहा कि आज समाज को एकजुट होने की जरूरत है तभी सुरक्षित रह सकेंगे। बैठक में शैलेन्द्र कुमार मिश्रा सचिन तिवारी, रजनीश तिवारी, सुधाकर तिवारी, रिंकू तिवारी, सर्वेश तिवारी, विवेक तिवारी, दिनेश चन्द्र शर्मा, मोनू तिवारी, ब्रज शंकर तिवारी, कु.रौनक, कु. शिखा, प्रीति, शिवम्, कामता प्रसाद तिवारी, आदि रहे।

# गंगा के तटबंधों के नीचे पहुंचा पानी, खतरा टला

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** गंगा में पानी कम होने के साथ ही अब बाढ़ की संभावना भी 80 प्रतिशत कम हो गयी है। तटबंधों के नीचे पानी उतर जाने से स्थानीय लोगों को भारी राहत मिली है। लोगों ने अपने खेतों में काम करना शुरू कर दिया है। उसहैत और हुसैनपुर तटबंधों के नीचे पानी पहुंच जाने से किसानों को अब कोई खतरा नहीं है।

शनिवार को नरौरा बैराज से 35 हजार क्यूसेक पानी गंगा में छोड़ा गया। जिससे गंगा में अब बाढ़ का खतरा भी टल गया है। उसहैत के जटा और कछला के हुसैनपुर तटबंधों के नीचे तक पानी उतर चुका है जिससे किसानों के खेत अब पूरी तरह खाली हो चुके हैं। किसानों ने अपने खेतों में धान की रोपाई और बाजरा की बुवाई शुरू कर दी है। इसके साथ ही मक्का करने वाले किसानों को भी राहत मिली है। उसहैत क्षेत्र के कई गांवों तक पानी पहुंच चुका था जिससे किसान बाढ़ की संभावना व्यक्त कर रहे थे। लेकिन उसके बाद नरौरा बिजनौर और हरिद्वार बैराज से भी पानी कम आने लगा जिससे गंगा में 40 से 30 हजार क्यूसेक ही पानी कई दिनो से आ रहा है।

**रामगंगा ने भी समेटा आंचल, नीचे पहुंचा पानी :** रामगंगा ने भी अपना आंचल समेटना शुरू कर दिया है। हजरत पुर क्षेत्र में पानी गंगा में थोड़ी सी जगह में बह रहा है अब तक गंगा की धार ऊपर तक दिख रही थी, वह अब कुछ मीटर के बीच ही दिखाई दे रही है। खेत खाली हो चुके हैं। हजरत पुर से गढ़िया रंगीन को जाने वाली सड़क के दोनो ओर पानी खत्म हो चुका है । रसूलपुर लिलवाँ सहित कई गांवों में अब पानी खत्म हो चुका है। गंगा में बाढ़ न आने से लोगों में खुशी है।


उसहैत क्षेत्र के जटा गांव की ओर गंगा में कम होता पानी । ● अमृत विचार

- हुसैनपुर उसहैत क्षेत्र के तटबंध हुए खाली, नहीं रहा पानी
- बाढ़ खंड ने कहा कि अब बाढ़ की संभावना 80 प्रतिशत हुई कम

> बारिश कम होने के कारण बैराज में पानी कम हो रहा है जिससे गंगा में भी कम पानी छोड़ा जा रहा है। गंगा और रामगंगा के तटबंधों के नीचे पानी पहुंचने पर किसानों ने अपना काम तेज कर दिया है।
> **नेशपाल** – सहायक अभियंता, बाढ़ खंड

# संकट आने पर अवतार लेकर दूर करते हैं भगवान

,संवाददाता, बिल्सी

- शिव मंदिर में संगीतमय भागवत कथा के दूसरे दिन सुनी कथा
- कथा व्यास ने कहा कि प्रभु के हो जाने पर ही कल्याण संभव

**अमृत विचार :** नगर के शिव शक्ति भवन मंदिर में संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के दूसरे दिन कथा व्यास आचार्य उमंग दीक्षित ने अपने मुखारविंद से कहा कि प्रभु के हो जाओ, प्रभु के लिए करो, प्रभु का ही नाम स्मरण करो, यही कल्याण का सूत्र है।

अनंत जन्म बीत गए किंतु 84 के चक्कर से नहीं निकल सके निरंतर अभ्यास एवं चिंतन की आवश्यकता है कि मैं केवल भगवान का हूं और मेरे ऊपर केवल भगवान का अधिकार है।

संसार के जितने संबंध हैं उनके प्रति केवल कर्तव्य निर्वाह करते हुए प्रेम व समर्पण केवल भगवान के प्रति करना है जितने भी कर्म हमारे जीवन में हों उनमें मूल उद्देश्य भगवान की प्रसन्नता ही हो ऐसा होने से हम अपने जीवन में फिर वो कर्म नहीं कर सकते जो अधर्म युक्त हो, क्योंकि भगवान धर्म विग्रह हैं। आचार्य ने भगवान के 24 अवतारों का वर्णन किया। पृथ्वी पर जब जब असुरों की शक्ति को बल मिला तब तब ईश्वर ने किसी न किसी रूप में सामने आए हैं और जनता को मुक्ति दिलाई है।

# वैरपुर मानपुर की सड़क बनी दलदल

संवाददाता, सहसवान

**अमृत विचार :** विकासखंड सहसवान के अंतर्गत ग्राम वैरपुर मानपुर का संपर्क मार्ग पूरी तरह जर्जर हो चुका है। सड़क पर दो-दो फीट गहरे गड्ढे हैं, जिनमें बरसात का पानी और कीचड़ जमा है। इस कीचड़ युक्त सड़क से होकर गांव के सरकारी स्कूल के बच्चे प्रतिदिन गुजरते हैं । जिससे उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार, बच्चों को जूते-चप्पल उतारकर कीचड़ भरे रास्ते से होकर स्कूल जाना पड़ता है। यह स्थिति बच्चों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है और स्कूल तक पहुंचने में परेशानी पैदा करती है। बारिश के मौसम में यह रास्ता चलने योग्य नहीं रहता है। बुजुर्गों, महिलाओं और दुपहिया वाहन चालकों को भी आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि न सिर्फ प्रधान ने इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया, बल्कि अब तक स्थानीय प्रशासन द्वारा भी कोई संज्ञान नहीं लिया गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते कार्रवाई न हुई, तो वे मजबूर होकर प्रदर्शन का रास्ता अपनाएंगे।

# कांग्रेस की कार्यशाला में जुटे पार्टी के दिग्गज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** अब देश के लोग भाजपा से परेशान हो चुके हैं इसलिए भाजपा और आरएसएस को सत्ता से बाहर करना होगा। यह बात पूर्व विधायक प्रदीप माथुर ने कही। वह उझानी रोड स्थित एक प्रतिष्ठान पर कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान की एक दि वसीय कार्यशाला को सम्बोधित कर रहे थे।

शनिवार को एक दिवसीय कार्यशाला की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अजीत यादव ने की। कार्यशाला में जनपद के सभी ब्लाकों के अध्यक्ष व प्रभारी के साथ जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी और फ्रंटल संगठनों के प्रस्तावित जिलाध्यक्ष भी शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रवक्ता एडवोकेट प्रदीप कुमार सिंह ने किया।

जोन कोऑर्डिनेटर प्रदीप माथुर ने कहा कि आने वाला समय कांग्रेस का है। जननायक राहुल गांधी जन जन के मन में समा गये हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार की नफरत और जनविरोधी राजनीति ने देश का बंटाधार कर दिया है। आज देश मे भय का माहौल है। यूपी में कानून व्यवस्था पूरी तरह से फेल हो चुकी।

निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि जनपद में पंचायत चुनावों में कांग्रेस अहम भूमिका निभाएगी। जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने कहा कि भाजपा चुनाव आयोग, डीएम और ईवीएम का सहारा लेकर चुनाव जीतने का प्रयास कर रही है। लेकिन उसके मंसूबे पूरे नहीं होगें। उपाध्यक्ष बफाती मियां, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कश्यप, जिला उपाध्यक्ष अनिल यादव ,अल्पसंख्यक कांग्रेस जिलाध्यक्ष हाजी नुसरत अली, उपासना सिंह, जिला कोषाध्यक्ष साजिद खान ठेकेदार , जिला कंट्रोल रूम प्रभारी तजम्मुल अंसारी, जिला उपाध्यक्ष फहीम अहमद, जिला महासचिव सत्यम यादव, जिला महासचिव हुकुम सिंह, जिला महासचिव सलीम अंसारी ,आदि लोग मौजूद रहे।



एक दिवसीय कार्यशाला में मौजूद पार्टी पदाधिकारी। अमृत विचार

- पूर्व विधायक ने कहा कि भाजपा से देश परेशान, करना होगा सत्ता से बाहर
- उझानी रोड स्थित प्रतिष्ठान पर हुई कांग्रेस सृजन अभियान की एक दिवसीय कार्यशाला

## हार्टफुलनेस ध्यान केंद्र पर कराया ध्यान का अभ्यास

**बदायूं, अमृत विचार :** नगर के प्रीत विहार कॉलोनी स्थित हार्टफुलनेस ध्यान केंद्र पर तीन दिवसीय ध्यान शिविर का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जिज्ञासुओं ने प्रतिभाग किया। जोनल कोऑर्डिनेटर अनुज सक्सेना ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए मेडिटेशन के बारे में बताते हुए कहा कि हार्टफुलनेस ध्यान हमें अपने हृदय की आवाज को सुनकर उसका अनुसरण करने के लिए प्रेरित करता है। ध्यान का अभ्यास भी हमें ईश्वरीय उपस्थिति का अनुभव करता है।

प्रशिक्षक नीरज कुमार ने सभी को हार्टफुलनेस रिलैक्सेशन का अभ्यास कराया तथा प्रशिक्षक अशोक कुमार ने सभी से इसी उत्साह के साथ शामिल होने को कहा। कार्यक्रम की सफलता में प्रशिक्षक लखन सिंह और स्वयं सेवक कीर्ति कुमार गोयल, सुरेंद्र सक्सेना, विवेक कुमार, रुपेंद्र पाल, केसरी सिंह, प्रिंसी, रेखा, स्मिता रस्तोगी आदि का विशेष सहयोग रहा

# दूसरे दिन भी अस्पताल में 7 घंटे गुल रही बिजली

### जिला अस्पताल में बंद रहा काम, नहीं हुए एक्सरे, अस्पताल में छाया अंधेरा, डॉक्टर भी देर से आए

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


जिला अस्पताल में छाया अंधेरा, बिजली गुल। ● अमृत विचार

● कुछ देर चला जनरेटर, भटकते रहे मरीज और तीमारदार

**अमृत विचार :** बिजली विभाग की लापरवाही जिले भर के लोगों पर भारी पड़ रही है। मुख्य रूप से शहर के जिला अस्पताल में बिना बिजली के मरीज और स्टाफ को भारी परेशानी हो रही है। कुछ देर जनरेटर चला कर काम किया गया बाद में बंद कर दिया गया जिससे एक्सरे कराने पहुंचे मरीजों को वापस लौटना पड़ा।

बिजली विभाग की व्यवस्था गर्मी के दिनों में पूरी तरह फेल हो जाती है। पिछले कई दिनों से जिले भर में बिजली के लिए हाहाकार मचा हुआ है। शहर से लेकर गांवों तक में पूरे पूरे दिन बिजली गुल रहती है। विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपभोक्ताओं के साथ अभद्रता कर रहे हैं जिससे जगह जगह धरना प्रदर्शन हो रहे हैं और अब सीधे सरकार को कोस रहे हैं। जनता इस बात से नाराज हो रही है कि बिजली समस्या लगातार बनी है किसानों को खेत में सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल रहा है और जनप्रतिनिधि इस व्यवस्था को सुधार नहीं कर रहे ।

शहर में पिछले कई दिनो से बिजली की समस्या बनी हुई है। शुक्रवार को शहर के कई मोहल्लों की बिजली कई कई घंटे को ठप रही। शनिवार को भी शहरी क्षेत्र में बिजली गुल रही। सुबह आठ बजे जिला अस्पताल की बिजली गुल हो गयी। जिससे अस्पताल पहुंचने वाले मरीज और तीमारदार परेशान रहे। ओपीडी में अंधेरा छाया रहा जिससे डाक्टर भी दस बजे के बाद ही पहुंचे। घोर अंधकार होने से वह ज्यादा देर तक नहीं बैठ सके जिससे मरीजों की धक्का मुक्की शुरू हो गयी। दोपहर 12 बजे तक बिजली नहीं आयी जिससे एक्सरे रूम के बाहर मरीजों व उनके परिजनों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। हंगामा की सूचना मिलने पर सीएमएस के आदेश पर कुछ मिनटों के लिए जनरेटर चलाया गया। जिससे कुछ ही मरीजों के एक्सरे हो सके। लाइन में लगे मरीज एक बजे वापस लौटने लगे। लेकिन एक बजे के बाद बिजली सप्लाई शुरू हो गयी जिसके बाद कुछ मरीजों के एक्सरे किए गए।

जिला अस्पताल के वार्ड में मरीजों को गर्मी के चलते परेशानी हुई। लेकिन मरीजों को भी बिजली के अभाव में पसीना बहाना पड़ा।

अस्पताल प्रशासन का कहना है कि जनरेटर ब्लड बैंक के लिए कुछ देर को चलाया गया जिससे कुछ एक्सरे भी हुए और लैब में काम भी हुआ। लेकिन बिजली न होने से कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा।

#### कई विभागों में नहीं हुआ काम

बिजली न होने से जिला अस्पताल स्थित नेत्र विभाग, यूनानी दवाखाना, होम्योपैथिक अस्पताल और आयुर्वेदिक अस्पताल में कोई काम नहीं हुआ। इन अस्पतालों में अपने संसाधन न होने के कारण बिजली सप्लाई बंद होने पर भारी दिक्कत होती है। अस्पताल को आने वाली लाइन में शुक्रवार को भी फाल्ट रहा जिससे कई घंटे बिजली गुल रही।

#### देहात क्षेत्रों में बिजली कटौती को लेकर मचा हाहाकार

बिनावर बिजली घर से जुड़े सौ से अधिक गांवों में कई दिन से बिजली संकट बना हुआ है। कुछ मिनटों को सप्लाई दी जाती है और फिर कई घंटों गुल रहती है। उपभोक्ताओं का कहना है कि बिनावर बिजली घर पर समस्या बताने पर उपभोक्ताओं के साथ अभद्रता की जाती है। जिससे लोग शिकायत करने भी नहीं पहुंच रहे हैं। सहसवान के नाधा क्षेत्र में बिजली कई दिन से गुल है। मुजरिया और कोलहाई में बिजली संकट के चलते ग्रामीण प्रदर्शन कर रहे हैं। फिर भी बिजली विभाग सुनने को तैयार नहीं है।

## सामूहिक दुष्कर्म करने के तीन दोषियों को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● न्यायाधीश ने 50-50 हजार रुपये लगाया जुर्माना, पीड़िता को क्षतिपूर्ति के लिए दी जाएगी धनराशि

**अमृत विचार :** रेस्टोरेंट में जन्मदिन पार्टी के बहाने कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिला के पिलाने और बारी-बारी से सामूहिक दुष्कर्म करने के तीन आरोपियों को विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट दिनेश तिवारी ने दोषी पाते हुए आजीवन कारावास और 50-50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना की राशि पीड़िता को क्षतिपूर्ति के लिए देने का आदेश दिया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी मुकदमा ने कोतवाली सिविल लाइन पुलिस को 13 अप्रैल 2021 को तहरीर देकर बताया था कि वह कोचिंग कर रही थी। जहां उसकी एक लड़की से दोस्ती हो गई। जिसका उसका भाई उसकी जन्मदिन पार्टी के बहाने उसे रेस्टोरेंट ले गया था। जहां नशीला पदार्थ मिलाकर उसे कोल्ड ड्रिंक पिलाई और उसके साथ दुष्कर्म किया। वीडियो भी बना ली। वह होश में आई तो वीडियो दिखाकर उसे किसी को न बताने को लेकर धमकाया। कहा कि अगर किसी को बताया तो बदनाम कर देगा। जिसके बाद सदन और उसके साथी भानु प्रताप यादव और सुमित यादव ने पीड़िता के साथ उसकी इच्छा के बिना बारी-बारी से दुष्कर्म किया। जिसके बाद वह तीनों जगह-जगह बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म करते रहे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। न्यायालय में उसावां थाना क्षेत्र के गांव धर्मपुर निवासी भानु प्रताप यादव पुत्र ओमपाल सिंह, शहर के मोहल्ला नेकपुर निवासी सदन पुत्र विद्याराम और शहर के अशोक नगर के मकान नंबर 101 निवासी सुमित यादव पुत्र नौबत सिंह पर सामूहिक दुष्कर्म का मुकदमा चलाया गया। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य का अवलोकन किया। विशेष लोक अभियोजक अमोल जौहरी और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलीलों को सुनने के बाद तीनों आरोपियों को दोषी पाते हुए सजा सुनाई है।

## सार-संक्षेप

### राजमार्ग के एक गांव के दो घरों से हजारों की चोरी



**विजय नगला, अमृत विचार :** चोरों ने बरेली–मथुरा राजमार्ग किनारे दो घरों से हजारों रुपये के सोने–चांदी के आभूषण और घर का सामान चोरी कर लिया। घरों के मालिकों ने पुलिस को तहरीर दी है। थाना बिनावर क्षेत्र के बदायूं मथुरा हाईवे स्थित मलगांव निवासी बृजनंदन ने बताया की शुक्रवार की रात किसी समय चोर दीवार के सहारे छत के जरिए घर में दाखिल हुए। कमरे में रखे 60 किलो फूल, पीतल के बर्तन थाल, थलिया, बाल्टा, कपड़े, सोने का ओम, मंगलसूत्र, चांदी की चार जोड़ी पांव, घर में रखे 15 हजार रुपये चोरी करके ले गए। एक अन्य घटना में हरिओम ने तहरीर देकर बताया कि चोर उनके घर से सोने का मंगलसूत्र, छह हजार रुपये के पीतल के फूल बर्तन और 25 हजार रुपये नगद चोरी कर लिए। दोनों के ही परिवार गर्मी की वजह से बरामदे में सो रहे थे। रात में किसी समय चोर घर में घुस आए। घटना के बाद से ग्रामीण रात को जागकर अपने–अपने घरों की रखवाली कर रहे हैं। बिनावर के प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार कंबोज ने बताया कि मामले की जांच कराकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### 55 लाख पौधों से संवर रही हरियाली

**बदायूं, अमृत विचार :** नौ जुलाई से शुरू हुआ पौधरोपण अभियान जिलेभर में तेजी से जारी है। वन विभाग समेत कई विभागों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया है। बरेली रोड स्थित अरबोरिटम में शनिवार को दो सौ पौधे रोपित कर वन विभाग ने लोगों से अपील की कि हर व्यक्ति कम से कम एक पौधा जरूर लगाए और उसका पालन–पोषण कर हरियाली बढ़ाने में योगदान दे। अब तक जिले में 55 लाख से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं। शनिवार को रेंजर और क्षेत्रीय वनाधिकारी विकास वरुण ने सुबह दस बजे से दोपहर 12 बजे तक बरेली रोड स्थित अरबोरिटम में पौधरोपण किया। करीब दो सौ पौधे लगाकर उनकी देखभाल करने की जिम्मेदारी अरबोरिटम कर्मचारियों को दी। कहा कि पौधे लगाने से सुख समृद्धि आती है। प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसका पालन पोषण करना चाहिए। वन विभाग को जिले में अभी चार स्थानों पर पौधरोपण करना है जिसमें उझानी के अम्बेडकर पार्क, कछला क्षेत्र के एक गांव में और दातागंज तथा कादरचौक क्षेत्र में पौधारोपण करना है। इसके लिए अलग अलग तिथियां निर्धारित की गयी हैं। साथ ही ग्रामीणों से कहा गया है कि वह अपने खेत खलिहानों में पौधे लगाएं और प्रकृति के साथ चलने का प्रयास करें। वन विभाग के प्रभागीय निदेशक डा. प्रदीप कुमार वर्मा ने बताया कि जुलाई माह में पौधरोपण अभियान चलता रहेगा। लोग इसके बाद भी पौधे लगाना चाहते हैं तो उन्हे निशुल्क पौधे दिए जाएंगे। सभी राजकीय पौधशालाओं में अभी 30 लाख से अधिक पौधे तैयार हैं। इसलिए किसान, छात्र, व्यापारी, दुकानदार, समाज सेवियों को पौधे दिए जा रहे हैं।

### हाईटेंशन लाइन से झुलसे बच्चे की इलाज के दौरान मौत



**विजय नगला, अमृत विचार :** हाईटेंशन लाइन की चपेट में छह साल का एक बच्चा झुलस गया। बच्चे का बरेली के अस्पताल में इलाज चल रहा था। जहां उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम के अंतिम संस्कार कर दिया। बच्ची की मौत के परिजनों में चीत्कार मचा है। मामला बिनावर थाना क्षेत्र के मोहल्ला नई बस्ती का है। नसीम के घर के ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। उनका छह साल का बेटा नोमिन गुरुवार दोपहर लगभग तीन बजे अपने घर की छत पर खेल रहा था। परिजनों के अनुसार छत पर खेलते समय नोमिन हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से झुलस गया। जहां इलाज के दौरान शनिवार सुबह लगभग 10 बजे बच्चे की मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना शव का अंतिम संस्कार कर दिया। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि मोहल्ले से हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। पहले भी कई लोगों को करंट लग चुका है। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार कंबोज ने बताया कि घटना के बारे में पुलिस को सूचना नहीं दी गई है।

### 20 दारोगा के कार्यक्षेत्र बदले

**बदायूं,अमृत विचार :** जिले के चार चौकी इंचार्ज समेत 20 उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्रों में बदलाव किया गया है। शुक्रवार शाम एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने सूची जारी करके स्थानांतरित स्थित पर कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश दिया है। पुलिस लाइन के विनय कुमार को कछला नाका चौकी, जुगमेंद्र बालियान को उझानी के बिल्सी नाका चौकी, विदेश कुमार शर्मा को बिसौली कस्बा चौकी और यतेंद्र कुमार को जरीफनगर की मालपुर चौकी का इंचार्ज बनाया गया है। इनके अलावा पुलिस लाइन के घनश्याम सिंह को कुंवरगांव का वरिष्ठ उपनिरीक्षक, आशाराम को सम्मन सेल, अखलेश कुमार को वजीरगंज, बाबू खां को सदर कोतवाली, लियाकत अली व दिनेश कुमार को फैजगंज बेहटा, कमरुद्दीन खान को उसावां, सर्वेश कुमार को बिनावर, सुरेंद्र सिंह को कादरचौक स्थानांतरित किया गया है। साथ ही पुलिस लाइन के रणधीर सिंह को उघैती, हेतराम सिंह को रिट सेल, सुभाष सिंह को इस्लामनगर, अब्बास मोहम्मद को बिसौली, अलापुर के अनिल त्यागी का दातागंज, बिनावर के विनोद शर्मा को कुंवरगांव और कुंवरगांव के वरिष्ठ उपनिरीक्षक योगराज सिंह को पुलिस लाइन भेजा गया है।

## सड़क पर फैली मक्का पर फिसली बाइक, महिला की मौत

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** उझानी-बिल्सी के सिरासौल मार्ग पर किसानों द्वारा सुखाई जा रही मक्का अब लोगों की जान पर बन आई है। शुक्रवार की रात मार्ग पर स्थित गांव सिरासौल के पास रोड पर फैली मक्का से बाइक फिसल गई। जिसमें बहन-भाई घायल हो गए। जिसमें बहन के सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई।


मृतक नेहा ओझा।

नगर बिल्सी के मोहल्ला छह बिजलीघर रोड निवासी दिलीप कुमार ओझा की बेटी नेहा ओझा (25) और बेटा अंकित ओझा शुक्रवार की रात करीब आठ बजे उझानी स्थित एक होटल में नेहा की बेटी आस्था की जन्मदिन की पार्टी करके बाइक से वापस बिल्सी को लौट रहे थे। जैसे उनकी बाइक उझानी-बिल्सी मार्ग पर स्थित गांव सिरासौल के पास पहुंची। तभी सामने से कोई दूसरे वाहन की लाइट उनके ऊपर पड़ी तो अंकित ने बाइक को एक साइड में लेने की कोशिश की। जिससे उनकी बाइक सड़क पर फैली मक्का चढ़ गई और फिसल गई। जिससे नेहा और अंकित घायल हो गए। जिसमें नेहा के सिर में गंभीर चोट लगी थी। जिसकी हालत मौके पर काफी खराब हो गई। परिवार के लोगों ने एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। कुछ देर बाद नेहा ने दम तोड़ दिया। उसके बाद नेहा के ससुराल वाले शव अपने गांव धीरपुर थाना दातागंज ले गए। जहां शनिवार को उसका अंतिम संस्कार किया गया।

# टाइफाइड पीड़ित महिला की जिला अस्पताल में मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


महिला की मौत के बाद अस्पताल में जुटी भीड़। ● अमृत विचार

● पुलिचीख पुकार के बीच जबरन शव को रखवाया बाहर
● परिजनों ने लगाया गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप

**अमृत विचार :** ब्लॉक जगत के ग्राम मचलई निवासी आकिल की 19 वर्षीय पत्नी हिना को कई दिनों से बुखार आ रहा था। डॉक्टरों ने टाइफाइड और टीबी की पुष्टि की। सुधार न होने पर शनिवार दोपहर उसे जिला अस्पताल लाया गया। डॉ. एसएम कमल ने भर्ती कर इंजेक्शन लगाने को कहा। स्टाफ नर्स ने एक के बाद एक दो इंजेक्शन लगा दिए। चंद मिनटों में हिना की हालत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई।

मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। हिना के पति आकिल ने आरोप लगाया कि अस्पताल प्रशासन की लापरवाही और गलत इंजेक्शन से उसकी पत्नी की जान गई। उसने बताया कि भर्ती के वक्त हिना होश में थी, पानी भी पिया था और बात कर रही थी। आकिल ने अपने परिजनों को फोन पर सूचना दी। जिसके बाद उसके गांव से सैकड़ों लोग जिला अस्पताल पहुंच गए। ग्रामीणों ने अस्पताल में हंगामा कर दिया।

हंगामा बढ़ते देख सीएमएस डॉ. कप्तान सिंह पहुंचे। परिजन शव कुछ देर अस्पताल में रखने की गुहार लगाते रहे, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। सुरक्षा कर्मियों की मदद से शव को जबरन वार्ड से बाहर निकाल कर वाहन से गांव भिजवा दिया गया।

हिना के 10 माह के बेटे ने मां के शव से लिपटकर बिलखना शुरू कर दिया। बच्चे की मासूमियत और मां से आखिरी लिपट का मंजर देख अस्पताल परिसर की हर आंख भर आई। डॉ. एसएम कमल ने सफाई दी कि महिला की हालत पहले से नाजुक थी और उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि होश में लाने की कोशिशें नाकाम रहीं।

परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर शव से जल्दबाजी में निपटने का आरोप लगाया। मौके पर मौजूद लोगों ने भी प्रशासनिक रवैये की निंदा की। परिजन कहते रहे अभी परिवार आ रहा है, शव यहीं रहने दो, मगर किसी ने नहीं सुनी और शव को बाहर करवा दिया।

## "जल है तो कल है" विषय पर महाविद्यालय में हुईं प्रतियोगिताएं

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


भूजल संरक्षण के प्रति जागरूक करते सांस्कृतिक परिषद के संयोजक डॉ. राकेश कुमार जायसवाल।

● भूजल सप्ताह के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय में कराई गईं प्रतियोगिताएं

**अमृत विचार :** आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय में सांस्कृतिक परिषद की ओर से जल है तो कल है विषय पर भाषण, निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 21 जुलाई को महाविद्यालय के सभागार मे जिला स्तरीय प्रतियोगिता होगी। जिसमें जिले के सभी महाविद्यालयों के विजेता प्रभागी शामिल होंगे।

भूजल संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए हुई भाषण प्रतियोगिता में नीति सक्सेना पहले, गौसिया दूसरे और अरुण सिंह तीसरे स्थान पर रहे। निर्णायक की भूमिका डॉ. दिलीप वर्मा, डॉ. संजय कुमार और डॉ. जुनेद आलम ने निभाई। निबंध प्रतियोगिता में मोहित मिश्रा को पहला, अरुण सिंह को दूसरा और तनु को तीसरा स्थान हासिल हुआ। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा के माध्यम से भूजल संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। जिसमें सलोनी पाल को पहला, राखी को दूसरा, तनु व शगुन शर्मा को संयुक्त रूप से तीसरा स्थान मिला। निर्णायक की भूमिका डॉ. सरिता यादव, डॉ. गौरव कुमार सिंह और डॉ. प्रियंका सिंह राघव ने निभाई।

डॉ. सतीश सिंह यादव, डॉ. हुकुम सिंह, डॉ. सचिन कुमार, डॉ. प्रेमचंद चौधरी आदि ने सहयोग किया। प्रतियोगिता की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार व संचालन सांस्कृतिक परिषद के संयोजक डॉ. राकेश कुमार जायसवाल ने किया।

## गोद भराई के बाद बाइक और एक लाख रुपये मांगे तो तोड़ दिया रिश्ता

संवाददाता, विजय नगला

● लड़की के पिता ने तहरीर देकर की कार्रवाई की मांग, पुलिस ने शुरू की जांच

**अमृत विचार :** शादी तय होने के बाद गोद भराई की रस्म हुई। जिसके बाद होने वाले ससुरालीजनों ने एक लाख रुपये और बाइक की मांग शुरू कर दी। जो पूरी न होने पर शादी करने से मना कर दिया। लड़की के पिता ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

थाना मूसाझाग क्षेत्र की नगर पंचायत गुलड़िया निवासी वेदपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उन्होंने अपनी बेटी की शादी सिविल लाइन क्षेत्र के गांव दहेमी निवासी युवक के साथ तय की थी। शहर में एक परिचित के घर पर बेटी को दिखाने का कार्यक्रम किया था। जिसके बाद 40 लोगों ने आकर बेटी की गोद भराई की रस्म की थी। नवंबर में शादी होना तय हुआ था। घर पर शादी की तैयारी शुरू कर दी थी। जिसके अंतर्गत काम वालों को एडवांस रुपये भी दे दिए थे। 12 जुलाई को युवक, उसके पिता और बहन आए। और दहेज में एक बाइक और एक लाख रुपये मांगने लगे। वेदपाल ने कहा कि शादी तय होने के दौरान जो तय हुआ था उतना ही खर्च करेंगे। इसके अलावा कुछ दे पाने में असमर्थ हैं। तो उन लोगों ने शादी करने से मना कर दिया। रिश्तेदारों ने पंचायत की लेकिन वह लोग अपनी मांग पर अड़े रहे। इससे वेदपाल का परिवार मानसिक रूप से परेशान है। कहा कि बेटी आत्महत्या की कोशिश कर चुकी है। पुलिस ने जांच शुरू की है। जिसकी रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई का आश्वासन दिया है। थाना प्रभारी मान बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। जांच की जा रही है।

**शिकायतों का किया निराकरण, साढ़े तीन लाख भी वसूले : बिल्सी।** पावर कारपोरेशन द्वारा नगर के बिजलीघर पर लगाए गए बिल सुधार कैंप में शनिवार को कुल 24 शिकायत पंजीकृत की गई। इस दौरान बकायेदार उपभोक्ताओं से तीन लाख रुपये का राजस्व भी वसूला गया।

## डीपॉल स्कूल में 24 जुलाई को लगेगी प्रदर्शनी

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला विज्ञान क्लब के जिला समन्वयक विवेक जौहरी ने बताया कि 24 जुलाई को सुबह आठ बजे से डीपॉल स्कूल में इंस्पायर अवार्ड की जिला स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। कहा कि विद्यार्थियों में नव प्रवर्तन की प्रवृत्ति को निखारने और प्रतिभा का सम्मान करते हुए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत हर साल इंस्पायर अवार्ड योजना में हर शिक्षण संस्थान से पांच विद्यार्थियों के नव प्रवर्तन आमंत्रित किए जाते हैं। उनमें से उत्कृष्ट नव प्रवर्तन को सरकार की ओर से दस हजार रुपये की धनराशि नव प्रवर्तक के खाते में जमा की जाती है। इसके बाद हर साल जिला स्तर पर चयनित नव प्रवर्तकों की प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है। प्रदर्शनी में 2023-24 और 2024 -25 में चयनित प्रतिभागी अपने शिक्षा संस्थान के माध्यम से प्रतिभाग करेंगे।

# मेडिकल कॉलेज के समारोह में मेधावी सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


द्वितीय कॉलेज महोत्सव के मौके पर मंच पर मौजूद अतिथि गण। ● अमृत विचार

● एमजेपी रुहेलखंड विवि के कुलपति ने किया सम्मानित

**अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज में शनिवार को द्वितीय कॉलेज दिवस समारोह गरिमामय एवं हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई, जिसमें मुख्य अतिथि एमजेपीआरयू बरेली के कुलपति प्रो. डॉ. के.पी. सिंह, विशिष्ट अतिथि रजिस्ट्रार एवं परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार सिंह, विशेष अतिथि डॉ. एन.सी. प्रजापति तथा कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. अरुण कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

प्राचार्य प्रो. डॉ. अरुण कुमार ने कॉलेज की प्रगति पर प्रकाश डाला और स्थापना से लेकर वर्तमान तक की उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राजकीय मेडिकल कॉलेज चिकित्सा शिक्षा और सेवाओं दोनों में लगातार प्रगति कर रहा है। कॉलेज की टीम क्षेत्रीय जनमानस की आशाओं पर खरा उतरने का प्रयास कर रही है।

समारोह में 17 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इनमें 10 को सर्टिफिकेट ऑफ ऑनर, 6 को सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट तथा 2020 बैच के छात्र आर्यन गुप्ता को एम.बी.बी.एस. की समस्त परीक्षाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर एन.सी. प्रजापति गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन उप-प्रधानाचार्य डॉ. नेहा सिंह के नेतृत्व में डॉ. मुकत्याज हुसैन, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. सुचेता यादव, डॉ. नितेश पति तिवारी सहित अन्य टीम सदस्यों द्वारा किया गया। डॉ. नेहा सिंह ने स्वागत भाषण दिया जबकि डॉ. सुचेता यादव ने पुरस्कार वितरण का संचालन किया।

इस अवसर पर कॉलेज की द्वितीय वार्षिक मैग्जीन न्यूक्लियस 2024 का विमोचन किया गया और मुख्य अतिथि द्वारा संकाय सदस्यों को मोमेंटो देकर सम्मानित भी किया गया। प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अर्शिया मसूद सिद्दीकी ने सभी अतिथियों, आयोजकों, संकाय सदस्यों व छात्रों का आभार प्रकट किया। समारोह में डॉ. विपिन कुमार, डॉ. वेकेंट नारायण, डॉ. अमित कुमार, डॉ. मनीष कुमार सिंह, डॉ. वशिष्ठ मिश्रा, डॉ. सीमा सरन, डॉ. अभिषेक शर्मा, डॉ. लालेन्द्र यादव, डॉ. रश्मि सिंह, डॉ. अमृता वाजपेयी, डॉ. शिवम कामठान, डॉ. पारूल सक्सेना, डॉ. पुनीत कुमार, डॉ. श्रवण कुमार भार्गव सहित कई अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

आवश्यकता है
● मैट्रन (नर्सिंग का अनुभव) ● नर्स (Male/Female) (ANM/GNM)
● आयुर्वेदिक परिचारिका ● OT टेक्निशियन
● वार्ड ब्यॉय ● ड्राइवर (मल्टीपर्पज) ● कैंटीन कुक
रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड बरेली
मो: +91-8077808309, 9837357497

अमृत विचार क्लासीफाइड

सूचना
सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र विनोद कुमार को उनके गलत आचरण के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर उसे अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **रामकुमार पुत्र रामेश्वर दयाल भीरा जनपद खीरी लखीमपुर**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 16.07.2025 को थाना बिजौरिया रेलवे स्टेशन पर मेरी इण्टर का अंकपत्र अनुक्रमांक 0658503 व हाईस्कूल का अंकपत्र अनुक्रमांक 0882722 वास्तव में कहीं खो गये हैं। जो तलाश करने के बाद भी नहीं मिले हैं। **मो. जफर पुत्र रिफाकत हुसैन निवासी ग्राम रिछौला किफायतुल्ला थाना व तह. नवाबगंज, बरेली।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा एक विलेख दिनांक 20.02.2012 बुक सं. 1 वॉल्यूम संख्या 5192 पृष्ठ सं. 359 से 382 तक क्रमांक 2473 जोकि अजय कुमार अग्रवाल पुत्र नरेन्द्र देव अग्रवाल से खरीदी गई थी जो श्रीमती आशा आर्य पत्नी स्व. श्री रमेश चन्द्र आर्य के नाम है वास्तव में कहीं खो गये हैं। **यश कुमार पुत्र श्री योगेद्र सिंह निवासी मकान सं. 8 बिहारमान नगला, मुंशी नगर, बरेली। मो. 7500589999**

आवश्यकता है
The Glamour Beauty Parlour
में फुल-टाइम लेडी ब्यूटीशियन की आवश्यकता है।
वेतन: योग्यता अनुसार
स्थान : Max City, Grass Mandi, Nakatiya
Full time 10-7 PM
संपर्क करें :-
6399667666, 8445819999

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# विचार अभिव्यक्ति की मर्यादा

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता महत्वपूर्ण है। संविधान निर्माताओं ने सच्चे लोकतंत्र की स्थापना के लिए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को मौलिक अधिकार बनाया है, लेकिन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का यह अधिकार असीम नहीं है। इसकी सीमा है। संविधान के अनुच्छेद 19 में यह अधिकार स्पष्ट है। कहा गया है, "सभी नागरिकों को वाक् स्वातंत्र्य और अभिव्यक्ति स्वातंत्र्य का अधिकार होगा।" वहीं इसी अनुच्छेद के खण्ड 2 में इस अधिकार की मर्यादा बताई गई है। आगे कहा गया है कि, "भारत की संप्रभुता, अखण्डता, सुरक्षा, विदेशी राज्यों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध, लोकव्यवस्था, शिष्टाचार या सदाचार के हितों में अथवा न्यायालय अवमान के संबंध में विद्यमान विधि के प्रवर्तन पर फर्क नहीं पड़ेगा।" बीते कुछ समय से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के इस अधिकार का दुरुपयोग बढ़ रहा है। इस पर राष्ट्रीय बेचैनी है। सर्वोच्च न्यायालय ने कई मामलों में स्पष्ट किया है कि विचार अभिव्यक्ति की यह स्वतंत्रता निरपेक्ष नहीं है।

दरअसल सोशल मीडिया में सक्रिय एक बड़े वर्ग द्वारा आभासी आक्रमण दंगा भड़काने वाले पोस्ट डाले जा रहे हैं। अश्लील चित्र और अवैध संबंधों का महिमामण्डन किया जा रहा है। ऐसे में सोशल मीडिया जैसे विशाल मंच के दुरुपयोग की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। देश चिंतित है। सांप्रदायिक संघर्ष भड़काने वाली झूठी सूचनाएं भी राष्ट्रीय एकता और आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरनाक बताई जा रही हैं। सुप्रीम कोर्ट ने विकलांग व्यक्तियों पर आपत्तिजनक टिप्पणियों को गंभीरता से लिया है। सर्वोच्च न्यायपीठ ने अटॉर्नी जनरल से सोशल मीडिया के दिशा निर्देश तैयार करने की अपेक्षा की है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का निरंकुश दुरुपयोग राष्ट्र के लिए अच्छा नहीं है। एक अन्य मुकदमे में सर्वोच्च न्यायपीठ ने कहा है कि, "अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मूल्यवान है। आखिरकार देश के नागरिक स्वयं अपना नियमन क्यों नहीं कर सकते?" भारत विश्व प्रतिष्ठित देश है। हम भारत के लोग अपने परिजनों/देशवासियों से शब्द संयम की न्यूनतम अपेक्षा तो कर ही सकते हैं। यह बात सही है कि विचार अभिव्यक्ति आवश्यक है, लेकिन इससे भी ज्यादा आवश्यक है कि अभिव्यक्ति का सौंदर्य और उसका प्रवाह अश्लील अभद्र और आक्रामक न हो। संप्रति सोशल मीडिया में सदाचार और अभद्र आचरण को भी जाति वर्ग में बांटने का प्रचार चल रहा है। आखिरकार विचार अभिव्यक्ति का अर्थ क्या है? अस्तित्व सत्य है, अस्तित्व सुंदर है और शिव भी है। हमारे उद्भव का स्रोत अस्तित्व है। अस्तित्व प्रतिपल अभिव्यक्त हो रहा है। सत्य, शिव और सुंदर को प्रकट करना और राष्ट्र को आनंद आपूरित करना अभिव्यक्ति का उद्देश्य है।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> संगीत, कला, काव्य और साहित्य सहित सभी सृजन विचार स्वातंत्र्य में ही खिलते हैं। आधुनिक विश्व के सभी देशों में इनका सम्मान है। लेकिन भारत और शेष विश्व में इनके उद्देश्यों में मौलिक अंतर है। भारतीय संगीत, कला, काव्य और साहित्य का लक्ष्य लोकमंगल है। यहां जो लोकमंगल नहीं साधता वह साहित्य नहीं हो सकता।

संगीत, कला, काव्य और साहित्य सहित सभी सृजन विचार स्वातंत्र्य में ही खिलते हैं। आधुनिक विश्व के सभी देशों में इनका सम्मान है। लेकिन भारत और शेष विश्व में इनके उद्देश्यों में मौलिक अंतर है। भारतीय संगीत, कला, काव्य और साहित्य का लक्ष्य लोकमंगल है। यहां जो लोकमंगल नहीं साधता वह साहित्य नहीं हो सकता। यहां श्रीकृष्ण भी बांसुरी वादक हैं और शिव नटराज। ऋग्वेद में अग्नि देवता व बृहस्पति को भी कवि बताया गया है। यहां विचार अभिव्यक्ति का लक्ष्य किसी की भावनाओं को चोट पहुंचाना नहीं था। भारतीय भाषाओं के सबसे लोकप्रिय कवि तुलसीदास ने रामचरित मानस लिखी थी। यहां पहले से ही इस्लामी शासन था लेकिन उनकी रामकथा में इस्लाम या तत्कालीन शासकों पर कोई टिप्पणी नहीं है। संविधान निर्माता सजग थे। उन्होंने विचार अभिव्यक्ति का स्वातंत्र्य दिया, साथ ही मर्यादा के बंधन भी लगाए। संविधान सभा (1.12.1948) में प्रो. के.टी. शाह ने बंधनों का विरोध किया, कहा कि "यहां मुख्य प्रावधान के बजाय अपवादों पर अधिक जोर दिया गया है, वास्तव में दांए हाथ से जो कुछ दिया गया है उसे तीन, चार बार बांए हाथों से छीन लिया गया है।" शाह ने समाचार पत्रों को अधिकार देने की मांग की। कहा "संयुक्त राष्ट्र संघ के घोषणा पत्र में समाचार पत्रों की स्वाधीनता को प्रमुख स्थान दिया गया है। हमारे मसौदाकारों ने इसे क्यों छोड़ा?" दामोदर स्वरूप सेठ ने भी कहा कि "इस अनुच्छेद में जिन अधिकारों को दिया गया है उनका उसी अनुच्छेद की धारा से खण्डन हो जाता है।" अनेक तर्क हुए लेकिन अंततः बंधनों पर ही सहमति हुई। समाचार पत्रों को इसी अधिकार में सम्मिलित माना गया। मर्यादाओं की सूची में 'अपराध प्रेरण, शिष्टाचार, सदाचार, न्यायालय अवमान, आदि शब्द रखे गए थे। लेकिन चीनी हमले के समय वामपंथी समूहों ने राष्ट्रीय संप्रभुता को भी चुनौती दी। तब 'भारत की संप्रभुता और अखण्डता' को प्रभावित करने वाली अभिव्यक्ति पर मर्यादा की बात 1963 के 16वें संविधान संशोधन में जोड़ी गयी। राष्ट्र का संवर्द्धन हरेक नागरिक का कर्तव्य है। संविधान का अनुच्छेद 51क (42वां संविधान संशोधन) मूल कर्तव्यों का है। प्रख्यात संविधानविद् न्यायमूर्ति डी.डी.बसु की टिप्पणी पठनीय है कि "मूल कर्तव्य न्यायालय द्वारा प्रवर्तनीय नहीं है। इनका उल्लंघन भी दण्डनीय नहीं है लेकिन न्यायालय ऐसे व्यक्ति की प्रेरणा पर मूल अधिकार का प्रवर्तन करने से इंकार कर सकता है जिसने संवैधानिक कर्तव्यों में से किसी एक का उल्लंघन किया है।" इस सूची में संविधान का पालन, संवैधानिक संस्थाओं, राष्ट्रध्वज व राष्ट्रगान का आदर, राष्ट्र की संप्रभुता, एकता, अखण्डता का सम्मान, समानता व भाईचारा बढ़ाने, सांस्कृतिक परंपरा का सम्मान और परिरक्षण आदि 11 संवैधानिक कर्तव्यों का पालन किए जाने की अपेक्षा की गई है। लेकिन अनेक लोग विचार अभिव्यक्ति के अधिकार का प्रयोग करते समय संवैधानिक कर्तव्यों का ध्यान नहीं रखते। भारत संघ बनाम नवीन जिंदल मामले (2004) में न्यायालय ने राष्ट्रध्वज के लहराने को भी विचार अभिव्यक्ति मानकर अनुच्छेद 19(1) की परिधि में मौलिक अधिकार बताया था। वाक् स्वातंत्र्य का अधिकार बड़ा है। शब्द सत्ता बड़ी है-शब्द संयम में प्रीति होती है, रस होता है। शब्द दुरुपयोग में उत्तेजना है, भावना और आस्था पर आक्रमण है।

विश्वविख्यात कलाकार एम.एफ. हुसैन ने सरस्वती व सीता के अश्लील चित्र बनाए थे। इसे विचार अभिव्यक्ति कहेंगे या विकार अभिव्यक्ति? सोशल मीडिया में आपत्तिजनक सामग्री की आंधी है। शब्द संयम में ही सौन्दर्य प्रकट होता है और शब्द अनुशासनहीनता में अश्लीलता। सर्वोच्च न्यायालय ने 2005 में मौन रहने को भी अनु. 19(1क) के अधीन विचार अभिव्यक्ति का अधिकार बताया था। राजनीति शब्दों का ही खेल है। लेकिन राजनीतिक शब्दकोष से शालीनता के तत्व गायब हैं। यहां आरोप-प्रत्यारोप हैं। संसद और विधानमण्डल में बोले गए शब्दों पर न्यायालय कार्यवाही नहीं कर सकते। इसलिए संसदीय शब्द अराजकता अपनी सीमा पार कर गई है। वाक् स्वातंत्र्य के अधिकार का सदुपयोग सामाजिक परिवर्तन में होना चाहिए। वाद-विवाद में मधुमय सम्वाद की प्राचीन संस्कृति को बढ़ाना चाहिए। समाज के छोटे से हिस्से की भी भावनाओं को आहत करने वाले शब्दों का प्रयोग अभिव्यक्ति की आजादी का दुरुपयोग है। इसी तरह बात बे बात किसी विचार, संगीत, कला, काव्य या फिल्म को लेकर हल्ला बोलना भी स्वतंत्र समाज के लिए बहुत घातक है। राष्ट्र राज्य अपना कर्तव्य निभाए और नागरिक अपना।

# शिक्षा में समानता और दोहरे न्याय का स्कूल वर्जन

बात सिर्फ सरकारी या निजी स्कूल की नहीं है, बात उस दोहरे मापदंड की है जो शिक्षा के मंदिरों को बाजार और बेड़ियों में बांट रहा है। मान्यता दोनों को उसी सरकार से, उन्हीं नियमों और शर्तों पर मिलती है, लेकिन मानना सिर्फ सरकारी स्कूलों की मजबूरी बनती है, जबकि निजी स्कूलों को मिली है खुलेआम मनमानी की छूट।




सरकारी विद्यालय को हर दिशा-निर्देश का पालन करना है-चाहे वह समय पर प्रार्थना हो, पोषण मापक हो, टीकाकरण हो, दस्तावेजी सबूत हो या बार-बार बदले जाने वाले पोर्टल। वहीं निजी विद्यालय चाहें तो छुट्टियों में पढ़ाएं, फीस मनचाही लें, पाठ्यक्रम से हटकर किताबें पढ़ाएं और मनमाने मूल्यांकन करें-कोई पूछने वाला नहीं। अपनी सुविधा से जब चाहे छुट्टी, जब चाहे क्लास, जब चाहे विद्यालय का समय अपने अनुकूल कर लें।

> सरकारी विद्यालय को हर दिशा-निर्देश का पालन करना है-चाहे वह समय पर प्रार्थना हो, पोषण मापक हो, टीकाकरण हो, दस्तावेजी सबूत हो या बार-बार बदले जाने वाले पोर्टल। वहीं निजी विद्यालय चाहें तो छुट्टियों में पढ़ाएं, फीस मनचाही लें, पाठ्यक्रम से हटकर किताबें पढ़ाएं और मनमाने मूल्यांकन करें-कोई पूछने वाला नहीं।

निजी विद्यालय तय करता है कौन पढ़ेगा, कितनी फीस देगा, कब छुट्टी होगी, और किस माध्यम से पढ़ाई होगी-स्मार्ट क्लास हो या विदेश यात्रा। जबकि सरकारी विद्यालय को हर बच्चा लेना है, चाहे वह पढ़ने को इच्छुक हो या नहीं, हर गैर शैक्षणिक गतिविधि करनी है, चाहे शिक्षण समय बर्बाद हो या नहीं, और हर आदेश का पालन करना है, चाहे वह व्यावहारिक हो या नहीं। निजी स्कूल अगर परीक्षा न लें तो 'ऑल्टर्नेट असेसमेंट', सरकारी स्कूल न लें तो 'शिथिलता'। क्या ये शिक्षा में समानता है या दोहरे न्याय का स्कूल वर्जन? ऊपर से अगर कोई परिणाम न निकले, तो सवाल सिर्फ शिक्षक से- जवाबदेही सिर्फ सरकारी व्यवस्था से।



प्रवीण त्रिवेदी
फतेहपुर

अगर शिक्षा में वास्तव में सुधार चाहिए, तो दोनों को समान नियम, समान आज़ादी और समान ज़िम्मेदारी दी जाए। सरकारी स्कूलों को भी उतनी ही स्वतंत्रता मिले जितनी निजी स्कूलों को मिली है-नामांकन चयन की, पाठ्यक्रम पद्धति की, अनुशासन व्यवस्था की और शिक्षण प्रयोग की। तब होगी असली प्रतिस्पर्धा -ईमानदार, असरदार और बराबरी पर खड़ी। नहीं तो अभी तो ये एकतरफा मुकाबला है जिसमें सरकारी शिक्षक से वही चमत्कार मांगा जा रहा है जो एक हाथ बांधकर युद्ध जीतने जैसा है, इसलिए या तो तदनुसार बदलाव हो या फिर यह तय हो कि आखिर सरकारी स्कूलों से अपेक्षा क्या है?

# नदियों के संरक्षण से निकलेगा भूगर्भ जल का समाधान

पृथ्वी पर जीवन की कल्पना जल के बिना अधूरी है। जल ही जीवन का आधार है और इसका सबसे महत्वपूर्ण स्रोत भूगर्भ जल है, जिसे हम सामान्यतः कुंओं, नलकूपों, हैंडपंपों के माध्यम से उपयोग करते हैं। यह जल वर्षों की प्राकृतिक प्रक्रिया द्वारा धीरे-धीरे धरती की परतों में संग्रहित होता है और समय आने पर हमें जीवन देता है। परंतु विडंबना यह है कि आज हम इस अमूल्य धरोहर का अत्यधिक दोहन कर रहे हैं, जिससे न केवल जल संकट उत्पन्न हो गया है, बल्कि पर्यावरणीय असंतुलन भी गंभीर होता जा रहा है। इस संकट का यदि कोई सबसे प्रभावी और स्थायी समाधान है, तो वह है-नदियों का संरक्षण।

भारतवर्ष, जहां गंगा, यमुना, ब्रह्मपुत्र, नर्मदा, कृष्णा, गोदावरी, ताप्ती, कावेरी जैसी पवित्र नदियां बहती हैं, वहां आज जल के लिए त्राहि-त्राहि मची है। यह कैसी विडंबना है कि नदियों की गोद में पले-बढ़े हम आज उसी जल के एक-एक बूंद के लिए संघर्ष कर रहे हैं। कारण स्पष्ट है -हमने नदियों को जीवनदायिनी समझने के बजाय मात्र एक संसाधन समझ लिया, उन पर बांध बनाए, उनका मार्ग बदला, उनके तटों पर कंक्रीट के जंगल उगाए, उनमें कचरा बहाया, और अब जबकि वे कराह रही हैं, तो हम स्वयं भी सूखती धरती और गिरते जलस्तर के बीच अपनी सांसें गिन रहे हैं।

आज भारत के लगभग 718 जिलों में से 256 जिले ऐसे हैं जहां भूजल स्तर अत्यंत गंभीर स्थिति में पहुंच चुका है। अनेक क्षेत्रों में जलस्तर 200 फीट से नीचे चला गया है। उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे राज्य सबसे अधिक प्रभावित हैं। केन्द्रीय भूजल बोर्ड की रिपोर्टों में यह सामने आया है कि भारत की 60 प्रतिशत से अधिक भूमि पर जलस्तर खतरनाक गति से गिर रहा है और यदि यही स्थिति रही, तो आने वाले 20 वर्षों में देश के अनेक हिस्सों में भूजल पूरी तरह समाप्त हो सकता है।



डॉ .जितेंद्र शुक्ला
वन्य जीव विशेषज्ञ

> यहां यह भी समझना आवश्यक है कि नदियां केवल पहाड़ों से नहीं निकलतीं। बहुत-सी नदियां धरती के भीतर से निकलती हैं, जिन्हें "धरातलीय जलधाराएं" कहा जाता है।

यह संकट केवल पीने के पानी तक सीमित नहीं है। खेती, पशुपालन, उद्योग, ऊर्जा उत्पादन, पारिस्थितिकी और जीव-जंतुओं का अस्तित्व-ये सब जल पर निर्भर हैं। जब जल नहीं होगा, तो अनाज नहीं होगा, जब अनाज नहीं होगा, तो जीवन नहीं बचेगा। इसलिए भूजल का संरक्षण कोई विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता बन चुका है।

अब प्रश्न उठता है कि भूजल का स्तर क्यों गिर रहा है? इसका प्रमुख कारण है-वर्षा जल का भूमिगत पुनर्भरण न हो पाना। जब वर्षा होती है और उसका जल भूमि में समा नहीं पाता, तब वह बहकर नालियों, नदियों और अंततः समुद्र में चला जाता है। यह स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब नदियां सूख चुकी होती हैं या उन पर इतना अतिक्रमण हो चुका होता है कि वे जल को समाहित नहीं कर पातीं।

नदियां भूजल पुनर्भरण की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। जब नदियां अपने स्वाभाविक रूप में बहती हैं, तो उनके किनारे की भूमि वर्षा जल को सोख लेती है। यह जल धीरे-धीरे धरती की परतों में जाकर भूजल भंडार को भरता है। वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध किया है कि एक किलोमीटर लंबी और सौ मीटर चौड़ी नदी यदि सालभर बहती रहे, तो वह आसपास के दस किलोमीटर क्षेत्र में भूजल स्तर को संतुलित बनाए रख सकती है। लेकिन जब वही नदी सूख जाती है या उसका जल कचरे और प्रदूषण से भर जाता है, तब वह पुनर्भरण प्रक्रिया थम जाती है और जलस्तर गिरने लगता है।

यहां यह भी समझना आवश्यक है कि नदियां केवल पहाड़ों से नहीं निकलतीं। बहुत-सी नदियां धरती के भीतर से निकलती हैं, जिन्हें "धरातलीय जलधाराएं" कहा जाता है। ये नदियां भूजल से ही पोषित होती हैं। जब भूजल घटता है, तो ये नदियां सूख जाती हैं और जब ये सूख जाती हैं, तो भूजल और अधिक गिरता है-यह एक दुःखद चक्र बन जाता है। इसका समाधान तभी संभव है जब हम नदियों को पुनर्जीवित करें।

देश के कई हिस्सों में जब नदियों को पुनर्जीवित किया गया, तो परिणाम चमत्कारी रहे। राजस्थान के अलवर जिले में पर्यावरणविद् राजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों सूखी नदियों को पुनर्जीवित किया गया, जिनके चलते लगभग 1200 गांवों में जल संकट समाप्त हो गया। वहां के कुएं फिर से भरने लगे, खेतों में हरियाली लौट आई और पशुओं को पानी मिलने लगा। महाराष्ट्र में "जलयुक्त शिवार" योजना के अंतर्गत 2014 से 2019 के बीच 16 हजार से अधिक गांवों में नालों और नदियों का गहरीकरण और चौड़ीकरण किया गया, जिससे 20 फीट से अधिक भूजल स्तर में सुधार हुआ। तमिलनाडु के वेल्लोर, कर्नाटक के बीदर, उत्तर प्रदेश के ललितपुर और बुंदेलखंड क्षेत्र में नदियों के पुनर्जीवन से न केवल भूजल स्तर बढ़ा, बल्कि वहां के किसान फिर से दो फसलों की खेती करने लगे। ये उदाहरण बताते हैं कि नदियां केवल जल की धार नहीं हैं, वे धरती की धड़कन हैं, जो सूख जाएं, तो सब कुछ सूख जाता है।

अब आवश्यकता है कि हम नदियों के संरक्षण को राष्ट्रीय अभियान के रूप में अपनाएं। इसके लिए निम्नलिखित उपाय अत्यंत आवश्यक हैं-सबसे पहले नदियों के जलग्रहण क्षेत्रों को सुरक्षित किया जाए। वहां वृक्षारोपण हो, अवैध निर्माण पर रोक लगे, रेत खनन नियंत्रित किया जाए और नालों की दिशा नदी की ओर मोड़ी जाए। वर्षा जल संचयन को अनिवार्य किया जाए। प्रत्येक भवन, विद्यालय, अस्पताल और उद्योग में वर्षा जल को भूमिगत टैंकों या जलधारण गड्ढों के माध्यम से जमीन में पहुंचाया जाए।

हमें पारंपरिक जल संरक्षण तकनीकों को फिर से अपनाना चाहिए। समाज को जल संरक्षण और नदियों के पुनर्जीवन में सक्रिय भागीदार बनाया जाना चाहिए। यह भी ज़रूरी है कि नदियों के किनारे जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाए ताकि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का नदी जल में प्रवाह कम हो। नदी तटों पर 100 मीटर के क्षेत्र में वृक्षारोपण और चारागाह विकास से नदी की पारिस्थितिकी को स्थिर किया जा सकता है। जल न केवल जीवन का स्रोत है, बल्कि संस्कृति, आस्था, समाज और अर्थव्यवस्था का भी मूल है। यदि जल नहीं बचा, तो सभ्यता भी नहीं बचेगी।

# जड़ता से चैतन्यता की ओर

प्रायः हम जड़ता को भौतिक वस्तुओं से संदर्भित करते हैं और चैतन्यता को जीवन से परंतु आध्यात्मिक अर्थों में चैतन्यता का तात्पर्य महज जीवन से नहीं वरन पूर्ण जागृत अवस्था में जीवंतता से है। ऐसी अवस्था जहां अपनी वास्तविक सत्ता का बोध हो, संसार में आने का औचित्य सिद्ध हो और त्याग, समर्पण, दया, समानता अपरिग्रह का निर्मल भाव अंतर्मन में निरंतर प्रवाहमान हो।

नाशवान मनुष्य द्वारा अपने सद कर्मों से सांसारिक आसक्ति रूपी जड़ता को ज्ञान, निष्काम कर्म व भगवत प्रेम से तोड़ना ही चैतन्य अवस्था की और अग्रसर माना गया है जिसका आग्रह हमारे मनीषियो और धर्मग्रंथो में भी किया गया है, जो कि सनातन का प्राण तत्व है।



बीना नयाल
लेखिका, अल्मोड़ा

अनंत काल से प्रकृति के समस्त तत्वो का उद्देश्य अपनी जड़ अवस्था को तोड़कर मानवता को लाभान्वित कर निरंतर चैतन्य अवस्था को प्रदर्शित करना रहा हैं। हमारे शास्त्रों में जीवनदायिनी नदियों को चैतन्य माना गया है क्योंकि पूरे जीवन काल वे सभ्यता और मानवता को सींचते, संरक्षण, संवर्धित करते हुए जीवन के अंत काल में अपने अस्तित्व को अनंत सागर में विलीन कर देती है जिससे पुनः जल जल चक्र के माध्यम से झरने, ताल, नदी के रूप में धरती में प्रवाहित होता है। यदि प्रकृति भौतिक दृष्टि से जड़ होने के बावजूद इतनी प्रबुद्ध, त्यागी, संयमी और दयालु व्यवहार प्रदर्शित करती है तो मनुष्य भौतिक दृष्टि से हृदय, चेतना व मेघा से संपन्न होने के बावजूद क्यों पतंगे की भांति सांसारिक लोभ, तृष्णा और संग्रह में आसक्त रहता है और निरंतर 84 की योनि में चक्कर लगाने के बावजूद अपनी जड़ता से बंधा रहता है।

मनुष्य परम सत्ता का अंश है जो कि पूर्ण है और अंश में पूर्णता के सभी संस्कार बीज रूप में समाहित रहते हैं। बस आवश्यकता है उसे उपयुक्त वातावरण की, भीतर से आत्म चेष्टा, निरंतर ज्ञान, वैराग्य और त्याग के अभ्यास की जिससे बीज की सुषुप्त अवस्था की जड़ता टूटे व मूल दिव्य संस्कार पौध के रूप में फलित होकर छायादार व फलदार वृक्ष के रूप में परिपक्वता ग्रहण कर प्रकृति व मानवता का हित करें। ईश्वरीय अंश होने के कारण यह मनुष्य जन्म का परम हेतु भी है और सार्थकता भी कि हम चैतन्य जागृत अवस्था को अनुभूत करें।

# मीरा का संदेश

भक्तिकाल की कवयित्री तथा संतों की सूची में 'मीराबाई' का नाम शामिल है। मीरा थीं तो राजघराने की लेकिन मीरा की स्थिति-परिस्थिति देखकर तो प्रतीत होता है कि उनमें शिवत्व का वास था, क्योंकि धर्मग्रंथों में विष का संबंध या तो देवाधिदेव शिव से मिलता है या मीरा से। जहां देव-समूह की रक्षा के लिए शिवजी बड़े आह्लाद के साथ विषपान करते हैं, वहीं कृष्ण की भक्ति के बल पर उन्हें विष दिया गया तो उसे उसमें देव-तत्व का अमृत मिलाकर मीरा पी गईं।



सलिल पांडेय
वरिष्ठ लेखक

मीरा के जीवन का इतिहास है कि उच्चस्तरीय परिवार में उनका विवाह हुआ। राजमहल में रहने वाली मीरा पर जन्म-जन्मांतर की भक्ति का असर था लिहाजा वह जोगन (योगी) बन गईं। इस कथ्य पर गौर किया जाए तो मनुष्य का शरीर किसी राजमहल से कम नहीं है। इस महल में दस द्वार और सात झरोखे हैं। द्वार के रूप में दस ज्ञानेंद्रियां और कर्मेन्द्रियां हैं तो सात झरोखों में मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपुर, अनहत, विशुद्ध, आज्ञा और सहस्रार चक्र शामिल है। मीरा का जोगन बनना यह प्रमाणित करता है कि वाह्यजगत के बजाय अन्तर्जगत में स्थित होकर इन चक्रों को उन्होंने जागृत कर लिया। योगदर्शन में इन चक्रों को साधने को ही कुंडलिनी जागरण भी कहते हैं। मीरा के अत्यंत प्रचलित भजन में एक पद 'महलों में पली बन के जोगन चली, मीरा गली गली हरि गुण गाने लगी...' का उल्लेख है। जिसका सीधा अर्थ है कि मीरा ने अन्तर्जगत से में स्थित आह्लाद रूप में स्थित ईश्वरीय शक्तियों से जब संबंध बनाया तो शरीर कीनस-नाड़ियों के रूप में जितनी गलियां हैं, सब से गोविंद शब्द स्वतः निकलने लगा। योग की सिद्धि में रोम-रोम से 'ऊँ' और 'राम' की गूंज होने लगती है।

> मीरा की अन्तरशक्तियों के जागरण का यह परिणाम रहा कि वह जहर को अमृत की तरह पी तो गईं ही, साथ ही समुद्र के खारापन को दूर करने के लिए मीठी सरिता का मिलन करा दिया।

इसी 'राम' गूंज को डाकू जीवन जी रहे रत्नाकर को महर्षि नारद ने बताया और इसकी साधना कराई तो डाकू प्रवृत्ति छूट गई तथा ऋषित्व भाव जागृत हो गया। फिर तो वाल्मीकि होकर रामायण की रचना की तथा प्रथम कवि कहलाए।

मीरा की अन्तरशक्तियों के जागरण का यह परिणाम रहा कि वह जहर को अमृत की तरह पी तो गईं ही, साथ ही समुद्र के खारापन को दूर करने के लिए मीठी सरिता का मिलन करा दिया। 'मीरा सागर में सरिता समाने लगी..' का आशय है कि जहां भी खारापन हो, विराट होने का दम्भ हो, वहां मृदुता भर देना तथा अहंकार के खारेपन को दूर कर देना। सागर का खारापन जिंदगी में काम-क्रोध, मद-लोभ आदि प्रपंचों की ओर इंगित करता है। समुद्र में अहंकार का ही परिणाम था कि लंका जाते समय भगवान श्रीराम ने भी समुद्र की हठवादिता को नष्ट कर उसे विनयी होने का आदेश दिया। इसे एक प्रतीक रूप में जीवन के अहंकार से जोड़ा जाना चाहिए। मीरा का जीवन हर मानव के लिए अनुकरणीय है। इन भावों को जो भी आत्मसात करेगा वह नकारात्मकता के जीवन-समुद्र को सरिता (नदी) से मृदुल बना सकता है।

# धामी के सपनों में कैसे फिट होगा उत्तराखंड

जब एक व्यक्ति कोई ख्वाब देखता है, तो उसे पूरा करने के लिए दिन रात एक कर देना होता है। शायद इसीलिए कहा जाता है कि आंखों को सपने जरूर देखने चाहिए ताकि उसे पूरा करने के लिए आपके पैर दौड़ लगा सके। भारत का एक बहुत छोटा सा राज्य है उत्तराखंड, जो नया भी है और युवा भी और युवाओं को सपने देखने चाहिए। अच्छी बात ये है कि पिछले 4 बरसों से इस प्रदेश के मुखिया एक युवा हैं और वो भी जम कर सपने देखते हैं। इसी सपनों की कड़ी में एक सपना था उत्तराखंड को आर्थिक तौर पर मजबूत करने का और इसके लिए युवा मुख्यमंत्री ने एक बड़ी पहल की जिसमें दुनिया भर के इनवेस्टर्स आए। लेकिन कहते हैं ना कि जरूरी नहीं कि जमीन में बोया गया हर बीज एक पलदार वृक्ष का स्वरूप ले ही। इस वैश्विक निवेशक सम्मेलन (8-9 दिसंबर 2023) के दो वर्ष पूरे होते-होते सरकार ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। जहां आमतौर पर सरकार की ज्यादातर योजनाएं धरातल से ऊपर नहीं उठ पाती है वहां अगर धामी सरकार इस विश्वस्तरीय सम्मेलन को करा पाने में सफल हुई जिसमें की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर देश-विदेश के बड़े-बड़े इनवेस्टर्स शामिल हुए जिसमें विभिन्न क्षेत्र (स्वास्थ्य, लॉजिस्टिक्स, उच्च शिक्षा, पर्यटन, फिल्म, उर्जा) में करीब-करीब साढ़े तीन लाख करोड़ के इनवेस्टमेंट (मेमोरेंडा ऑफ अनडर्स्टैंडिंग) की बात थी और एक लाख करोड़ की ग्राऊंडिंग संभव हो पाई है। उत्तराखंड सरकार का उद्देश्य



अर्चना राजहंस
पत्रकार

> सरकार जहां एक तरफ इनवेस्टर्स को प्रदेश में इनवेस्ट करने के लिए सहूलियत मुहैया करा रही है वहीं प्रदेश में किसी भी तरह के भ्रष्टाचार से निबटने के लिए सरकार ने जीरो टोलरेंस की नीति भी अपनाई है।

जहां एक तरफ उत्तराखंड को भारत का नया इनवेस्टमेंट डेस्टिनेशन बनाना है वहीं इसके नेपथ्य में जाएं तो पता चलता है कि सरकार के लिए पलायन वो कोढ़ बन चुका है जिससे निबटारा पाने का यह रामबाण रोडमैप हो सकता है। एक आंकड़े के मुताबिक अभी तक हुए इनवेस्टमेंट में करीब 5 से 10 हजार स्थानीय लोग इसका सीधे तौर पर लाभ उठा पाएंगे। निवेशक बेधड़क राज्य में इनवेस्ट कर सके इसके लिए सरकार ने लचीला कानून के साथ-साथ पारदर्शिता पर अधिक जोर दिया है। सरकार जहां एक तरफ इनवेस्टर्स को प्रदेश में इनवेस्ट करने के लिए सहूलियत मुहैया करा रही है वहीं प्रदेश में किसी भी तरह के भ्रष्टाचार से निबटने के लिए सरकार ने जीरो टोलरेंस की नीति भी अपनाई है। चाहे अधिकारी हों या नौकरशाह, भ्रष्टाचार में सम्मिलित होने की भनक मात्र से राज्य सरकार कड़ी कार्रवाई कर रही है। मुख्यमंत्री हर संभव प्रदेश की छवि को साफ-सुथरा रखने की कोशिश करते हैं। इस बीच पिछले 4 सालों में सरकार ने केंद्र की मदद से कई योजनाएं प्रदेश में लागू की हैं जिससे आधी आबादी को ठोंस फायदा पहुंचा है। आज उत्तराखंड में महिलाएं स्वरोजगार से काफी लाभान्वित हुई हैं। कई गांवों में जहां महिलाएं होम स्टे के जरिये घर बैठे कमा रही हैं और दूसरे गांवों के लिए भी मिसाल बन रही हैं वहीं लखपति दीदी जैसी योजनाओं के माध्यम से महिलाएं कुटीर उद्योग चला रही हैं। दिल्ली टू देहरादून ऑल वेदर रोड भी इसी कड़ी का हिस्सा है। पहले जहां पहाड़ में यात्रा करना बेहद मुश्किलों भरा होता था वहीं आज घंटों में सफर तय किया जा सकता है। इसका जीता-जागता उदाहरण है चार-धाम यात्रा में भक्तों की बेतहाशा वृद्धि।

धामी सरकार ने इनवेस्टर समिट में खुद भी कम दौड़ नहीं लगाई है। वो इनवेस्टर्स को मनाने और रिझाने के लिए लंदन और दुबई तक स्वयं गए और परिणाम स्वरूप इन देशों के उद्योगपतियों के अलावा स्पेन, क्यूबा, ग्रीस, आस्टा, जापान, साऊदी अरब, नेपाल से भी उद्यगपति सम्मेलन नज़र आए। बड़ी बात ये है कि सरकार ने सिर्फ इनवेस्टर समिट कराके झंडे नहीं गाड़े, धरातल पर इसे लागू करने में भी सफलता हासिल की है। सरकारी आंकड़े के मुताबिक तीन लाख, सत्तावन हजार, छह सौ तिरानवे करोड़ का एमओयू साइन हुआ जिनमें करीब-करीब एक लाख करोड़ के एमओयू की ग्राऊंडिग हो चुकी है और इस हिसाब से करीब-करीब 80 हजार स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध हुआ है। जिनमें उर्जा के क्षेत्र में करीब साढ़े 8 हजार, इंडस्ट्रीज में 44 हजार, टूरिज्म में 46 सौ, हाईयर एडुकेशन में 44 सौ तथा अन्य क्षेत्र में 14 हजार लोगों को रोजगार मिले हैं। यानी कि उत्तराखंड की धामी सरकार ने जो वादा किया था उसमें खरा उतरने की कोशिश की है और देर-सबेर इसके परिणाम भी सामने आ रहे हैं। लेकिन सवाल अब भी वही है कि क्या जो लोग पलायन कर चुके हैं उनके लिए धामी की ये कारीगरी कारगर हो पाएगी। क्या प्रदेश छोड़कर परदेश जा चुके युवा यहां वापसी का मन बनाएंगे और अगर युवाओं की वापसी में किसी तरह की शिथिलता दिखती है और वे वापसी का मन नहीं बना पाते हैं तो धामी क्या करेंगे? प्रदेश को हर तरह से सिक्योर करने में लगे हैं चाहे वो भ्रष्टाचार हो कि क्राइम। हालांकि, किसी बाहरी कंपनी या इंडस्ट्री या किसी भी अन्य तरीके के इनवेस्टमेंट की बात करें तो ये भी जगजाहिर है कि उन्हें भ्रष्टाचार और क्राइम वाले स्थान पर इनवेस्ट करने में दिक्कत होती है तो इस लिहाज से भी धामी का ये सारगर्भित कदम माना जाएगा। आने वाले समय में प्रदेश में चुनाव भी है ऐसे में धामी पर दबाव तो काफी रहेगा, देखने वाली बात ये होगी वो इन सब के बीच अपने सपनों को साकार करने के लिए और क्या करते हैं और क्या उनके सपनों के उत्तराखंड में युवाओं की घर वापसी होगी?

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा।)

## एक नजर

### महिला का चौखट में फंदे से लटका मिला शव

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : ग्राम पंचायत लाल्हापुर की राजेंद्र नगर कॉलोनी बी ब्लाक में गोकर्ण प्रसाद इंटर कॉलेज के सामने गल्ला कारोबारी पंकज गुप्ता की पत्नी प्रीति गुप्ता (35) घर पर परचून की दुकान चलाने के साथ ही सिलाई भी करती थी। आसपास के लोगों ने बताया कि प्रीति गुप्ता के दोनों बच्चे सार्थक (12), ध्रुव (7) घर के सामने स्कूल गए थे। शनिवार दोपहर बाद कई ग्राहक दुकान पर आए और आवाज लगाई, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं आया तो पड़ोसियों ने अंदर जाकर देखा कि घर के अंदर कमरे के दरवाजे की चौखट से साड़ी के सहारे प्रीति गुप्ता का शव लटका था। पड़ोसियों ने सूचना पति पंकज गुप्ता और पुलिस को दी। पंकज के माता पिता अमेठी गांव में रहते हैं। पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाया। कोतवाल अंबर सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी।

### ससुराल आए युवक की संदिग्ध हालात में मौत

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : थाना इमलिया सुल्तानपर के गांव नौवा अंबरपुर निवासी वीरपाल (39) शुक्रवार की दोपहर सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव आधाचाट स्थित अपनी ससुराल आया था, जहां उसकी संदिग्ध हालात में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के भाई महेश ने बताया कि उसका भाई वीरपाल शुक्रवार की दोपहर अपनी ससुराल आया था। इसके बाद उसकी मौत की खबर मिली। सदर कोतवाल हेमंत राय ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पिता पुत्र पर बाघ ने किया हमला, घायल

बिलहरी/केशवापुर, अमृत विचार : महेशपुर वन रेंज की आंवला बीट के नहसीरपुर गांव के पास गन्ने में घास काटते समय छिपे बैठे बाघ ने पिता-पुत्र पर हमला कर दिया। घायल पिता-पुत्र को गोला सीएचसी लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव परसेहरा निवासी रामशंकर (55) पुत्र धर्मवीर अपने बेटे पंकज वर्मा (23) और अन्य लोगों के साथ शनिवार की सुबह नौ बजे पड़ोस के गांव नहसीरपुर में अपने गन्ने के खेत में घास काटने गए थे। तभी अचानक बाघ ने गन्ने के खेत से निकल कर उन पर हमला कर दिया। इस हमले में रामशंकर और उनके बेटे पंकज को हाथ, पीठ और सिर पर गंभीर घाव हुए हैं।

# पूर्व मंत्री भगवत के भतीजी-दामाद की हत्या में दो भाइयों समेत तीन को उम्रकैद

## होली पर नौ साल पहले सेना के हवलदार समेत तीन लोगों ने गोली मारकर की थी हत्या

विधि संवाददाता, बरेली




अमृत विचार: नौ साल पहले होली के त्योहार पर गाली देने से मना करने पर पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार के भतीजी-दामाद की गोली मारकर हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश तबरेज अहमद ने थाना प्रेमनगर के शास्त्रीनगर निवासी सेना के हवलदार सतेंद्र पाल सिंह उर्फ पिंटू राणा, इज्जतनगर के बसंत विहार कॉलोनी निवासी रविन्द्र पाल सिंह (सगे भाई) और एक अन्य शास्त्रीनगर निवासी मंजीत सिंह उर्फ मोनू को परीक्षण में दोषी पाया। कोर्ट ने तीनों को सश्रम आजीवन कारावास और प्रत्येक को 2 लाख 30 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

सरकारी वकील राजेश्वरी गंगवार ने बताया कि शास्त्री नगर निवासी योगेंद्र सिंह ने थाना प्रेमनगर में तहरीर देकर बताया था कि 24 मार्च 2016 को होली के त्योहार पर पड़ोसी पिंटू राणा के घर आए लोगों ने अपने वाहन सड़क पर बेतरतीब लगा दिए थे, जिससे रास्ता जाम हो गया था। उसने वाहन सही से खड़े करने को कहा तो गालीगलौज करने लगा। जब गाली देने से मना किया तो पिंटू राणा अपने घर में चला गया और अपने घर आए मेहमानों के साथ बैठकर बातचीत करने लगा। 15 मिनट बाद लगभग 3:30 बजे दोपहर एकदम उग्र होकर गालियां देते हुए पिंटू राणा हाथ में लाइसेंसी बंदूक, उसका भाई रिंकू राणा, पिंटू का साला मोनू दोनों के हाथ में तमंचे से फायर करते हुए उसके घर में घुस आए। पिंटू राणा ने उसके घर आए भतीजी दामाद राजपाल गंगवार के पेट में गोली मार दी। रिंकू राणा और मोनू ने अपने तमंचों से जान से मारने की नीयत से फायर किए जो कि उसके पुत्र अभिनव गंगवार के हाथ में लगे। शोर सुनकर उसके भाई तेजपाल गंगवार ने बचाने का प्रयास किया तो उनके सिर में तमंचे की बट मारकर घायल कर दिया।

शोर सुनकर मोहल्ले के लोग आ गये तभी तीनों लोग हवाई फायर करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। परिजनों की मदद से राजपाल को निजी अस्पताल ले गये, जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। घायल बेटे को मिनी बाईपास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध घर में घुसकर हत्या, हत्या की कोशिश, मारपीट, अपमानित करने, धमकी देने की संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की और 24 मार्च को ही सतेंद्र पाल उर्फ पिंटू राणा और मंजीत उर्फ मोनू को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने आलाकत्ल पिंटू की लाइसेंसी बंदूक और दो जिंदा कारतूस बरामद किए थे।

### अभियोजन ने 13 गवाह व 19 सबूत पेश किए

अदालत में बचाव पक्ष ने तर्क दिया कि वादी मुकदमा के सगे भाई भगवत सरन गंगवार प्रदेश सरकार में तत्कालीन मंत्री थे। घटना कहीं और घटित हुई और मुल्जिमों को झूठा फंसाने के लिए एफआईआर दर्ज कराई। इस पर अदालत ने टिप्पणी करते हुए आदेश में उल्लेख किया कि यदि वादी का भाई सरकार में मंत्री था तो वह पुलिस को किसी भी प्रकार से अपने अनुसार एफआईआर दर्ज करवा सकते थे, लेकिन एफआईआर से पहले वादी ने घायलों का इलाज कराया। मृतक का पंचायतनामा भरा और पोस्टमार्टम कराया। लाश को घर लाने के बाद एफआईआर दर्ज कराई गई जो स्वाभाविक है, उससे यह प्रतीत होता है कि पुलिस ने बिना किसी मंत्री के प्रभाव में जो विधि प्रक्रिया दी गई है उसका पालन किया है।

## वर्जिनिटी टेस्ट के मुद्दे पर दो पक्षों में हुई तकरार

बरेली, अमृत विचार : पुलिस लाइंस स्थित परिवार परामर्श केंद्र में शनिवार को काउंसलिंग में पहुंचे दो पक्षों के बीच जमकर तकरार हुई। महिला ने पति के साथ रहने से इन्कार कर दिया। वहीं, पति का कहना है कि पत्नी दहेज मांगने का झूठा आरोप लगाकर उसे और उसके परिवार को फंसाना चाहती है।

काउंसलिंग में बदायूं रोड स्थित एक कॉलोनी की रहने वाली 27 वर्षीय महिला ने बताया कि वह पति के साथ नहीं रहना चाहती है। उसकी शादी एक पंजाबी परिवार में हुई थी। जून में शादी के दूसरे दिन ही पति ने मारपीट की। 15 दिनों बाद मजबूरन घर छोड़ना पड़ा। वहीं, महिला के पति ने बताया कि शादी के समय पर कई तथ्य छिपाए गए थे। जबकि उसने अपनी तरफ से कोई भी सच्चाई नहीं छिपाई। अब दहेज का आरोप लगाकर पत्नी उसे फंसाना चाह रही है। वहीं, महिला की बहन ने बताया कि शादी के बाद वर्जिनिटी टेस्ट के मुद्दे पर दोनों के बीच विवाद हुआ था। मामले को सुलझाने की बहुत कोशिश की गई। दोनों पक्षों के बीच विवाद के दौरान महिला की तबीयत खराब हो गई।

# करंट लगने से श्रमिक की मौत, पत्नी की हालत गंभीर



विलाप करते मृतक जगदीश के परिजन। ● अमृत विचार

संवाददाता, पीलीभीत


मृतक जगदीश।

- घर में लगी मोटर के तार में करंट उतरने से हुआ हादसा

अमृत विचार: घर में लगी मोटर के तार में करंट उतरने से एक श्रमिक की मौत हो गई। जबकि उसे बचाने पहुंची पत्नी करंट की चपेट में आने से झुलस गई। महिला को सीएचसी भर्ती कराया गया। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा रहा। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

तहसील क्षेत्र के गांव सबलपुर मु. रम्पुरा फकीरे के निवासी जगदीश सिंह (40) पुत्र निर्मल सिंह मजदूरी करते थे। शनिवार को जगदीश घर में लगी मोटर के तार में टेप लगा रहे थे। अचानक उसमें करंट उतर आया, जिसकी चपेट में जगदीश आ गए। पति की चीख सुनकर पत्नी रामवती उन्हें बचाने दौड़ी। जगदीश को छूते ही रामवती को भी करंट लगा। शोर पर पड़ोस के ही रहने वाले भाई रतन सिंह घर पहुंच गए। उन्होंने तार खींचकर दंपति को बमुश्किल बचाया। आसपास के अन्य लोग भी जमा हो गए। आनन-फानन में दोनों को पूरनपुर सीएचसी ले जाया गया। वहां डॉक्टर ने जगदीश को मृत घोषित कर दिया। जबकि रामवती को सीएचसी में भर्ती कर लिया है। जगदीश की मौत की जानकारी होते ही परिवार में चीख पुकार मच गई। मृतक के एक पुत्र व चार पुत्रियां हैं। इनमें से तीन की शादी हो चुकी है।

# बाइक को हटाने को लेकर खूनी संघर्ष

संवाददाता, बरेली/सीबीगंज


मारपीट में घायलों का जिला अस्पताल में चल रहा इलाज। ● अमृत विचार

- दबंगों ने घर में घुस कर धारदार हथियारों से किया हमला

अमृत विचार: सीबीगंज थाना क्षेत्र के गांव कासमपुर में रास्ते में खड़ी बाइक हटाने को लेकर विवाद हो गया। गांव के ही कुछ दबंगों ने घर में घुस कर धारदार हथियारों से हमला कर एक महिलाओं समेत छह लोगों को घायल कर दिया। पीड़ित ने मामले की तहरीर पुलिस को दी है।

गांव कासमपुर निवासी अनम ने बताया कि उसका भाई सुहेब शुक्रवार सुबह स्कूटी लेकर बाहर जा रहा था। रास्ते में तौफीक की बाइक खड़ी थी। जिससे रास्ता बंद हो गया था। सुहेब ने बाइक हटाने को कहा तो तौफीक ने उसे गालियां देना शुरू कर दिया। उसने कहा कि तेरे दादा की सड़क है जो इधर से निकलेगा। इसके बाद तौफीक और उसके साथियों फईम उर्फ पप्पू और युनुस ने मिलकर उसकी पिटाई कर दी। मामला थाने तक पहुंचा और पुलिस के कहने पर आरोपी तौफीक ने सुहेब का इलाज कराया। इसी रंजिश में शनिवार सुबह तौफीक, गुड्डू, शब्बीर, फईम उर्फ पप्पू और भूरा खां ने परवेज के घर में घुस कर दोबारा हमला कर दिया। दबंगों ने परवेज, उसकी पत्नी शमीम बानो, बेटियों इरम और अनम और बेटे सुहेब पर हमला किया। गांव के लोगों ने किसी तरह से बीच-बचाव किया। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां परवेज की हालत गंभीर बताई जा रही है। उधर तौफीक ने आरोप लगाया है कि शुक्रवार शाम को सुहेब ने उसके साथ मारपीट की थी और शनिवार सुबह उसके भाई फईम उर्फ पप्पू को भी पीटा था। इसी कारण उसने अपने परिजनों के साथ मिलकर परवेज के घर पर हमला किया।

## संदिग्ध अवस्था में महिला की मौत हत्या का आरोप

सिरौली, अमृत विचार : गांव सुकटिया में शुक्रवार को एक 20 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कटरा शाहजहांपुर के गांव रायपुर निवासी श्रीवती की शादी तीन साल पहले सिरौली के गांव सुकटिया निवासी रोहन से हुई थी। रोहन घर पर रहकर खेती करता है। उसे एक छोटा बेटा है, शुक्रवार को श्रीवती का शव घर में फंदे पर लटका हुआ मिला। मृतका के भाई राजवीर ने आरोप लगाते बताया कि उसकी बहन की दहेज को लेकर हत्या की गयी है। इंस्पेक्टर सिरौली जगतसिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# एक्सपोर्ट फैक्ट्री के कर्मचारी की संदिग्ध हालात में मौत, हत्या की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- रामगंगा किनारे बेसुध मिला था प्रदीप, इलाज के दौरान हुई मौत
- भाई की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार : मिनी बाईपास पर एक्सपोर्ट फैक्ट्री में काम करने वाले कर्मचारी रामगंगा किनारे बेसुध हालत में मिला। परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई। कर्मचारी के भाई ने तीन लोगों पर पैसों के लेनदेन में प्रताड़ित कर हत्या करने का आरोप लगाया है। थाना सुभाषनगर पुलिस ने तीनों आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में विसरा सुरक्षित किया गया है। वहीं पुलिस आत्महत्या के एंगल से भी जांच कर रही है।

कैंट थाना क्षेत्र के गांव चौबारी निवासी प्रदीप सिंह (36) के भाई अजय सिंह ने बताया कि प्रदीप मिनी बाईपास स्थित एक एक्सपोर्ट फैक्ट्री में काम करता था। वह शुक्रवार सुबह घर से 7 बजे काम करने के लिए निकला था। फैक्ट्री से शाम 5:30 बजे छुट्टी होने के बाद वह घर नहीं पहुंचा। आरोप है कि रात करीब 8:30 बजे प्रदीप के फोन से उसकी पत्नी गीता सिंह को फोन किया गया। फोन करने वाले ने हंसकर खुद को प्रदीप बताया। इस पर पत्नी ने कहा कि उसके पति से बात कराएं और वह अभी तक घर क्यों नहीं लौटे। इतने में फोन कट गया। परिजनों ने अनहोनी की आशंका से तुरंत प्रदीप की तलाश शुरू की। इस दौरान रामगंगा के पास स्थित एक स्कूल के सामने प्रदीप परिजनों को बेहोशी की हालत में मिला। उसका फोन पास में ही जमीन पर पड़ा मिला। साथ ही पास में सल्फास के खाली रैपर भी मिले। परिजनों ने आनन-फानन में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### पैसों के लेन-देन का मामला

सुभाषनगर थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रदीप चार भाइयों में दूसरे नंबर का था। उसके तीन भाई और एक बहन है। प्रदीप को एक आठ साल का बेटा अनुभव और छह साल की बेटी आराध्या है। भाई अजय सिंह चौहान के मुताबिक प्रदीप का भारत सिंह निवासी चौबारी से पैसों का लेनदेन चल रहा था। भारत सिंह प्रदीप को पैसे को लेकर प्रताड़ित करता था। इसी से क्षुब्ध होकर प्रदीप ने आत्मघाती कदम उठाया। पुलिस ने भारत सिंह, श्यामू समेत तीन के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# जेल में बंदियों के बीच झगड़ा, एक की मौत

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर


एसपी सिटी संजीव बाजपेई।

- हत्या का केस दर्ज, प्रशासनिक अफसरों ने लिया जायजा

अमृत विचार: जिला कारागार में शनिवार को दो कैदियों में खाना खाने के दौरान हुए विवाद में एक बंदी की मौत हो गई। इसके बाद जेल प्रशासन में खलबली मच गई। एसपी सिटी व अन्य अधिकारी जांच के लिए पहुंचे।

उत्तराखंड के काशीपुर निवासी आशु चौहान (25) अमरोहा के थाना डिंडोली क्षेत्र में चोरी के मामले में न्यायिक हिरासत में जेल में बंद था। खाना खाने के दौरान किसी बात पर आशु की झड़प गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध जाकिब से हो गई। दोनों के बीच कहासुनी के बाद हाथापाई हो गई। झगड़े के दौरान आशु गिर गया और बेसुध हो गया। जेल प्रशासन ने तुरंत उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एएसपी सिटी संजीव बाजपेई, एडीएम प्रशासन विनय सिंह व सीओ सिटी राकेश वशिष्ठ मौके पर पहुंचे और जायजा लिया। जेल प्रशासन ने आरोपी जाकिब के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जेल प्रशासन घटना की विस्तृत जांच कर रहा है।

## बस अनियंत्रित होकर पलटी, आधा दर्जन यात्री घायल

बीसलपुर, अमृत विचार: अनियंत्रित होकर एक निजी बस चुर्रासकतपुर पुलिस चौकी के पास पलट गई। इस हादसे में करीब आधा दर्ज यात्री घायल हो गए। वहीं चालक कूदकर भाग गया।

बीसलपुर से बरेली के लिए निजी बस शनिवार सुबह 7 बजे चली। चुर्रासकतपुर पुलिस चौकी के पास पहुंचते ही बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई। ग्रामीण व पुलिसकर्मी मदद के लिए मौके पर आ गए। इस दौरान चालक बस से कूद कर भाग चुका था। हादसे में ग्राम बौनी निवासी अनोखेलाल, मोहल्ला दुबे निवासी विकास शर्मा, ग्यासपुर नई बस्ती निवासी गिरधारी, सुरेश कुमार, रिछोला सबल निवासी मुकेश कुमार आदि घायल हो गए। चौकी प्रभारी अंकित यादव ने घायलों को सीएचसी भिजवाया, वहां से रेफर कर दिया गया।

# पांचजन्य प्लाई फैक्ट्री में एसआईबी की जांच पूरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एडिशनल कमिश्नर ग्रेड-2 के निर्देशन में शुक्रवार शाम फैक्ट्री पर पड़ा था छापा

अमृत विचार: फरीदपुर में पांचजन्य प्लाई एंड बोर्ड फैक्ट्री पर हुई छापेमारी में बड़े पैमाने पर कर चोरी पकड़े जाने की आशंका है। देर रात तक जांच के बाद जीएसटी विभाग की एसआईबी की टीम शनिवार सुबह करीब छह बजे फैक्ट्री से लौटी। टीम अपने साथ फैक्ट्री से कब्जे में लिए गए दस्तावेजों को भी साथ ले गई।

जीएसटी एसआईबी के एडिशनल कमिश्नर ग्रेड-2 के निर्देशन में टीम ने शुक्रवार शाम करीब 4 बजे फरीदपुर में एक चीनी मिल के पास स्थित पांचजन्य प्लाई एंड बोर्ड फैक्ट्री पर छापा मारा था। टीम ने फैक्ट्री में पहुंचते ही कर्मचारियों की आवाजाही भी पूरी तरह से रोक दी थी। टीम ने देर रात तक फैक्ट्री में जांच की। यह फैक्ट्री कारोबारी रवि नेमानी की बताई गई है। टीम ने फैक्ट्री में रखा स्टॉक और उसके रिटर्न का मिलान करने के साथ ही कई अहम जानकारियां जुटाईं। टीम को इनपुट मिला था कि फैक्ट्री में बोगस फर्मों से कच्चा माल खरीदा जा रहा है। टीम ने जांच के दौरान कारोबारी और कर्मचारियों से इसको लेकर जानकारी जुटाई और इससे जुड़े अभिलेख मांगे, जिसमें आधी अधूरी जानकारी दी गई। जीएसटी एसआईबी के एडिशनल कमिश्नर ग्रेड-2 आशीष निरंजन ने बताया कि पांचजन्य प्लाई एंड बोर्ड्स प्राइवेट लिमिटेड पर चल रही जांच शनिवार सुबह करीब 6 बजे पूरी हो गई। फैक्ट्री से कब्जे में लिए दस्तावेजों की गहनता से जांच में टैक्स चोरी करने के साथ ही कई अनियमितताएं मिली हैं।

## पीएम-सीएम पर अभद्र टिप्पणी की सपा नेता पर रिपोर्ट

बरेली, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के कैंट विधानसभा इकाई के अध्यक्ष रोहित राजपूत का पीएम और सीएम पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। हनुमान दल के मढ़ीनाथ निवासी राजवीर कश्यप की तहरीर पर थाना बारादरी पुलिस ने सपा नेता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। राजवीर कश्यप ने बताया कि वीडियो में रोहित यह कहते नजर आ रहे हैं कि वह अपने घर की छत पर भगवा झंडा नहीं लगाता, न ही जय श्रीराम का झंडा फहराता है, दोनों से मुझे चिढ़ हैं। यही नहीं, उन्होंने मंच से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को अपमानजनक शब्द कहकर भी संबोधित किया। यह वीडियो सपा के एक वरिष्ठ नेता के कार्यक्रम का बताया जा रहा है। बारादरी थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# गर्भवती हुई बच्ची तो खुली ईंट भट्ठा मुंशी की दरिंदगी की बात

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

- असमोली थाना क्षेत्र की 11 साल की बच्ची के साथ दो माह पहले किया था दुष्कर्म
- अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट से चला गर्भवती होने का पता, परिजनों ने दर्ज कराई रिपोर्ट

अमृत विचार: असमोली थाना क्षेत्र के गांव में ईंट भट्ठे के मुंशी ने बकरी चराने गई 11 साल की बालिका के साथ दुष्कर्म किया। मुंशी ने डराया तो बच्ची ने घर पर कुछ नहीं बताया। बच्ची की हालत बिगड़ने पर परिजनों ने अल्ट्रासाउंड कराया तो बच्ची के गर्भवती होने की बात सामने आई। परिजनों ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

एक गांव निवासी 11 साल की बच्ची की तबीयत पिछले कई दिन से खराब थी। गांव में इलाज से फायदा नहीं हुआ तो परिजन मुरादाबाद ले गये और डॉक्टर की सलाह पर उसका अल्ट्रासाउंड कराया। अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट देखकर डॉक्टर ने बच्ची के डेढ़ माह की गर्भवती होने की बात बताई तो परिजनों के होश उड़ गये। बच्ची से पूछा गया तो उसने ईंट भट्ठा मुंशी के वहशीपन की करतूत बताई। बच्ची ने बताया कि दो माह पहले वह ईंट भट्ठे के नजदीक बकरियां चरा रही थी, तभी ईंट भट्ठा का मुंशी मुनव्वर उसे बहला फुसलाकर भट्ठे में ले गया और दुष्कर्म किया। पिता बेटी को लेकर थाना असमोली पहुंचा। पिता ने जो बताया, उसे सुनकर पुलिस कर्मी भी सकते में आ गए। पिता की तहरीर पर पुलिस ने ईंट भट्ठा मुंशी मुनव्वर पर रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। कोतवाल राजीव बालियान ने बताया कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# गोकशी करने वाले दो और तस्कर गिरफ्तार, असलहा बरामद

संवाददाता, घुंघचिहाई


पुलिस की गिरफ्त में गोमांस तस्कर।

- घुंघचिहाई पुलिस ने तमंचा व औजार किए बरामद, जेल भेजा

अमृत विचार: अभयपुर गांव के सामने नहर पटरी की झाड़ियों में हुई गोकशी की वारदात में पुलिस ने दो और तस्करों को धर दबोचा। वह दोबारा से घटना करने पहुंचे थे। पुलिस ने असलहा और गोकशी से जुड़े उपकरण बरामद कर आरोपियों को जेल भेज दिया है।

बता दें कि 16 जुलाई को क्षेत्र के अभयपुर में नहर पटरी की झाड़ियों में गोकशी हुई थी। खास बात थी कि एक घटना के बाद पुलिस मौका मुआयना कर चली गई और फिर तस्करों ने दोबारा वारदात कर दी थी। इस मामले में एक तस्कर को पुलिस जेल भेज चुकी थी। शुक्रवार रात तस्कर दोबारा क्षेत्र में सक्रिय हुए। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने अब दो अन्य गोमांस तस्कर पूरनपुर के मोहल्ला लाइनपार साहूकारा के निवासी फुरकान पुत्र ईशाक और शेरपुर कलां निवासी कामिल उर्फ मुरादी पुत्र गट्टा को गिरफ्तार कर लिया है। दरोगा विजय वीर सिंह ने बताया कि आरोपियों से दो तमंचे, कारतूस और गोकशी में इस्तेमाल उपकरण बरामद किए गए।

## युवक की छाती पर बैठकर पीट रहे सिपाही का वीडियो वायरल


युवक की पिटाई करता सिपाही।

गजरौला, अमृत विचार: चंपावत का रहने वाला नीरज जोशी गजरौला थाना से चंद कदमों की दूरी पर एक होटल में काम करता है। आरोप है कि उसकी होटल मालिक से रुपये के लेनदेन को लेकर बहस हो गई। इसी पर होटल मालिक ने पुलिस को बुला लिया। पीआरवी 112 के सिपाही ने नीरज को सड़क पर पटका और उसकी छाती पर बैठकर पिटाई कर दी। इसका वीडियो भी वायरल हो रहा है।

# पेंशनरों ने भरी हुंकार, जंतर-मंतर पर करेंगे आंदोलन

कार्यालय संवाददाता, बरेली


पुराने रोडवेज परिसर में आयोजित बैठक में मंचासीन ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति के पदाधिकारी और सदस्य। ● अमृत विचार

- ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति बरेली की बैठक आयोजित

अमृत विचार : ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति बरेली की मासिक बैठक में अपने हक के लिए आरपार की लड़ाई लड़ने का निर्णय लिया गया, जिसमें बताया गया कि मांगों को लेकर 4 व 5 अगस्त को जंतर-मंतर पर आंदोलन करेंगे। जिसमें 7500 पेंशन साथ में डीए, पति-पत्नी को निशुल्क उपचार, पेंशन योजना से वंचित सदस्यों को 5000 रुपये मासिक गुजारा भत्ता और न्यूनतम पेंशन का लाभ देने की मांगें उठाई जाएंगी।

पुराने रोडवेज बस स्टेशन प्रांगण में मंडल अध्यक्ष ओपी शर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में संगठन के राष्ट्रीय सचिव राजीव भटनागर ने कहा कि केंद्र सरकार ईपीएस-95 पेंशनर्स के ईपीएफओ कोष में कई हजार करोड़ की भारी जमा धनराशि से पेंशन बढ़ोत्तरी आसानी से कर सकती है, लेकिन अभी तक मांगों को पूरा नहीं किया गया है, जिसका 4 और 5 अगस्त को दिल्ली पहुंचकर देश के लगभग सौ सांसदों के समर्थन से कड़ा विरोध कर आंदोलन किया जायेगा।

प्रांतीय महासचिव राज शेखर नागर ने कहा कि ईपीएफओ और केंद्र सरकार की उपेक्षा से पेंशनर्स परेशान हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष कमांडर अशोक राऊत और राष्ट्रीय महासचिव वीरेंद्र सिंह रजावत के नेतृत्व में दिल्ली कूच कर चार सूत्रीय मांगों की पूर्ति कराकर ही लौटेंगे। प्रांतीय उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद लोधी ने कहा कि बरेली मंडल दिल्ली आंदोलन में अपनी अहम भूमिका साबित करेगा। मंडल उपाध्यक्ष चिरंजीव गौड़, दिलीप पांडेय, नरेन्द्र प्रकाश सक्सेना, उमेश चन्द्र जौहरी, सत्य प्रकाश गोस्वामी, केएम त्रिपाठी, सुधीर उपाध्याय, सुशील कुमार सक्सेना, तेज प्रकाश अरोरा, शिव शंकर राय, साबिर हुसैन, आर के मिश्रा, अनिल रस्तोगी, बुद्धपाल सिंह, सदाकत अली आदि ने भी विचार रखे। मंडल अध्यक्ष ओपी शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

## कार्यालय ग्राम पंचायत झरहर हरिपुर, वि.खं. मदनापुर, शाहजहांपुर

### कोटेशन टेण्डर

सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत झरहर हरिपुर वि.खं. मदनापुर, शाहजहांपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में निम्न कार्य कराये जाने हेतु विभिन्न फर्में सम्पर्क कर सकती है, जिसमें ईट, रोड़ा, रेता, सीमेन्ट, इंटरलॉकिंग ईट, बजरी, मौरंग आदि क्रय की जानी है। जिसकी मोहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। 1. रघुवीर के मकान से रामनिवास के मकान तक इंटरलॉकिंग व नाली 2. रामओतार के मकान से विजेंद्र के घर तक इंटरलॉकिंग ब नाली। 3 मेंन रोड से भगवान शरन के घर तक इंटरलॉकिंग व नाली।

**दीपेन्द्र कुमार**, सचिव — **फूलमती**, ग्राम प्रधान

## किसान सहकारी चीनी मिल्स लि०, सम्पूर्णानगर, जिला-खीरी

### ई-निविदा सूचना

पेराई सत्र 2025-26 में इस मिल समिति के निम्न कार्यों अनुभवी ठेकेदारों/फर्मो से ई-बिड निविदायें आमंत्रित की गयी है।
जिसका विवरण निम्न हैः-

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि | तकनिकी बिड खोलने की तिथि | कामर्शियल बिड खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मिलगेट पर स्थापित बैलगाड़ी ग्रास/टेयर कॉटा क्षमता 10 मैट्रिक टन से 30 मैट्रिक टन व प्लेटफार्म विस्तार साईज (30x10) फुट का कार्य हेतु स्पेयर पार्टस की आपूर्ति। | 24.07.2025 | 25.07.2025 | 26.07.2025 |
| 2 | वाहय गन्ना क्रय केन्द्रों पर स्टाफ निवास एवं कॉटे की सुरक्षा हेतु झोपड़ी/झाला निर्माण कार्य। | 23.07.2025 | 24.07.2025 | 25.07.2025 |
| 3 | चीनी मिलगेट पर चीनी, शीरा, बैगास, तौल हेतु फूली इलेक्ट्रानिक्स (डिजिटल) नया काटों क्षमता 100 मीट्रिक टन साईज (50x10) फुट की स्थापना कन्सलटन्सी, फैब्रीकेशन एवं स्टालेशन का कार्य। | 28.07.2025 | 29.07.2025 | 30.07.2025 |
| 4 | चीनी मिल के मिलगेट पर चीनी, शीरा, बैगास, तौल हेतु नया कॉटा क्षमता 100 मिट्रिक टन फूली इलेक्ट्रानिक्स (डिजिटल) स्थापना साईज (50x10) फुट में स्पेयर पार्टस की आपूर्ति। | 28.07.2025 | 29.07.2025 | 30.07.2025 |

उक्त निविदा www.etender.up.nic.in एवं www.upsugarfed.org पर देखी जा सकती है।

**प्रधान प्रबन्धक**

## कार्यालय ग्राम पंचायत शिवपुरी विकास खंड मझगवां (बरेली)

### निविदा आमंत्रित सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मो एवं सामग्री के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2025-26 में पन्द्रहवां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा योजना/एस बी एम, ओ एस आर, तथा आई सी डी एस आदि से निर्माण कार्य, सी.सी रोड, नव नाली निर्माण/मरम्मत, खडंजा नव निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, फर्नीचर, दरी, एल.ई.डी लाईटें स्थापना/अनुरक्षण हैण्ड पम्प रिबोर/अनुरक्षण, ह्यूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिंग कार्य, सामुदायिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, सामुदायिक शौचालय वॉल पेंटिंग, आंगनवाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत, सोलर लाईट, पशु शेड, शोक पिट, सार्वजनिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल निर्माण/मरम्मत, वृक्षारोपण, आंगनवाडी भवन निर्माण/मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी की टंकी का निर्माण, पंचायत भवन की बाउंड्रीवाल का निर्माण/मरम्मत आंगनवाड़ी भवन निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउंड्रीवाल/मरम्मत, ई रिक्शा क्रय/मरम्मत, पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, सूचना बोर्ड की स्थापना, सफाई ठेली क्रय/मरम्मत,गोआश्रय स्थल निर्माण/मरम्मत, जन सेवा केंद्र (सीएससी) का निर्माण/मरम्मत, खाद के पक्के गड्ढों का निर्माण, पंचायत भवन हेतु डेस्कटाप, कंप्यूटर, लेजर प्रिंटर, डबल बैटरी/सोलर पैनल, सी सी टीवी कैमरा, पंचायत भवन में अन्य अनुरक्षण कार्य, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण क्रय,अन्नपूर्णा (खाद्यान्न) भवन निर्माण, अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु ईट, रोड़ा, सीमेंट, मोरंग, रेत,बजरी लोहा, टाइल, पाइप, टोंटी, स्टेशनरी, पटान हेतु मिट्टी/राख सैनेटाईजिंग, फागिंग कार्य, स्प्रे मशीन, सफाई किट आदि वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सील बंद निविदाएँ ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 22.07.2025 तक आमंत्रित की जाती हैं जिन्हें दिनांक 22.07.2025 को अपरान्ह 02:00 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएंगी। निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना/कार्यो का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है।

**प्रधान - भागवती देवी** — **सचिव- श्री सुरेंद्र पाल**

## गन्ना उत्पादक स्नातकोत्तर महाविद्यालय बहेड़ी (बरेली)

### निविदा सूचना

महाविद्यालय में सत्र 2025-26 में साइबर कैफे हेतु निविदा आमन्त्रित की जाती है। उक्त कार्य करने के इच्छुक फर्म/व्यक्ति टेण्डर फार्म रू. 100.00 देकर निविदा प्रकाशित होने की तिथि के अगले दिन से महाविद्यालय कार्यालय से कार्य दिवस समय प्रातः 10:00 बजे से 02:00 बजे तक प्राप्त कर व्यक्तिगत/वाहक/डाक द्वारा निर्धारित समय अवधि के अन्दर शीलबन्द निविदा सचिव गन्ना उत्पादक महाविद्यालय, बहेड़ी (बरेली) के नाम से दिनांक 29.07.2025 तक जमा करें। टेण्डर दिनांक 30.07.2025 को प्रातः 11:00 बजे गन्ना उत्पादक महाविद्यालय, बहेड़ी में खोले जायेंगे। निविदा खोलते समय टेण्डर डालने वाले व्यक्तियों की उपस्थिति अनिवार्य है। नियम एवं शर्ते किसी भी कार्य दिवस में महाविद्यालय में देखी जा सकती है। निविदा निरस्त व स्थगित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा।

**प्रो. (डॉ.) हरिकेश सिंह**, प्राचार्य — **(चौ. नरेन्द्र सिंह)**, कोषाध्यक्ष — **(राजेन्द्र कुमार)**, प्रबन्धक

## कार्यालय नगर पालिका परिषद लखीमपुर-खीरी

पत्रांकः 277/शापरेण्ट/एम.बी.एल./2025-26 दिनांकः 18.07.2025

### नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मछली मण्डी स्थित दुकानों की नीलामी प्रीमियम की उच्चतम बोली के आधार पर दिनांक 05.08.2025 को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद, लखीमपुर में सार्वजनिक रूप से की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति अंकन 50,000/- का बैंक ड्राफ्ट अथवा नकद जमानत राशि के रूप में जमा कर बोली में भाग ले सकता है। बोली निर्धारित लागत से कम आने या अन्य कारणों से बिना किसी सूचना के निरस्त की जा सकती है। यदि बोली किन्हीं कारणोंवश निर्धारित तिथि में नहीं हो पाती है तो बोली अगले कार्य दिवस में की जायेगी, जिसकी सूचना पृथक से नहीं दी जायेगी। शेष नीलामी की शरायतें पूर्ववत रहेगी जो पालिका कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस / कार्य अवधि में देखी जा सकती है।

| क्र. | नीलामी का विवरण | जमानत धनराशि | नीलामी दिनांक |
|---|---|---|---|
| 01 | मछली मण्डी स्थित दुकानों की प्रीमियम नीलामी। | 50,000/- | 05.08.25 |

**अधिशासी अधिकारी**, नगर पालिका परिषद, लखीमपुर — **अध्यक्ष**, नगर पालिका परिषद, लखीमपुर

## कार्यालय जिला पंचायत, बदायूं

पत्रांकः 463/जि.पं./नि.अनु./2025-26 दिनांकः 19.07.2025

### ई-निविदा सूचना

उ.प्र. शासन के आदेश सं. 05/2019/2902/33-2-2019-198जी./2018 दिनांक 16 अगस्त 2019 व शासनादेश सं. 1129/33-2-2020-167जी/2018 दिनांक 03 जून 2020 में दी गई व्यवस्था के अधीन समस्त जिला पंचायत में पंजीकृत ठेकेदारों, लो.नि.वि. एवं सिंचाई विभाग के पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त आयोग अन्तर्गत प्राप्त/प्राप्त होने वाली धनराशि के सापेक्ष स्वीकृत 32 कार्यो की ई-निविदायें दिनांक 12.08.2025 को दोपहर 12:00 बजे तक वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर अलोड करने हेतु आमंत्रित की जाती है जो इसी दिनांक 12.08.2025 की दोपहर 02:00 बजे से कार्यालय जिला पंचायत, बदायूं में खोली जायेगी। निविदा शुल्क की धनराशि आर.टी.जी.एस. (RTGS)/एन.ई.एफ.टी. (NEFT) के माध्यम से जिला निधि के खाता सं. 09830100009167 आई.एफ.एस.सी. कोड BARB0BADAUN में जमा करना अनिवार्य होगा और जमा निविदा शुल्क की यूनिक नम्बर रसीद व 10% (दस प्रतिशत) धरोहर (जमानत) धनराशि की एफ.डी.आर. जो अपर मुख्य अधिकारी के पद नाम से बंधक हो के साथ-साथ जी.एस.टी. पंजीकरण प्रमाण पत्र, आयकर व ठेकेदारी का नवीनीकरण/पंजीकरण प्रमाण पत्र को स्कैन कर अपलोड करना अनिवार्य है। किसी भी निविदा पर बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी/अध्यक्ष जिला पंचायत में निहित होगा। सन्दर्भित वेबसाइट पर निविदा दिनांक 21.07.2025 की अपरान्ह 12:00 बजे से देखी व अपलोड की जा सकती है। सशर्त प्राप्त निविदा तथा नियत तिथि व समय उपरान्त कोई भी वाद व प्रार्थना पत्र स्वीकार्य नहीं होगा। लेपन कार्य हेतु मैक्सफाल्ट व इमल्शन सम्बन्धित ठेकेदार द्वारा क्रय कर भुगतान से पूर्व सी.आर.सी. कार्यालय में उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। निविदा सम्बन्धी अन्य समस्त जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in व BUDAUN.NIC.IN पर भी देखा जा सकता है। निविदा सम्बन्धी अन्य कोई जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय आकर प्राप्त की जा सकती है।

**पवन कुमार गोयल**, अभियन्ता, जिला पंचायत, बदायूं — **दिनेश प्रताप सिंह**, अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, बदायूं — **वर्षा सिंह**, अध्यक्ष, जिला पंचायत, बदायूं

# ट्रैक्टर ने बाइक रौंदी, कांवड़िये की मौत, तीन घायल

कार्यालय संवाददाता,संभल/मनोटा

**अमृत विचारः** जल भरने लेने हरिद्वार जा रहे कांवड़ियों की बाइक में ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। एक कांवड़िये की मौत हो गई जबकि तीन घायल हैं। एंबुलेंस व पुलिस के देर से पहुंचने को लेकर नाराज कांवड़ियों ने सड़क पर डीजे लगाकर जाम लगाने का प्रयास किया। सीओ असमोली ने किसी तरह कांवड़ियों को समझाकर शांत किया।

संभल के मोहल्ला लाडम सराय से शनिवार को बाइकों पर सवार होकर लगभग 30 कांवड़िये कांवड़ लाने के लिए हरिद्वार रवाना हुए थे। कांवड़ियों का जत्था असमोली थाना क्षेत्र में संभल- जोया मार्ग पर मातीपुर गांव के नजदीक पहुंचा तभी अचानक एक ट्रैक्टर ने कांवड़ियों की बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार 25 वर्षीय अरविंद के साथ ही सुनील (19) अजय (20) व रोहित (16) लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े। चालक ट्रैक्टर वहीं छोड़कर मौके से फरार हो गया। कांवड़ियों ने पुलिस व एम्बुलेंस को सूचना दी। पुलिस और एम्बुलेंस को पहुंचने में करीब 45 मिनट लग गये। भड़के कांवड़ियों ने डीजे सड़क पर खड़ा कर हंगामा शुरु कर दिया। इस बीच सीओ असमोली कुलदीप सिंह व थाना प्रभारी राजीव बालियान ने मौके पर पहुंचकर कांवड़ियों को समझाकर शांत किया। तीनों कांवड़ियों को जिला अस्पताल भेजा गया जहां डॉक्टरों ने अरविंद को मृत घोषित कर दिया।

**अरविंद की मौत से मचा कोहराम :** कांवड़ियों की बाइक को ट्रैक्टर द्वारा टक्कर मारने की घटना की जानकारी मिलने के बाद कांवड़ियों के परिजन जिला अस्पताल पहुंचे। एम्बुलेंस से लहूलुहान हालत में अरविंद,अजय व रोहित नीचे उतारे गये तो परिजन बेहाल हो गये। डाक्टर ने अरविंद को मृत घोषित कर दिया तो परिजनों के बिलखने की आवाजें सुनाई देने लगीं। अरविंद की पत्नी शिवानी का रो रोकर बुरा हाल था।

## व अदालत श्रीमान कमिश्नर महोदय जिला बरेली

अपील/निगरानी सी-20241200002103
इसरार खां आदि निगरानीकर्ता
बनाम पप्पू आदि रेस्पान्डेन्ट

अपील/निगरानी वनाराजी फैसला व डिग्री मुकदमा मुकाम बनाम पप्पू पुत्र राम भजन, विजय पाल पुत्र वुधपाल, दयाराम पुत्र श्रीपाल रोहनलाल पुत्र बहादुर, राजेन्द्र कुमार पुत्र चेतराम जय चन्द्र पुत्र जयलाल कामता प्रसाद पुत्र ननकू, रामेश्वर पुत्र गंगाराम, श्रीमती कलावती पत्नी सूरजपाल, राजकुमार पुत्र सूरपाल, जहिरा बेगम पत्नी इवरार खां, इलयाक पुत्र मुख्त्यार खां, सुरेश पुत्र मक्खन, बावर खां पुत्र हवीव खां, असद पुत्र आशिक अली, शाकिर खां पुत्र आशिक अली निगयाश बेगम पत्नी शराफत अली समस्त निवासी ग्राम हरना ज नगला परगना पुवायां जिला शाहजहांपुर ब्रजेश पुत्र मोती प्रहलाद पुत्र गोधन, विनोद कुमार पुत्र रामशरण, मेंहदी हसन पुत्र नवीवक्श असर पुत्र सफदर खां, शमीम खां पुत्र वफेदार, अमीर खां पुत्र वफेदार, मोमीन खां पुत्र वफेप्तर कासिम खां पुत्र हनीफ खां अहमद शेर पुत्र अली शेर समस्त निवासी घनश्याम खुर्दे परगना पुवायां जिला शाहजहांपुर, सरकार उत्तर प्रदेश द्वारा कलैक्टर गांव सभा घनश्यामपुर खुर्द परगना पुवायां प्रधान।

मुत्तला हो कि अपील निगरानी वनाराजी व फैसला मुकदमा वाला मैं अपीलान्ट/निगरानीकर्ता ने पेश की है जिसमें तारीख 21.07.2025 वास्ते समाआत अपील/निगरानी मुकर्रर है अगर आप तारीख पर हाजिर नहीं होंगे तो आपकी गैर हाजिरी में समाआत अपील/निगरानी की जायेगी। आज बतारीख 18.07.2025 को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।

**जज/कमिश्नर**

# न्यायालय ने 3 दोषियों को सुनाई 5-5 वर्ष की सजा

**चन्दौसी, अमृत विचारः** अर्जुन सिंह निवासी गांव नसीरपुर थाना बनियाठेर ने थाने में तहरीर दी कि 24 जून 2012 की सुबह 8 बजे उसके ताऊ तारा सिंह का पुत्र ओमपाल सिंह घास लेकर खेत से आ रहा था। तभी गांव के तेजपाल के बच्चों से किसी बात को लेकर मारपीट हो गई थी। उसी दिन ओमपाल व उसकी पत्नी मंजू को गांव के नरेश, तेजपाल व धीरेंद्र ने जमकर पीटा। ओमपाल सिंह के माथे पर चोट आई। पुलिस ने जांच के बाद चार्जशीट न्यायालय में दाखिल कर दी। सत्र न्यायाधीश दुर्गा नारायन सिंह ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस सुनने के बाद तीनों को दोषी पाया। नरेश, तेजपाल व धीरेंद्र ने 5-5 वर्ष का सश्रम कारावास व 15-15 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

## न्यायालय उप जिलाधिकारी, मीरगंज, बरेली

वाद संख्या-टी202512130605364

1. श्रीमती नीलम सक्सेना पत्नी स्व. सुशील कुमार सक्सेना निवासी मो. 32 प्रगतिनगर तहसील व जिला बरेली .....वादी बनाम

1. श्रीमती राफता इस्लाम पत्नी राहिल इस्लाम निवासी 1-बी कांकर टोला शहदाना चौराहा तहसील व जिला बरेली......प्रतिवादीगण अंतर्गत धारा 116 उ.प्र. राजस्व संहिता, 2006 आराजी ग्राम चकरपुर लमकन परगना शाही तहसील मीरगंज, जिला बरेली।

चूंकि मुसम्मी श्रीमती नीलम सक्सेना पत्नी स्व. सुशील कुमार सक्सेना निवासी 1-बी प्रगतिनगर तहसील व जिला बरेली आदि ने 116 उ.प्र. राजस्व संहिता, 2006 वाद दायर किया है। लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप तारीख 21.07.2025 को असालतन या मार्फत किसी वकील के जो मुकद्मा हाजा से बखूबी वाकिफ हो और जो मुकदमा हाजा को जवाब दे, होकर मय कागजात मुकदमा के हाजिर हो वरना आपकी गैरहाजरी में मुकदमा हाजा फैसला कर दिया जायेगा।

आज तारीख 07.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं मुहर अदालत से जारी किया गया।

**उप जिलाधिकारी, मीरगंज, बरेली।**

## पूर्वोत्तर रेलवे

### ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते है। **क्र0सं0** 1- **ई-प्रापण निविदा संख्या** : उपमु0इं0-नि0-छपरा-04-2025, **कार्य का नाम** : पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मण्डल के अन्तर्गत मॉझी-बकुल्हा स्टेशनों के मध्यम घाघरा नदी पर स्थित पुल सं0 16 के दोनों छोर पर 30.5 मी0 के अतिरिक्त शोर स्पैन के फाउण्डेशन एवं सबस्ट्रक्चर के निर्माण के साथ-साथ पीयर पी-13 के बाटम बिम के जैकेटिंग तथा बियरिंग के नीचे लगे स्टील प्लेट्स के प्रोटेक्शन का कार्य, **अनुमानित निविदा मूल्य** : ₹ 45,71,45,201.31, **बयाना राशि (रू0)** : ₹ 24,35,700.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0)** : ₹ 0.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 06 (छः) माह, **नोट** - 1- बिडिंग प्रारम्भ करने की तिथि-30.07.2025, 2- उपरोक्त ई-निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथि-दिनांक 13.08.2025 को 15.00 बजे तक, 3-उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि-दिनांक 13.08.2025 को 15.30 बजे, 4- निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट https:// ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।, 5-निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

**श्री मसूद अहमद, कार्यपालक इंजीनियर/निर्माण/छपरा, मो0 नं0 9794845239**
**उप मुख्य इंजीनियर/नि0 छपरा**
मुजाधि/डब्ल्यू-169

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

## किसान सहकारी चीनी मिल्स लि०, सेमीखेड़ा, बरेली

### ई-निविदा सूचना

इस चीनी मिल में सत्र 2025-26 हेतु सिविल खण्ड में निम्नलिखित कार्यपूर्ति हेतु नीचे दर्शायी गयी निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. Construction of foundations of 02 Nos. Quad Body.
2. Construction of shed at Sugar Loading point S.G. No. 1, 2, 3, 4 & 5.

उपरोक्त कार्य हेतु इच्छुक/पंजीकृत एवं अनुभवी निविदाताओं से ई-निविदायें दिनांक 17.07.2025 से 06.08.2025 तक निर्धारित सारणी/समय-समय पर आमंत्रित की जायेगी जिसकी विस्तृत जानकारी वेबसाइट www.etender.up.nic.in तथा www.upsugarfed.org से अपलोड की जा सकती है।

**प्रधान प्रबन्धक**

# मस्जिद का अतिक्रमण खुद तोड़ने में जुटे

**संभल, अमृत विचारः** संभल-बहजोई मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण की कवायद के चलते प्रशासन मार्ग को अतिक्रमण मुक्त करने में लगा है। इसी के तहत जहां हयातनगर में कई दुकानों पर बुलडोजर चला।सड़क किनारे बनी मस्जिद को भी तोड़ा गया। दरगाह को कमेटी के लोग खुद पीछे हटा रहे हैं। पिछले दिनों हुई नापजोख में चौधरी सराय में नाले से सटी फूल वाली मस्जिद का आठ फिट हिस्सा अतिक्रमण के रूप में चिन्हित किया था।

मस्जिद कमेटी से कहा गया था कि खुद अतिक्रमण तोड़ लें नहीं तो बुलडोजर कार्रवाई की जाएगी।शनिवार को कमेटी ने मस्जिद के अतिक्रमण के रूप में चिन्हित हिस्से को तुड़वाने का काम शुरु किया। सुबह से ही मजदूर निर्माण तोड़ने के काम में जुट गये।

दोपहर तक निर्माण का काफी हिस्सा तोड़ लिया गया था। मस्जिद कमेटी के मोहम्मद मुनाजिर ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण के लिए मस्जिद का 8 फिट हिस्सा अतिक्रमण मानकर वहां निशान लगाया था। वह इसे तुड़वा रहे हैं।

## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता बदायूँ/पीलीभीत वृत्त, लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक 4081/7निविदा(ई-टेण्डर)-08/2025-26 दिनांक 03/07/2025

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

1. महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बदायूँ/पीलीभीत वृत, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बदायूँ के कार्यक्षेत्र में निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ऑन लाइन ई-निविदा दिनांक 21.07.2025 से दिनांक 05.08.2025 की अपरान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित कर दिनांक 05.08.2025 को अपरान्ह 12.30 बजे ऑनलाइन खोला जाना प्रस्तावित किया गया है-

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | खण्ड का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (निविदा शुल्क+स्टेशनरी +जी0एस0टी0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह में) | फर्म/ठेकेदारों की आवश्यक पंजीकरण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | विशिष्ट महानुभावों के सम्भावित आगमन / कार्यक्रमों के निष्पादन हेतु जनपद बदायूँ में टेण्टेज एवं वैरिकेडिंग इत्यादि का कार्य। | प्रान्तीय खण्ड लोनिवि, बदायूँ | 250.00 | 14.50 | 2714.00 | 12 Month | समान स्तर के कार्य को कम से कम तीन बार आयोजन कराने का अनुभव होना चाहिए |
| 2 | विशिष्ट महानुभावों के सम्भावित आगमन / कार्यक्रमों हेतु जनपद बदायूँ में हैलीपेड निर्माण /खडन्जा इत्यादि निर्माण का कार्य। | प्रान्तीय खण्ड लोनिवि, बदायूँ | 95.00 | 6.75 | 2714.00 | 12 Month | समान स्तर के कार्य को कम से कम तीन बार आयोजन कराने का अनुभव होना चाहिए |

2. निविदा दस्तावेज एंव निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु बेवसाईट http;//etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

(नरेश कुमार), अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बदायूँ — (के0के0सिंह), अधीक्षण अभियन्ता, बदायूँ/पीलीभीत वृत्त, लो0नि0वि0,बरेली

UP - 236043 दिनांकः 18/07/2025
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

# ईओ की मां के कुंडल खींच ट्रेन से कूदा उचक्का

**बबराला, अमृत विचार :** अमरोहा नगर पालिका में अधिशासी अधिकारी सलिल भारद्वाज की माता सुधा शर्मा अलीगढ़ के अतरौली में बिजली विभाग में कार्यरत हैं। सुधा अलीगढ़-बरेली पैसेंजर से अपने घर बहजोई लौट रही थीं। ट्रेन धनारी रेलवे स्टेशन से धीरे-धीरे चलने लगी। उसी दौरान एक झपटमार ने अचानक सुधा शर्मा के एक कान से सोने का कुंडल नोच लिया और ट्रेन से उतरकर भाग गया। घटना की सूचना जीआरपी को दी है।

## कार्यालय जिला गन्ना अधिकारी, बरेली

पत्रांक : 1213 दिनांक : 19 जुलाई 2025

### प्रेस विज्ञप्ति

आयुक्त गन्ना व चीनी/निबन्धक, सहकारी गन्ना/चीनी मिल समितियां, उ.प्र. के पत्र संख्या 348/सी/समिति पर्ची दिनांक 16.06.2025 के अनुपालन में ''ग्राम स्तरीय गन्ना सर्वेक्षण व सट्टा प्रदर्शन'' आदि कार्यक्रम जिला बरेली की समस्त सहकारी गन्ना विकास समितियों के समस्त ग्रामों के गन्ना कृषकों हेतु निम्नानुसार निर्धारित किया जाता है-

| क्र.सं. | नाम गन्ना समिति | कार्यक्रम | निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | बरेली | ग्राम स्तरीय सर्वेक्षण व सट्टा प्रदर्शन, राजस्व अभिलेखों एवं घोषणा-पत्र से सर्वेक्षित गन्ना क्षेत्रफल का मिलान तथा ग्राम स्तरीय सर्वेक्षण व सट्टा प्रदर्शन व आपत्तियों का विस्तारण | 20 जुलाई 2025 से 30 अगस्त 2025 तक |
| 2. | बहेड़ी | | |
| 3. | मीरगंज | | |
| 4. | नवाबगंज | | |
| 5. | भोजीपुरा | | |
| 6. | फरीदपुर | | |
| 7. | भुडिया अमरिया | | |

ग्रामवार सर्वेक्षण व सट्टा प्रदर्शन कर्मचारी का नाम एवं मोबाईल न. चीनी मिल, परिषद, समिति परिसर व सम्बन्धित ग्रामों के सार्वजनिक स्थलों के सहज दृश्य सूची चस्पा की जायेगी। प्रदर्शन कर्मचारी द्वारा ग्राम के सार्वजनिक स्थल पर प्लाटवार, प्रजातिवार, गन्ना क्षेत्रफल, कृषकवार आगणित बेसिक कोटा एवं सट्टा का प्रदर्शन प्रारूप-1(63 कॉलम) पर किया जायेगा। सभी कृषक बन्धुओं से अपील है कि गन्ना सर्वेक्षण के समय प्राप्त सर्वे स्लिप/सूचना से अपने सर्वेक्षण एवं सट्टा का मिलान अवश्य कर लें-यथा (पौधा/पेड़ी क्षेत्रफल, प्रजाति, प्लाट, प्लाट की भुजाएं प्लाट में हिस्सा वर्षवार गन्ना आपूर्ति, बेसिक कोटा, गन्ना आपूर्ति का साधन, राजस्व अभिलेखों से गाटा संख्यावार मिलान, आधार नम्बर इत्यादि) मिलान कर लें तथा हस्ताक्षर/अंगूठा व मोबाईल न. अवश्य अंकित कर दें। प्रदर्शन के दौरान यदि कोई भिन्नता प्रदर्शित हो, तो उसके संधोधन हेतु लिखित प्रार्थना पत्र मय घोषणा-पत्र प्रदर्शन कर्मी को उपलब्ध करा दें, जिसका मौके पर सत्यापन करने के पश्चात् ही नियमानुसार संशोधन किया जायेगा। सहकारी गन्ना विकास समितियों के नये सदस्य 30 सितम्बर, 2025 तक बनाये जायेंगे, गन्ना समिति की सदस्यता हेतु ऑनलाईन आवेदन करें (शुल्क के रूप में रू. 21/- व अंश के रूप में रू. 200/- गन्ना आपूर्ति की प्रथम पर्ची से समायोजित कर अंश प्रमाण-पत्र जारी किया जायेगा) तथ उपज बढ़ोत्तरी हेतु अपने आवेदन पर संबन्धित सहकारी गन्ना विकास समिति लि. निर्धारित शुल्क (अनूसूचित जाति एवं अनूसूचित जनजाति के कृषकों, लघु कृषकों एवं अन्य कृषकों से क्रमशः 10/-, रू. 100/-रू. मात्र एवं 200/- अन्य कृषकों से मात्र प्रति कृषक तथा पंचामृत से आच्छादित उत्तम कृषकों से निःशुल्क) के साथ 30 सितम्बर 2025 तक दे सकते हैं। ध्यान रहे कि उक्त प्रदर्शन अवधि की अन्तिम दिनांक 30.08.2025 के पश्चात् गन्ना सर्वेक्षण/सट्टा संबंधी कोई संशोधन/प्रार्थना पत्र ग्राहय किया जाना सम्भव नहीं होगा। समस्त सदस्य गन्ना कृषकों से अनुरोध है कि enquiry.caneup.in वेबसाइट पर उपलब्ध घोषणा-पत्र विकल्प के माध्यम से यदि अभी तक नहीं भरा है तो दिनांक 30.08.2025 तक अपना घोषणा पत्र अवश्य भर लें, अन्यथा आगामी पेराई सत्र में गन्ना आपूर्ति/ सट्टा संचालन बाधित हो सकता है।

**समस्त सचिव**, सहकारी गन्ना विकास समितियां लि. बहेड़ी, नवाबगंज, मीरगंज, फरीदपुर, बरेली, भोजीपुरा एवं भुड़िया अमरिया — **(दिलीप कुमार सैनी)**, जिला गन्ना अधिकारी, बरेली

## कार्यालय तहसीलदार पुवायाँ, जिला शाहजहाँपुर

पत्रांक – /र0का0 (म0आ0) दिनांक :

### विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि तहसील पुवायाँ के अन्तर्गत ग्राम सभा में उपलब्ध तालाब व झील व पोखर व मीनाशयों का मत्स्य पालन के लिये दस वर्षीय पट्टा आवंटन हेतु राजस्व संहिता 2016 में निहित प्राविधानों एवं समय-समय पर जारी प्रार्थना आदेशो पर में दी गई व्यवस्था के अनुसार मत्स्य पालन हेतु निर्धारित क्षेत्रफल 02 हे0 तक के तालाब न्यूनतम 5000/- रू0 प्रति हे0 प्रतिवर्ष लगान पर उठाये जा सकेंगे तथा 02 हे0 क्षेत्रफल से बडे तालाब का वार्षिक लगान 10000/- रू0 न्यूनतम प्रति हे0 प्रतिवर्ष रहेगा। बोली बोलने के लिये जमानत धनराशि निर्धारित बोली की 10 प्रतिशत जमा होगी। तालावों की नीलामी शिविर के माध्यम से तहसील पुवायाँ के सभागार में उपजिलाधिकारी महोदया द्वारा नामित नीलाम अधिकारी की अध्यक्षता में नीलामी बोली दिनांक 30.07.2025 दिन बुधवार को होगी, जिसमें मछुआ समुदाय को वरीयता दी जायेगी। इसके अतिरिक्त गरीबी रेखा के नीचे निवास करने वाले अनुसूचित जाति/पिछडी जाति/सामान्य जाति के व्यक्ति भाग ले सकेगे। 02 हे0 क्षेत्रफल से बडे जल क्षेत्रों का आवंटन पंजीकृत मत्स्य जीवी सरकारी समितियों के पक्ष में किया जायेगा। आवंटन लेने के इच्छुक व्यक्तियों को आवेदन पत्र के साथ नीलामी तिथि के पूर्व का आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के उपरान्त ही भाग ले सकेंगे। बाद में जारी प्रमाण पत्र किसी भी दशा में मान्य नही होगा। यदि कोई तालाब पूर्व में आवंटित पाया जाता है तो ऐसी दशा में आवंटन निरस्त माना जायेगा। नीलामी स्वीकृत करने का अधिकार व निरस्त करने का अधिकार उपजिलाधिकारी पुवायाँ में निहित होगा।

*नोटः- यदि नियत दिनांक पर नीलामी में प्रतिभाग करने वाले लाभार्थियों को सूची में अंकित ग्रामों के तालावों पर आंवटन क्रिया में बोली पूर्ण नही हो पाती है तो अगले कार्य दिवस में नीलामी की प्रकिया पूर्ण की जायगी।*

| क्र0सं0 | ग्राम का नाम | गाटा सं0 | क्षेत्रफल | सरकारी बोली/विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | करखेडा | 704,165 | 1.173,0.360 | 5865,1800 |
| 2 | पट्टी छज्जुपुर | 627 | 0.551 | 2755 |
| 3 | उदरा टिकरी | 494 | 2.071 | 10355 |
| 4 | चेना रूरिया | 117 | 0.486 | 2430 |
| 6 | ररूलपुर गढिया | 37 ,108 | 0.210 ,0.218 | 1050 ,1090 |
| 7 | कुलुम जुझारपुर | 12 ,35 ,240 | 0.502 ,0.862 ,0.291 | 2510 ,4310, 1455 |
| 8 | खखरा खुर्द | 4 | 0.579 | 2895 |
| 9 | पडरिया दलेलपुर | 131 | 0.336 | 1680 |
| 10 | भानपुर निबुआ चक | 187 ,197,241 | 0.340 ,0.425, .356 | 1700 ,2015, 1780 |
| 11 | धरमगंदपुर खुर्द | 64 | 0.479 | 4810 |
| 12 | बसखेडा खुर्द | 230 ,318 200अ ,268, 277ग | 0.413 ,0.344 ,0.214 ,0.543 ,0.478 | 2065 ,1720 ,1070 ,2715 ,2390 |
| 13 | इमलिया | 49 | 0.368 | 1840 |
| 14 | मजीदपुर | 266 ,293 | 0.388 ,0.405 | 1940 ,2025 |
| 15 | गढिया सरेली | 102 | 0.543 | 2715 |
| 16 | बडागांव | 629 | 0.438 | 2190 |
| 17 | बेला | 270 ,223 ,267 | 0.243 , 0.388 ,0.353 | 1215 ,1940 ,1765 |
| 18 | तुलापुर | 4 | 0.263 | 1315 |
| 19 | हिटौटा | 74क | 0.356 | 1780 |
| 20 | जडौली | 30 | 0.198 | 1000 |
| 21 | भिलावा | 139 | 0.700 | 3500 |
| 22 | हरैया ज0 गदाईसांडा | 11 | 0.882 | 4410 |
| 23 | नरौठा हंसराम | 356 ,15 | 0.328 ,0.628 | 1640 ,3140 |
| 24 | मैना मु0मैनिया | 51 | 0.202 | 1010 |
| 25 | महानन्दपुर | 189 | 0.482 | 2410 |
| 26 | ताहरपुर | 188 | 0.259 | 1295 |
| 27 | ढोढनपुर | 102 | 0.603 | 3015 |
| 28 | बबौरी | 559 ,582 | 0.849 ,0.583 | 4245 ,2915 |
| 29 | पिलखना | 266 ,272ग ,315ख | 0.243 ,0.745 ,0.380 | 1215 ,3725 ,1900 |
| 30 | जलालाबाद | 61 ,130 ,144 | 0.470 ,0.304 ,0.239 | 2350 ,1520 ,1195 |
| 31 | महाऊ दुर्ग | 36ख ,149 ,623क | 0.255 ,0.858 ,0.571 | 1275 ,4290 2855 |
| 32 | महमदपुर | 191 | 0.833 | 4165 |
| 33 | कटिया खुर्द | 34 | 0.352 | 1760 |
| 34 | कटिया बुजुर्ग | 306 ,563 ,759 ,760 | 0.959 ,0.210 ,0.874 ,0.223 | 4795 ,1050 ,4370 ,1115 |
| 35 | इमलिया हमीदनगर | 152 ,127 | 1.854 ,0.202 | 9270 ,1010 |
| 36 | रखिया बुजुर्ग | 144 ,154 ,266,ख | 0.324 ,0595 ,0.502 | 1620 ,2975 ,2510 |
| 37 | भंडेरी | 222 ,206 | 0.930 ,0.267 | 4650 ,1030 |
| 38 | बेहटा सनवात | 69 | 0.470 | 2350 |
| 39 | नटियुरा | 332 | 0.334 | 1670 |
| 40 | गुरसंडा रायपुर | 31 | 0.287 | 1435 |
| 41 | अन्नतापुर | 63 | 0.235 | 1175 |
| 42 | विरहाना बुजुर्ग | 174 ,121 | 0.648 ,0.502 | 3240 ,2510 |
| 43 | अजोधपुर | 153 | 0.283 | 1415 |
| 44 | मुडिगंवा | 41 | 0.826 | 4130 |
| 45 | तिन्दुआ नगरिया | 278 | 2.359 | 11795 |
| 46 | गुलौली | 26 | 0.308 | 1540 |
| 47 | गंगाई | 195 | 0.511 | 2855 |
| 48 | अगौना खुर्द | 236 | 0.466 | 2330 |
| 49 | मतलूकपुर | 144 | 0.312 | 1560 |
| 50 | पीरू | 291ख | 4.929 | 24645 |
| 51 | कलन्दरगंज | 88 ,347 | 1.036 ,0.251 | 5180 ,1255 |
| 52 | महुआ पाठक | 405 ,433 | 0.316 ,0.295 | 1580 ,1475 |
| 53 | बगडेर | 113 ,23 ,114ख ,68क | 3.780 3.177 ,3.242 ,1.236 | 18900 ,15885 ,16210 ,6180 |
| 54 | डुगरौची | 345 | 0.227 | 1135 |
| 55 | सिंहपुर मु0 सहारू | 115 | 0.526 | 2630 |
| 56 | चॉदा | 202 ,278 संयुक्त | 0.518 | 2590 |
| 57 | महासिर | 90 ,252 ,87 | 0.429 ,0.300 ,0.789 | 2145 ,1500 ,3945 |
| 58 | कोटाबारी | 99 ,409ख ,453 278 | 0.417 ,0.242 2.213 ,0.575 | 2085 ,1210 11065 ,2875 |
| 59 | सहारू मु0 सिंहपुर | 70 | 0.490 | 2450 |
| 60 | घाटबोझ | 106क ,112 | 0.364 ,0.214 | 1820 ,1070 |
| 61 | कनपारा | 147 | 1.520 | 7600 |
| 62 | वनगवॉ | 212 | .255 | 1275 |
| 63 | अनावां | 437 | 0.433 | 2165 |
| 64 | खिरिया पाठक | 447 ,303 | 0.2830 ,0.2870 | 1415 ,1435 |
| 65 | आलमपुर | 343 ,384 | 0.3000 ,0.235 | 1500 ,1175 |
| 66 | नवलपुर ज0 नाहिल | 23 | 0.559 | 2795 |
| 67 | रामपुर हीरा | 32 | 0.291 | 1455 |
| 68 | सिरखडी | 56 | 0.235 | 1175 |
| 69 | आवा ज0 दुगईया | 421 | 0.291 | 1455 |
| 70 | दिउहना | 175 ,286 | 0.737 ,1.193 | 3775 ,5965 |
| 71 | भगवन्तापुर | 354 | 1.015 | 5075 |
| 72 | तिहार एजनपुर | 378 | 0.397 | 1985 |
| 73 | जमुनिया खानपुर | 319 | 1.493 | 7465 |
| 74 | ऑयू | 342 | 0.243 | 1215 |
| 75 | वितौनी ज0 करनापुर | 113 | 0.328 | 1640 |
| 76 | कढेर चौरा | 80 ,180 ,80 | 0.235 ,0.571 ,0.304 | 1175 ,2855 ,1520 |
| 77 | बन्डा | 375 | 0.809 | 4045 |
| 78 | पटवा | 263 | 0.761 | 3805 |
| 79 | पटई | 51 | 0.951 | 4755 |
| 80 | मझिगंवा | 43 ,18 | 0.368 ,0.263 | 1840 ,1315 |
| 81 | गदाई संडा | 456 | 1.032 | 5160 |
| 82 | जलालपुर | 84 | 0.397 | 1985 |
| 83 | घनश्यामपुर बुजर्ग | 225 | 0.368 | 1840 |
| 84 | कैहमारा | 283 | 0.300 | 150 |
| 85 | गुधनी | 120ख ,487ग | 0.450 ,0.971 | 2250 ,4855 |
| 86 | बबौरी | 678ब | 0.413 | 2065 |
| 87 | भटपुरा रसूलपुर | 749 ,620 ,612 ,231, 165 ,861 ,737 ,1006,ख , | 0.275 ,0.267 ,0.344 ,0.281 ,0.281 ,0.793 ,0.393 ,0.705 | 1375 ,1335 ,1720 ,1405 ,1405 ,3965,1965,3525 |
| 88 | अन्डा | 28 ,59 (संयुक्त) | 0.089 ,0.166 | 1275 |
| 89 | शिवपुरी खंजी | 12 | 0.2830 | 1415 |
| 90 | सिंघापुर खास | 163 | 0.251 | 1255 |
| 91 | त्रिलोकपुर | 78 | 1.923 | 9615 |

UP - 236074 दिनांक 18/07/2025
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

तहसीलदार पुवायाँ

## एक नजर

### बाजरे की संकर प्रजाति के बीज पर अनुदान

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाजरा श्रीअन्न की प्रमुख फसल है। प्रदेश में धान, गेहूं एवं मक्का के पश्चात लगभग 10 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बाजरा की खेती की जाती है। बाजरा के दानों में भरपूर पौष्टिकता होती है। योगी सरकार इन्हीं गुणों को देखते हुए बाजरा किसानों को प्रोत्साहित कर रही है। बाजरे की संकर प्रजाति के बीज पर अनुदान उपलब्ध है। प्रदेश के 29 जनपदों में औसत से कम वर्षा के कारण धान की खेती नहीं की जा सकती, किसानों के लिए उन क्षेत्रों में बाजरा की फसल लेना लाभदायक सिद्ध होगा। बाजरा की संकर प्रजाति 86एम84, बायो-8145, एन.बी.एच.-5929 के साथ संकुल प्रजाति धनशक्ति की उत्पादन क्षमता 35-40 क्विंटल प्रति हेक्टेयर तक है। योगी सरकार राजकीय कृषि बीज भंडारों के माध्यम से बाजरे की संकर प्रजाति के बीज पर अनुदान उपलब्ध करा रही है।

### इटहिया का सावन मेला पर्यटन को दे रहा बढ़ावा

**अमृत विचार, लखनऊ :** महराजगंज में निचलौल तहसील में इटहिया मेला 11 जुलाई से शुरू हो चुका है, जो 9 अगस्त तक चलेगा। भारत-नेपाल सीमा पर बसा यह क्षेत्र सावन के महीने में आस्था, सांस्कृतिक उत्सव और ग्रामीण पर्यटन का जीवंत स्वरूप प्रस्तुत करता है। यहां रोजाना आने वाले हजारों श्रद्धालु और पर्यटकों के ठहरने के लिए इटहिया गांव में होम-स्टे की व्यवस्था की गई है। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शनिवार को दी। उन्होंने बताया कि पर्यटन विभाग द्वारा इटहिया गांव में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 10 होमस्टे चिह्नित किए गए हैं, जिनमें से चार होमस्टे संचालित हैं और अन्य छह का विकास कार्य प्रगति पर है। पर्यटक गांव के परिवारों के बीच रहकर यहां की जीवनशैली को करीब से अनुभव कर सकते हैं। स्वयंभू शिवलिंग के दर्शन के लिए भारत और नेपाल दोनों देशों के यहां जलाभिषेक करने पहुंचते हैं।

# लंबा खिंच रहा भाजपा सरकार और संगठन में बदलाव का इंतजार

- संगठन के बाद मंत्रिमंडल में भी होना है परिवर्तन
- विकल्प हैं तमाम फिर भी मंथन में लग रहा समय

अजय दयाल, लखनऊ

**अमृत विचार :** मिशन-2027 (विधानसभा चुनाव) से पहले उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार और संगठन में बदलाव तय है। लेकिन इस बदलाव की अवधि निकट होने के बजाय लंबे इंतजार के चलते विकट होती जा रही है। पहले संगठन में शीर्ष पद पर बदलाव होगा और फिर योगी मंत्रिमंडल में परिवर्तन की नौबत आएगी। लेकिन कब तक और किस रूप में, इस पर हाईकमान स्तर से अंतिम फैसले तक पहुंच पाना इतना आसान नहीं बन पा रहा?

दरअसल, लोकसभा चुनाव में यूपी से अपेक्षानुरूप परिणाम न मिलने के बाद भाजपा फूंक-फूंक कर कदम बढ़ाना चाहती है। जिस यूपी में भाजपा ने सभी 80 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा था, वहां सपा-कांग्रेस के गठबंधन ने एनडीए को पछाड़ दिया और इंडिया गठबंधन ने भाजपा को 240 सीटों पर रोक दिया था। ऐसे में भाजपा में मंथन इस सवाल का जवाब तलाशने को लेकर है कि क्या लोकसभा चुनाव के बाद यूपी का मूड कुछ बदला है। क्या



अब भी कांग्रेस और सपा के गठबंधन में इतनी ताकत है कि भाजपा के लिए उसे पछाड़ना कठिन होगा?

इतना तो साफ है कि भाजपा उत्तर प्रदेश में नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त करना चाहती है। यह काम पिछले साल अक्टूबर में ही करना था लेकिन अब तो आठ महीने का समय गुजर गया। हाल ही में गृह मंत्री अमित शाह की लखनऊ यात्रा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उनकी दिल्ली में मुलाकात के बाद इस नियुक्ति पर अंतिम मुहर लगा देने की चर्चा रही। यह भी अंदरखाने से पता चला कि नया अध्यक्ष ओबीसी या दलित समुदाय से होगा, ताकि इन वर्गों में पार्टी की पकड़ मजबूत हो।

इस सुगबुगाहट की जमीन तलाशें तो पाएंगे कि भाजपा ने जिन 70 जिलों में नए जिला अध्यक्ष नियुक्त किए हैं, उनमें 44 नए चेहरे हैं। स्वाभाविक है, यह बदलाव जातिगत संतुलन और युवा नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए किए गए हैं। बदलाव के मद्देनजर हो रही देरी शतरंज की बिसात पर मुहरें चलने से पहले दिमाग लगाने जैसा है। समझा जाता है कि विपक्ष का पीडीए एजेंडा इस बार भाजपा के लिए एक बड़ा राजनीतिक सिरदर्द है। ऐसे में सरकार और संगठन में फेरबदल करने से पहले भाजपा को क्षेत्रीय, जातीय और सामाजिक संतुलन बनाए रखने के लिए सही पद पर सही चेहरे की तलाश है। इसी तलाश से पूर्व यहां के खास चेहरे दिल्ली दिल्ली दरबार के चक्कर लगाने लगे हैं। दोनों उप मुख्यमंत्रियों केशव मौर्य और ब्रजेश पाठक ने बड़े दरबार में हाजिरी दे दी है। दोनों ने ही खासकर गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से मुलाकात की।

### फैसले पर टिकीं निगाहें

भाजपा को मिले फीडबैक के मुताबिक, लोस चुनाव में कम सीट आने के पीछे जातिगत और राज्य के अलग-अलग क्षेत्रों को उचित प्रतिनिधित्व न मिलना रहा। ऐसे में अब पार्टी 2027 के विधानसभा चुनाव में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती, क्योंकि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के नतीजे सीधे राष्ट्रीय राजनीति को प्रभावित करते हैं। अब देखना यह होगा कि सरकार से संगठन में और संगठन से सरकार में कौन-कौन आता-जाता है। यह भी कि सरकार हो या संगठन प्रदेश की कमान भविष्य की राजनीति को देखते हुए किसके हाथों सुरक्षित है?

### ईशन नदी लाएगी हाथरस एटा, मैनपुरी, कन्नौज कानपुर में हरियाली

**अमृत विचार, लखनऊ :** वर्षों से सूखी, गाद से भरी और अतिक्रमण की शिकार रही ईशन नदी अब फिर जीवंत होने लगी है। पुनरुद्धार कार्य शुरू होने से एटा, हाथरस, मैनपुरी, कन्नौज और कानपुर नगर में यह नदी हरियाली और खुशहाली का संदेश लाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्पष्ट निर्देशों पर राज्य स्वच्छ गंगा मिशन, नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग भी युद्धस्तर पर इस कार्य को अंजाम दे रहे हैं। एटा के जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने बताया कि एटा जिले में 57 किलोमीटर लंबी ईशन नदी का पुनरुद्धार चल रहा है। 44 ग्राम पंचायतों के किसान लाभान्वित हो रहे हैं।

# विकसित यूपी-2047 की तैयारी शुरू

## सभी सेक्टरों में विकास का खाका तैयार करने में नीति आयोग करेगा मदद

- विजन डाक्यूमेंट की कार्ययोजना अगले छह महीने में तय करने का लक्ष्य

रज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विकसित भारत-2047 की तर्ज पर विकसित यूपी-2047 का विजन डाक्यूमेंट बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। इसमें समृद्ध अर्थव्यवस्था में बदलने के लिए विजन के साथ आर्थिक विकास, तकनीकी उन्नयन, बुनियादी ढांचे का विकास, सामाजिक सशक्तिकरण और स्थिरता के मुख्य मानदंड तय किए जाएंगे। इस कार्ययोजना को छह माह में तैयार करने का लक्ष्य तय करते हुए नीति आयोग से राज्य सरकार मदद लेगी।

पिछले माह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई नीति आयोग की बैठक में सभी राज्यों को आजादी के 100 पूरे होने तक विकसित प्रदेश का विजन बनाने का गुरुमंत्र दिया गया था। इसी के तहत छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भी ने 17 जुलाई 'छत्तीसगढ़ अंजोर विज़न@2047' दस्तावेज को प्रदेश की जनता को समर्पित किया। हालांकि इसके पहले गुजरात, ओडिशा और आंध्रप्रदेश ने अपना विजन डाक्यूमेंट तैयार कर लिया है। योगी सरकार इसे और व्यवस्थित रूप से तैयार करने में करीब छह माह का वक्त ले रही है। ताकि विकसित यूपी-2047 के विजन डाक्यूमेंट में आत्मनिर्भर, समृद्ध और विकसित उत्तर-प्रदेश के निर्माण का एक ठोस संकल्प और स्पष्ट दिशा हो। इसे तैयार करने में न केवल विशेषज्ञों और विभागों का सहयोग लिया जाएगा, बल्कि आम लोगों की भागीदारी सुनिश्चित होगी।

इस डाक्यूमेंट में 2047 तक राज्य को विकास के शीर्ष मानक तक पहुंचाने का लक्ष्य हासिल करने का पूरा रोडमैप होगा। इसी के जरिए प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डालर तक पहुंचाने का लक्ष्य भी हासिल करना आसान होगा। शासन के अधिकारियों के मुताबिक विजन डाक्यूमेंट के केंद्र में फोकस बिंदू ग्राम्य विकास, अवस्थापना, औद्योगिक विकास, सामाजिक सुरक्षा, कृषि उत्पाद, राजस्व, शहरी विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, गृह व सोशल वेलफेयर को रखा जाएगा। फोकस एरिया में कुछ अन्य बिंदु भी जोड़े जाएंगे। यह दूरदर्शी योजना प्रभावी शासन के साथ समावेशी विकास और सतत विकास पर केंद्रित है। इस परिवर्तन की कुंजी भारत के युवाओं की सक्रिय भागीदारी है, जिन्हें परिवर्तन के वाहक और प्राप्तकर्ता दोनों के रूप में देखा जाता है। यह दृष्टिकोण नवाचार और उन्नति के साथ-साथ आत्मनिर्भरता को भी बढ़ावा देता है, जिससे विकसित भारत 2047 की उपलब्धि में तेज़ी आती है।

# मरीजों को घर बैठे मिलेगी जांच रिपोर्ट

- प्रदेश के सभी जिला अस्पतालों और सीएचसी तक में उपलब्ध होगी सुविधा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में अब मरीजों को पैथालॉजी जांच रिपोर्ट के लिए अस्पतालों के चक्कर नहीं लगाने होंगे। उन्हे लैब रिपोर्ट उनके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर भेज दी जाएगी। जांच रिपोर्ट मरीजों को जांच के बाद कुछ ही घंटों में मिल जाएगी। यह सुविधा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) से लेकर बड़े अस्पतालों तक में भी मरीजों को मिलेगी।

मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर मोबाइल पर जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराने की सुविधा प्रदेश के सभी ज़िला अस्पतालों और सीएचसी तक में करायी गयी है।

स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सचिव रितु माहेश्वरी ने शनिवार को बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के अस्पतालों में संचालित हॉस्पिटल मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम (एचएमआईएस) को लैब इंफॉर्मेशन सिस्टम (एलआईएस) से जोड़ दिया गया है। इसे आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के तहत किया गया है। अब मरीज की जांच रिपोर्ट सीधे उसके पर्सनल हेल्थ रिकार्ड (पीएचआर) पोर्टल या मोबाइल एप पर उपलब्ध होगी। साथ ही एसएमएस और व्हाट्सएप के माध्यम से भी रिपोर्ट साझा की जाएगी। इस सुविधा के बाद मरीजों को जांच रिपोर्ट लेने के लिए अस्पताल नहीं जाना पड़ेगा, इतना ही नहीं, जांच रिपोर्ट खो जाने का भय भी नहीं रहेगा।

### चिकित्सकों के पास सीधे पहुंचेगी रिपोर्ट

सचिव रितु माहेश्वरी ने बताया कि अस्पताल में भर्ती मरीज की रिपोर्ट हॉस्पिटल इंफॉर्मेशन सिस्टम के माध्यम से संबंधित डॉक्टर के पास सीधे पहुंचेगी, जिससे इलाज में देरी नहीं होगी और सटीकता बढ़ेगी। मरीज स्वयं भी अपनी रिपोर्ट को पीएचआर एप के माध्यम से डाउनलोड कर सकेंगे और संबन्धित डॉक्टरों को दिखा सकेंगे। यह सुविधा प्रदेश के सभी ज़िला अस्पतालों और सीएचसी की प्रयोगशालाओं में लागू किया जा रहा है। बता दें कि वर्तमान में राजधानी कई बड़े अस्पतालों में यह व्यवस्था पहले से ही सक्रिय है और मरीजों को रिपोर्ट मोबाइल ऐप, एसएमएस और व्हाट्सएप के माध्यम से भेजी जा रही है।

# बिजली उपभोक्ताओं से नहीं मांगे जाएं अनावश्यक कागजात

- कॉरपोरेशन अध्यक्ष ने अधिकारियों को समस्याएं दूर करने के दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** अब बिजली उपभोक्ताओं से समस्याओं के निस्तारण में अनावश्यक कागजात नहीं मांगे जाएंगे। केवल नाम परिवर्तन के समय आवश्यक कागजात जमा होंगे।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने अधिकारियों को पहले से जमा कागजात के अनुसार समस्याएं दूर करने के निर्देश दिये। अध्यक्ष शनिवार को शक्ति भवन में समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। अध्यक्ष ने कहा कि किसी भी सेवा जैसे बिल संशोधन, मीटर परिवर्तन, बिजली आपूर्ति में उपभोक्ता श्रेणी बदलने आदि के लिए बिजली उपभोक्ताओं से कोई कागज नहीं मांगा जायेगा। इस प्रकार की शिकायतों पर विभागीय अभिलेखों से निस्तारण कराया जाएगा। समीक्षा बैठक में अध्यक्ष ने अधिकारियों से उपभोक्ताओं से अनावश्यक कागज मांगे जाने पर नाराजगी व्यक्त की।

उन्होंने बैठक में उपस्थित और वीडियो कांफ्रेन्सिंग के माध्यम से जुड़े अधिकारियों से इस पर उनकी राय भी ली।

### 21 व 22 को भी लगेंगे संशोधन शिविर

बिजली उपभोक्ताओं के बिल संशोधन के लिए लगाये जा रहे 'मेगा कैम्प' के तहत 21 व 22 जुलाई को भी शिविर लगेंगे। उपभोक्ताओं की समस्याओं को ध्यान रखते हुए अध्यक्ष ने शिविर लगाने की तारीख बढ़ाने के निर्देश दिये। अध्यक्ष ने कहा कि शिविरों में नये कनेक्शन, भार वृद्धि, खराब मीटर, बिल संशोधन, श्रेणी परिवर्तन, बिल जमा करने व अन्य सम्बन्धित कार्यों की शिकायत का निस्तारण किया जाएगाा।

### कांग्रेस का ओबीसी नेतृत्व भागीदार न्याय महासम्मेलन 25 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के मतदाताओं पर पकड़ मजबूत करने में जुट गई है। इसको लेकर 25 जुलाई को नई दिल्ली में 'ओबीसी नेतृत्व भागीदार न्याय महासम्मेलन' आयोजित किया जाएगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी महासम्मेलन का नेतृत्व करेंगे। प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के चेयरमैन मनोज यादव ने कहा कि महासम्मेलन में प्रदेश के पदाधिकारी शामिल होंगे। प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में देश भर से कांग्रेस के ओबीसी समाज के सभी बड़े नेता व कार्यकर्ता शामिल होंगे।







शनिवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह से अलग-अलग शिष्टाचार भेंट करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### मोदी, नड्डा और शाह से तीन मुद्दों पर योगी ने रखी बात

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का शनिवार दिल्ली दौरा बेहद खास रहा। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह से उनके आवास पर मिले। इस दौरान योगी ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, मंत्रिमंडल विस्तार और मुख्य सचिव के सेवा विस्तार पर अपनी बात रखी। पहली बार वे पीएम मोदी से मिलने फाइलों के साथ पहुंचे थे। उन्होंने पीएम को जेवर एयरपोर्ट के लोकार्पण का न्योता भी दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर अपनी बात रखी। वे भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृहमंत्री अमित शाह से भी मिले। पीएम से मुलाकात के बाद योगी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय राजनेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट कर उनका आत्मीय मार्गदर्शन प्राप्त किया। उन्होंने इसके लिए आभार जताया। ऐसा ही पोस्ट नड्डा और शाह से मिलने के बाद भी किया। सूत्रों के अनुसार, योगी ने प्रधानमंत्री के साथ मुलाकात के दौरान राज्य से जुड़े विभिन्न मुद्दों और विकास कार्यों के बारे में बातचीत की।

### भेदभाव और नफरत की राजनीति कर रही भाजपा

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा भेदभाव और नफरत की राजनीति करती है। भाजपा सरकार में पिछड़े, दलितों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं, पीडीए के साथ हर स्तर पर भेदभाव हो रहा है। भाजपा नेताओं का रवैया भेदभावपूर्ण और अलोकतांत्रिक है। सपा प्रमुख ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार अलोकतांत्रिक और संविधान विरोधी कार्य कर रही है।



# विवि और कॉलेजों में पूरी तरह लागू होगा समर्थ

- निजी ईआरपी सिस्टम होंगे बंद, पदोन्नति से परीक्षा तक होगी ऑनलाइन
- समर्थ पोर्टल के जरिए उच्च शिक्षा को डिजिटल, पारदर्शी और सुगम बनाने की पहल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** 'समर्थ' पोर्टल को वर्ष 2025-26 तक सभी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में पूरी तरह लागू करने की तैयारी है। यह प्लेटफॉर्म न केवल प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाएगा, बल्कि उच्च शिक्षा को तकनीकी रूप से अधिक सक्षम और पारदर्शी भी बनाएगा। उच्च शिक्षा विभाग की ओर से संकाय पदोन्नति, नामांकन, वेतन भुगतान, परीक्षा और शोध अनुदान जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रियाएं 'समर्थ' के माध्यम से संचालित की जाएंगी।

योगी सरकार की कार्ययोजना के अनुसार, 2025 के अंत तक सभी निजी ईआरपी सिस्टम को बंद कर केवल 'समर्थ' प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाएगा। इससे कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में प्रशासनिक बोझ में कमी आएगी और कार्यप्रवाह अधिक प्रभावी व संगठित होगा। अब तक राज्य के सभी सरकारी विश्वविद्यालयों और संबद्ध कॉलेजों का समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण हो चुका है। विश्वविद्यालयों ने वेतन प्रसंस्करण, व्यय भुगतान, अवकाश प्रबंधन, नामांकन और परीक्षाओं जैसे कार्यों को समर्थ पर संचालित करना शुरू कर दिया है। छात्रों का ऑनलाइन पंजीकरण भी प्रगति पर है।

### पदोन्नति के लिए पोर्टल विकसित

कॉलेज और विश्वविद्यालयों के शिक्षकों की करियर एडवांसमेंट स्कीम (सीएएस) के अंतर्गत पदोन्नति के लिए अब ऑनलाइन पोर्टल विकसित कर लिया गया है। इस नई व्यवस्था से शिक्षकों को आवेदन प्रक्रिया में आसानी होगी और चयन की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और ट्रैक योग्य बन सकेगी। प्रदेश सरकार ने जुलाई 2025 से केंद्रीकृत प्रवेश प्रणाली लागू कर दी है। अब छात्रों का नामांकन एकीकृत पोर्टल के माध्यम से होगा।

## वर्ग पहेली-37

**बाएं से दाएं**

1. मकान की सीमा में आने वाला वह खुला स्थान जिसे घर के कामों के लिए उपयोग में लाया जाता है, अंगना।
4. गुंडागर्दी,गुंडाराज।
6. सतर्कता, चौकसी, होशियारी, सचेतता।
8. चंद्र मास की ग्यारहवीं तिथि, पूर्णिमा या अमावस्या के बाद ग्यारहवीं तिथि 2. इस तिथि को रखा जाने वाला व्रत।
9. 1. जिसे कोई उपाधि या पदवी मिली हो 2. ख़िताब संबंधी।

**ऊपर से नीचे**

1. दे. अंगुल।
2. चांडालिन, चांडाल जाति की स्त्री।
3. अपमान, बेइज़्ज़ती, तिरस्कार, अनादर, अप्रतिष्ठा।
5. दुनिया की समस्त बातों और घटनाओं के होने में ईश्वर की प्रेरणा को मानने का सिद्धांत; नियतिवाद।
7. 1. पशु होने की अवस्था या भाव, पशुत्व, जानवरपन, पाशविकता 2. पशुवत स्वभाव, पशुओं जैसा आचरण 3. बुद्धिहीनता, मूर्खता, जड़ता।



### वर्ग पहेली -36 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 फ़ा | 2 र | सी | ■ | 3 ला | हो | ल |
| ■ | दी | ■ | 4 कु | ■ | ■ | ■ |
| ■ | 5 फ़ | त | ह | ■ | 6 मू | ■ |
| ■ | ■ | ■ | रा | ■ | ढ़ | ■ |
| 7 ल | ■ | 8 ढ | म | ढ | म | ■ |
| गा | ■ | ■ | ■ | ■ | ति | ■ |
| 9 म | ख़ | सू | स | ■ | ■ | ■ |

## सुडोकू -44

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | 1 | | | | 2 | 7 |
| | 2 | | | 7 | | | | 5 |
| | 3 | | | | 8 | | 9 | |
| 8 | | | | 3 | | | 5 | |
| | | | | | | 2 | | 8 |
| | 1 | 4 | | 9 | | | | |
| | 4 | | 7 | | | | 1 | |
| 1 | | | | 2 | | | 4 | |
| | 5 | 6 | | | 4 | 7 | | |

### सुडोकू - 43 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 4 | 3 | 1 | 7 | 6 | 9 | 2 |
| 7 | 3 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 1 | 8 |
| 6 | 1 | 9 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 2 | 8 | 1 | 3 | 5 | 9 |
| 5 | 9 | 1 | 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 |
| 2 | 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 1 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 | 7 | 1 |
| 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 9 | 8 | 2 | 5 |
| 9 | 7 | 8 | 1 | 5 | 2 | 4 | 6 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 जुलाई, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष,दशमी-12.12 तक तत्पश्चात एकादशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम, ऋतु- वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुम्भ।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-कृत्तिका 22.53 तक तत्पश्चात रोहिणी।

**मेष** आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जिम्मेदारियों के बीच स्वयं के लिए समय अवश्य निकालें। आर्थिक मामलों में आज भाग्यशाली रहेंगे। बातचीत के दौरान सभ्य भाषाशैली का प्रयोग करें। बच्चों की सेहत की चिंता हो सकती है।

**वृष** आज अपनी कार्यशैली में बदलाव ला सकते हैं। परिवार को लेकर आप कुछ योजना बना सकते हैं। व्यवसाय में बड़े लक्ष्यों को प्राप्त करने में लगे रहेंगे। अच्छे लोगों के साथ आपके संपर्क मजबूत होंगे। घर में मेहमानों का आना-जाना लगा रहेगा।

**मिथुन** आज अपने विचारों को सकारात्मक बनाए रखें। गर्मी के कारण त्वचा विकार हो सकते हैं। बुरी संगत के कारण आपको नुकसान हो सकता है। अधीनस्थ कर्मचारियों से अपने संबंध अच्छे रखें। ऑनलाइन फ्रॉड और प्रलोभनों को लेकर सतर्क रहें।

**कर्क** आज कारोबार में वृद्धि होने की संभावना है। परिजनों के प्रति थोड़ा चिन्तित हो सकते हैं। सुख के साधनों पर आप धन खर्च करेंगे। जीवनसाथी की सलाह लेने से आपको लाभ होगा। युवा प्रेम संबंधों को लेकर अधिक भावुक हो सकते हैं। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी।

**सिंह** आज आपके मस्तिष्क में नए रचनात्मक विचार उत्पन्न होंगे। मीडिया के क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान मिलेगा। महत्वपूर्ण विषयों को लेकर आप काफी सक्रिय रहेंगे। परिवार में किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा होगी। आज आराम वाले समय का आनंद उठायेंगे।

**कन्या** आज पिता अपने बच्चों से किसी कारण नाराज हो सकते हैं। प्रेम संबंधों में परस्पर विश्वास में कमी होने की आशंका है। लेकिन साथ में समय बिताने से मन हल्का होगा। विदेश में रहने वाले परिजनों की चिंता हो सकती है। बुखार और शारीरिक कमजोरी महसूस होगी।

**तुला** आज अपने मित्रों के साथ समय बिताना पसंद करेंगे। आपका मन किसी कारण अप्रसन्न हो सकता है। उच्च शिक्षा में बाधाओं का सामना करना पड़ेगा। अटका हुआ धन वापस मिलने में कठिनाई होगी। मेहनत का उत्तम परिणाम नहीं मिलेगा। स्वयं की गलतियों पर पर्दा न डालें।

**वृश्चिक** आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव बढ़ेगा। बुद्धिमान लोगों का मार्गदर्शन प्राप्त हो सकता है। पारिवारिक संबंधों की कटुता दूर होगी। पार्टनरशिप में किए गए व्यवसाय में उत्तम लाभ प्राप्त होगा।

**धनु** आज परिवार के लोगों का विरोध करने से बचें। आज अधूरे कार्य पूर्ण करने का दबाव रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा में अच्छे परिणाम मिलेंगे। वैवाहिक जीवन काफी सुखमय रहने वाला है। मांगलिक कार्यक्रमों की योजना बना सकते हैं।

**मकर** आज अपने निर्णयों को बार-बार न बदलें। संतान की गतिविधियों पर नजर बनाए रखें। मन में नए काम को लेकर थोड़ी शंका रहेगी। आपको अपने स्वाभिमान की चिंता हो सकती है। घरेलू कार्यों में फंस सकते हैं। शुभ कार्यों में धन खर्च होगा।

**कुंभ** आज अपने चरित्र को अच्छा रखें। योजनाबद्ध तरीके से काम करना लाभकारी होगा। दिखावे पर अधिक खर्च करना उचित नहीं है। कानूनी विवादों को लेकर सावधानी रखें। माता के प्रति आपको अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए।

**मीन** आज कार्यक्षेत्र में प्रतिस्पर्धा का वातावरण रहेगा। छोटी दूरी की यात्रा हो सकती है। मनोरंजन के साधनों पर धन खर्च करेंगे। नई जॉब मिलने के योग बन रहे हैं। रूढ़िवादी विचारों से बचें। तकनीक के प्रति आप आज थोड़े आकर्षित रहेंगे।

# भारत धर्मनिरपेक्ष, अल्पसंख्यक यहां सुरक्षित

## केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू बोले- बहुसंख्यक हिंदू के कारण अल्पसंख्यकों को स्वतंत्रता और सुरक्षा प्राप्त

नई दिल्ली, एजेंसी



- **रीजीजू ने कहा- ऐसा एक भी मामला नहीं है, जिसमें अल्पसंख्यक किसी भी चीज से वंचित होने से पलायन की इच्छा रखता हो**

केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा, भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है और अल्पसंख्यक इस देश में सर्वाधिक सुरक्षित हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि बहुसंख्यक हिंदू के कारण अल्पसंख्यकों को पूर्ण स्वतंत्रता और सुरक्षा प्राप्त है।

अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री ने कहा कि उन्हें ऐसा एक भी मामला नहीं मिला है जहां अल्पसंख्यक समुदाय का कोई सदस्य देश में किसी भी चीज से वंचित होने के कारण भारत से पलायन करने की इच्छा रखता हो। उन्होंने कांग्रेस समर्थित वामपंथी तंत्र पर आरोप लगाया कि वह लगातार यह अभियान चलाने में लिप्त है कि अल्पसंख्यकों को भारत में प्रताड़ित किया जा रहा है, उनका कत्लेआम हो रहा है, उनकी हत्या की जा रही है और वे सुरक्षित नहीं हैं। मुख्तार अब्बास नकवी मंत्री रहते हुए भारत अल्पसंख्यकों के लिए स्वर्ग है वाले बयान पर रीजीजू ने कहा कि भारत के लोग कानून का पालन करते हैं, हम धर्मनिरपेक्ष हैं, हमारा संविधान है और इसलिए चाहे बहुसंख्यक हो या अल्पसंख्यक सभी समान हैं।

रीजीजू ने कहा, जो कुछ बहुसंख्यक को मिलता है वहीं अल्पसंख्यक को भी मिलता है, लेकिन कुछ चीजें जो अल्पसंख्यकों को तो मिलती हैं वह बहुसंख्यक को नहीं मिलतीं। भाजपा नेता ने कहा, अगर आप इतिहास को देखें, तो चीनी कब्जे से तिब्बत में समस्याएं थीं और तिब्बती भारत आ गए। म्यांमा, श्रीलंका बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से लो समस्याओं के कारण भारत आए। आखिरकार वे भारत में शरण लेना चाहते हैं क्योंकि उन्हें भारत के संविधान पर भरोसा है। कांग्रेस के सत्ता में रहने के दौरान हुई घटनाओं और दंगों को छोड़कर, आमतौर पर अल्पसंख्यक भारत में सुरक्षित हैं। इसके बावजूद 11 वर्षों से यह अभियान चलाया जा रहा है कि भारत में अल्पसंख्यक सुरक्षित नहीं हैं। रीजीजू ने पूछा कि भारत को इस अभियान से क्या मदद मिल रही है। मैं अल्पसंख्यक समुदाय से हूं। मुझे खुले तौर पर यह स्वीकार करना होगा कि पुरानी जनगणना के अनुसार बहुसंख्यक हिंदू 78 से 79 % हैं। नई जनगणना में यह कम हो सकता है।

### भारत हर अल्पसंख्यक समुदाय के लिए पसंदीदा जगह

केंद्रीय मंत्री ने कहा, हिंदू बहुसंख्यकों की वजह से सभी अल्पसंख्यक इस देश में पूर्ण स्वतंत्रता और सुरक्षा का आनंद ले रहे हैं। कल्पना कीजिए कि अगर मैं पाकिस्तान में होता। अगर विभाजन के दौरान हम बांग्लादेश का हिस्सा बन जाते, तो आज हम शरणार्थी होते। आज हर आदिवासी, हर अल्पसंख्यक समुदाय यहां सुरक्षित है क्योंकि बहुसंख्यक हिंदू धर्मनिरपेक्ष और सहिष्णु है। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि भारत हर अल्पसंख्यक समुदाय के लिए एक पसंदीदा जगह है। मुसलमानों की सुरक्षा पर रीजीजू ने कहा, कुछ हिंदू कह रहे हों कि मुस्लिम बहुलता है इसलिए हमें खतरा है, लेकिन मुझे लगता है कि किसी को खतरा महसूस नहीं होना चाहिए और कोई दूसरे समुदाय को धमका रहा है तो राज्य सरकार को कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत में सभी समान हैं और सभी सुरक्षित हैं।

# ओडिशा : बदमाशों ने 15 साल की लड़की को लगाई आग, गंभीर हालत में एम्स में भर्ती

भुवनेश्वर, एजेंसी

ओडिशा के पुरी जिले में शनिवार को बदमाशों ने 15 वर्षीय लड़की को आग लगा दी। अधिकारियों ने बताया कि लड़की को गंभीर हालत में एम्स-भुवनेश्वर ले जाया गया है। वह 70 प्रतिशत तक झुलस चुकी है और बोल नहीं पा रही है। उपमुख्यमंत्री और महिला एवं बाल विकास मंत्री प्रभाती परीडा ने कहा कि सरकार लड़की के इलाज का खर्च वहन करेगी। पुलिस को दोषियों की गिरफ्तार के निर्देश दिए गए हैं।

घटना बलंगा थाना क्षेत्र के बयाबर गांव में सुबह नौ बजे हुई, जब लड़की अपनी सहेली के घर जा रही थी। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला कि बाइक सवार तीन अज्ञात युवकों ने लड़की को रोका, जबरन भार्गवी नदी के किनारे ले गए, और शरीर पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। घटनास्थल नुआगोपालपुर बस्ती में स्थित उसके घर से 1.5 किलोमीटर जबकि बलंगा थाने से 5-7 किलोमीटर दूर है। पुलिस ने बताया कि लड़की को आग लगाने के बाद बदमाश फरार हो गए। स्थानीय लोग आग बुझाकर उसे पिपिली सरकारी अस्पताल ले गए, जहां से उसे एम्स भुवनेश्वर भेज दिया गया। घटना पर पहुंचे पुरी के एसपी पिनाक मिश्रा ने बताया कि जांच के तहत कुछ लोगों से पूछताछ जारी। वैज्ञानिक टीम जांच में लगी हुई हैं।

पिपिली उप-विभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) देबाशीष मिश्रा ने बताया कि अपराधियों को पकड़ने के लिए दो टीम बनाई गई हैं। आसपास के मकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच हो रही है। पुरी की जिला कलेक्टर चंचल राणा ने कहा कि मामले में पुलिस को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

### इलाज का खर्च उठाएगी सरकार: उपमुख्यमंत्री

उपमुख्यमंत्री परीडा ने कहा, पुरी जिले के बलंगा में बदमाशों ने 15 वर्षीय लड़की पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। लड़की को एम्स भुवनेश्वर भेज दिया गया। इलाज का सारा खर्च सरकार उठाएगी। पुलिस प्रशासन को दोषियों को तुरंत गिरफ्तार करने और सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इस बीच, विपक्षी बीजू जनता दल (बीजद) और कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने एम्स-भुवनेश्वर जाकर लड़की के परिजन और चिकित्सकों से मुलाकात की। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीकांत जेना ने कहा कि अभी लड़की का उपचार किया जा रहा है... हम उसके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं।

## एक नजर

### बेंगलुरु हवाई अड्डे पर चार किलोग्राम कोकीन जब्त

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि डीआरआई अधिकारियों ने बेंगलुरु अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 40 करोड़ मूल्य की 4 किलो से अधिक कोकीन जब्त की है। एक यात्री को गिरफ्तार भी किया गया। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की बेंगलुरु क्षेत्रीय इकाई के अधिकारियों ने 18 जुलाई को दोहा से बेंगलुरु आए भारतीय यात्री को रोका। यात्री के पास दो सुपरहीरो की कॉमिक्स/पत्रिकाएं थीं, जो भारी थीं। अधिकारियों ने पत्रिकाओं के कवर में छिपाए सफेद पाउडर को बरामद किया।

### गुजरात: मुख्यमंत्री कार्यालय व सचिवालय को धमकी

**अहमदाबाद।** गुजरात के मुख्यमंत्री कार्यालय और गांधीनगर स्थित राज्य सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी जांच में अफवाह निकली। पुलिस ने बताया कि धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद परिसर की गहन तलाशी ली गयी थी। पुलिस उपाधीक्षक दिव्यप्रकाश गोहिल ने बताया कि राज्य सरकार को 17 जुलाई को धमकी भरा ईमेल मिला था।

### बिहार में एक परिवार के चार लोगों ने आत्महत्या की

**नालंदा।** बिहार में नालंदा जिले के राजगीर कस्बे में एक ही परिवार के तीन किशोरों समेत कुल चार लोगों ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। मृतकों में सोनी देवी, उनकी बेटियों दीपा कुमारी और अरीका कुमारी व बेटे शिवम है।

# राहुल पारिवारिक अपराधों को संरक्षण देने के लिए पद का कर रहे इस्तेमाल : भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी

- **रॉबर्ट वाड्रा का बचाव किए जाने पर राहुल गांधी पर भाजपा ने साधा निशाना**

भाजपा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर अपने परिवार के अपराधों को संरक्षण देने के लिए लोकसभा में विपक्ष के नेता के रूप में अपने संवैधानिक पद का दुरुपयोग करने का शनिवार को आरोप लगाया। कांग्रेस नेता द्वारा अपने बहनोई रॉबर्ट वाड्रा का बचाव किए जाने पर भाजपा राहुल गांधी पर निशाना साध रही है।

वाड्रा पर ईडी ने धन शोधन का आरोप लगाया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि सोमवार से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र से पहले विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन आंतरिक कलह और बिखराव से जूझ रहा है। त्रिवेदी ने कटाक्ष करते हुए सवाल किया कि जब उसका वर्तमान इतनी बुरी स्थिति में है, तो उसका भविष्य कितना बदतर होगा। आप ने पहले घोषणा कर दी है कि वह अब गठबंधन में शामिल नहीं है, जबकि मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने केरल सरकार पर गांधी के हमले के बाद उनकी आलोचना की थी। गांधी ने रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल होने के बाद उनका बचाव किया था।

## अभिनंदन



हरियाणा के जींद में जन्मदिन पर बैठक के दौरान हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का अभिनंदन स्वीकार करतीं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता। एजेंसी

### जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने को लेकर कांग्रेस का मार्च रोका

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के राज्य के दर्जे की बहाली की मांग को लेकर प्रदेश कांग्रेस की विरोध जुलूस निकालने की योजना को पुलिस ने शनिवार को विफल कर दिया।

जम्मू कश्मीर प्रदेश कांग्रेस समिति (जेकेपीसीसी) के अध्यक्ष तारिक हमीद कर्रा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपने के लिए संभागीय आयुक्त कार्यालय तक जुलूस निकालने की योजना बनाई। पुलिस कर्मियों ने पार्टी कार्यालय के मुख्य द्वार को बाहर से बंद कर कांग्रेस को जुलूस निकालने से रोक दिया। कर्रा ने बताया कि पुलिस ने उन्हें विरोध जुलूस नहीं निकालने दिया। हम राज्य के दर्जे की बहाली की अपनी मांग दोहराना चाहते थे और अपनी मांगों पर एक ज्ञापन सौंपना चाहते थे। पार्टी के कई नेताओं को कांग्रेस कार्यालय पहुंचने से रोक दिया गया।

### त्रिपुरा: अवैध प्रवासियों का पता लगाने को एसआईटी का गठन

**अगरतला।** त्रिपुरा के पश्चिम त्रिपुरा जिले में बांग्लादेश और म्यांमा से आने वाले प्रवासियों का पता लगाने, उनकी पहचान करने और उन्हें निर्वासित करने के लिए 15 सदस्यीय विशेष कार्य बल (एसटीएफ) का गठन किया है।

टिपरा मोथा पार्टी (टीएमपी) के अध्यक्ष प्रद्योत किशोर माणिक्य देबबर्मा ने इस कदम के लिए पुलिस को धन्यवाद दिया और स्थानीय लोगों से ऐसे किसी भी अवैध प्रवासी की सूचना देने को कहा। इस कार्य के लिए गठित 15 सदस्यीय एसआईटी का नेतृत्व एक वरिष्ठ पुलिस उपाधीक्षक कर रहे हैं, जबकि सभी पुलिस थानों के प्रभारी अधिकारी (ओसी) भी इसमें शामिल हैं। एसपी किरण कुमार ने में कहा, अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी/रोहिंग्याओं के निर्वासन के वास्ते पश्चिम त्रिपुरा जिला पुलिस के लिए जिला-स्तरीय विशेष कार्य बल (एसटीएफ) का गठन किया गया है।

# खरड़ से आप विधायक अनमोल गगन मान ने दिया पद से इस्तीफा

चंडीगढ़, एजेंसी



- **एक्स पर किया खुलासा, बोलीं- राजनीति छोड़ रही हूं**

आप नेता अनमोल गगन मान ने पंजाब विधानसभा की सदस्यता से रविवार को इस्तीफा दे दिया और कहा कि उन्होंने राजनीति छोड़ने का फैसला कर लिया है। अनमोल गगन मान (35) खरड़ विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित हुई थीं।

उन्होंने एक्स पर अपने इस्तीफे की जानकारी दी। उन्होंने पंजाब विस अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवां से इस्तीफा स्वीकार करने का आग्रह किया है। मान ने 'एक्स' पर पंजाबी में कहा, मैंने भारी मन से राजनीति छोड़ने का फैसला किया है। अध्यक्ष को दिया मेरा इस्तीफा स्वीकार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, पार्टी के साथ मेरी शुभकामनाएं हैं। मुझे उम्मीद है कि पंजाब सरकार जनता की उम्मीदों पर खरी उतरेगी। गायिका से नेता बनीं मान ने यह नहीं बताया कि उन्होंने यह निर्णय क्यों किया। पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी ने इस संबंध में तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

# मानसून सत्र : सरकार को घेरने को इंडी गठबंधन तैयार

- **सदन में पहलगाम हमला, ट्रंप के दावे और एसआईआर को प्रमुखता से उठाने का लिया फैसला**

नई दिल्ली, एजेंसी



विपक्षी इंडी गठबंधन के 24 दलों के नेताओं ने संसद का मानसून सत्र शुरू होने से पहले शनिवार को फैसला किया कि वे पहलगाम हमले, ऑपरेशन सिंदूर को रोकने, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के मध्यस्थता के दावे, बिहार में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और कई अन्य मुद्दों को प्रमुखता से उठाएंगे।

विपक्षी गठबंधन के दलों के प्रमुख नेताओं ने ऑनलाइन बैठक की और उन्होंने तय किया कि शीघ्र ही वे बैठक करेंगे। बैठक में कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी, सपा के रामगोपाल यादव, शिवसेना (उबाठा) के उद्धव ठाकरे, राजद के तेजस्वी यादव, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, भाकपा (माले) लिबरेशन के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य और कुछ अन्य नेता शामिल हुए। बैठक में टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी तथा तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन शामिल नहीं हुए।

## कारोबार/कृषि

# भारत अमेरिका व्यापार समझौते को पांचवें दौर की वार्ता पूरी

## दोनों पक्ष एक अगस्त से पहले एक अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने पर विचार

नई दिल्ली, एजेंसी



- **कृषि और डेयरी उत्पादों पर शुल्क में रियायत की अमेरिकी मांग पर भारत ने अपना रुख कड़ा किया**

भारत और अमेरिका की टीमों ने प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के लिए 17 जुलाई को वाशिंगटन में पांचवें दौर की वार्ता पूरी कर ली है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह वार्ता वाशिंगटन में चार दिन (14-17 जुलाई) तक चली।

अधिकारी ने कहा कि भारतीय टीम वापस आ रही है। भारत के मुख्य वार्ताकार और वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल वार्ता दल का नेतृत्व कर रहे हैं। ये विचार-विमर्श इसलिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि दोनों पक्ष एक अगस्त से पहले एक अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने पर विचार कर रहे हैं, जब भारत सहित दर्जनों देशों पर लगाए गए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शुल्क (26 प्रतिशत) की निलंबन अवधि का अंतिम दिन है।

इस साल दो अप्रैल को, ट्रंप ने इन उच्च जवाबी शुल्कों की घोषणा की थी। उच्च शुल्कों के कार्यान्वयन को तुरंत 90 दिनों के लिए नौ जुलाई तक और फिर एक अगस्त तक के लिए स्थगित कर दिया गया था क्योंकि अमेरिका कई देशों के साथ व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रहा है।

### श्रम-प्रधान क्षेत्रों में शुल्क रियायत की भारत कर रहा मांग

प्रस्तावित व्यापार समझौते में देश श्रम-प्रधान क्षेत्रों जैसे वस्त्र, रत्न एवं आभूषण, चमड़े के सामान, परिधान, प्लास्टिक, रसायन, झींगा, तिलहन, अंगूर और केले के लिए शुल्क रियायत की भी मांग कर रहा है। दूसरी ओर, अमेरिका कुछ औद्योगिक वस्तुओं, वाहन, विशेषकर इलेक्ट्रिक वाहनों, वाइन, पेट्रोकेमिकल उत्पादों, कृषि वस्तुओं, डेयरी उत्पादों, सेब, मेवे और आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों पर शुल्क रियायत चाहता है।

### कृषि और वाहन से जुड़े मुद्दों पर दोनों पक्षों में हुई चर्चा

पांचवें दौर की वार्ता में कृषि और वाहन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। गैर-बाज़ार अर्थव्यवस्थाओं और 'स्कॉमेट' (विशेष रसायन, जीव, सामग्री, उपकरण और प्रौद्योगिकी) से निपटने के तरीकों पर भी चर्चा हुई। कृषि और डेयरी उत्पादों पर शुल्क में रियायत की अमेरिकी मांग पर भारत ने अपना रुख कड़ा कर लिया है। कुछ किसान संगठनों ने सरकार से आग्रह किया है कि व्यापार समझौते में कृषि से जुड़े किसी भी मुद्दे को शामिल न किया जाए।

### अतिरिक्त शुल्क हटाने को लेकर भारत ने रखा अपना पक्ष

भारत इस अतिरिक्त शुल्क (26 प्रतिशत) को हटाने की मांग कर रहा है। वह इस्पात और एल्युमीनियम (50 प्रतिशत) और वाहन (25 प्रतिशत) क्षेत्रों पर शुल्क में ढील की भी मांग कर रहा है। इनके विरुद्ध, भारत ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के मानदंडों के तहत प्रतिशोधात्मक शुल्क लगाने का अपना अधिकार सुरक्षित रखा है।

## वीजा-आव्रजन नियम का व्यापार में प्रभाव

बात काम की



वीजा और आव्रजन नियम किसी देश में व्यापारियों के प्रवेश, निवास व कामकाज के अधिकार को नियंत्रित करते हैं। भारत जैसे विकासशील देशों के लिए ये नियम वैश्विक व्यापार और निवेश को प्रभावित करने वाले कारक होते हैं। इनसे विदेशी निवेश, कुशल श्रम की आवाजाही, तकनीकी सहयोग, और निर्यात क्षेत्र में अवसर मिलते हैं। वहीं, इनकी जटिलता या कठोरता व्यापार में रुकावट बन सकती है।

### वीजा और आव्रजन के नियम

वीजा वह अनुमति है जो किसी विदेशी को दूसरे देश में प्रवेश, काम या अध्ययन करने की सुविधा देती है। आव्रजन नियम किसी देश में स्थायी या अस्थायी रूप से बसने के लिए बनाए कानूनी ढांचे हैं। ये नियम श्रमिकों, छात्रों, निवेशकों और उद्यमियों के लिए अलग-अलग होते हैं।

### भारत को इन नियमों से लाभ

- **प्रत्यक्ष विदेशी निवेश :** सरल वीसा नियम विदेशी निवेशकों को आकर्षित करते हैं, जिससे भारत में उद्योग और तकनीक को बढ़ावा मिलता है।
- **तकनीकी विशेषज्ञता का आदान-प्रदान :** विदेशी तकनीकी विशेषज्ञों का भारत आना आसान होता है, जिससे उत्पादन क्षमता और गुणवत्ता में सुधार होता है।
- **सेवा क्षेत्र में वृद्धि :** आईटी, हेल्थकेयर, शिक्षा आदि क्षेत्रों में विदेशी ग्राहकों और विशेषज्ञों की आवाजाही आसान होती है।

### व्यापार में संभावित हानि

- **ब्यूरोक्रेटिक जटिलता :** यदि वीसा प्रक्रिया जटिल और धीमी है तो विदेशी निवेशक और साझेदार हतोत्साहित होते हैं।
- **अप्रवास विरोधी रवैया :** कुछ देशों के कड़े आव्रजन नियम भारतीय व्यवसायों को प्रभावित करते हैं, जैसे एच1बी वीजा पर अमेरिका की नीतियां।

# भारत-ईएफटीए समझौता एक अक्टूबर से किया जाएगा लागू : केंद्रीय मंत्री गोयल

नई दिल्ली, एजेंसी



- **भारत को यूरोपीय समूह से 15 वर्षों में 100 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता हुई प्राप्त**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि भारत और चार देशों के यूरोपीय समूह ईएफटीए के बीच मुक्त व्यापार समझौता एक अक्टूबर से लागू होगा। दोनों पक्षों ने 10 मार्च, 2024 को व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते (टीईपीए) पर हस्ताक्षर किए।

इस समझौते के तहत, भारत को इस समूह से 15 वर्षों में 100 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता प्राप्त हुई है, जबकि स्विस घड़ियों, चॉकलेट और तराशे व पॉलिश किए हुए हीरों जैसे कई उत्पादों पर कम या शून्य शुल्क की अनुमति दी गई है। गोयल ने एक्स पर कहा, भारत-ईएफटीए समझौता एक अक्टूबर से लागू होगा। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं। इस संगठन ने 100 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। इसके तहत समझौते के कार्यान्वयन के बाद 10 वर्षों में 50 अरब डॉलर और पांच वर्षों में 50 अरब डॉलर का निवेश होगा, जिससे भारत में 10 लाख प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। इस ब्लॉक में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार स्विट्जरलैंड है। शेष तीन देशों के साथ भारत का व्यापार कम है।

### भारत का चाय निर्यात पिछले वित्त वर्ष में 2.85% बढ़ा

**कोलकाता।** पिछले वित्त वर्ष (2024-25) में भारत का चाय निर्यात सालाना आधार पर 2.85% बढ़कर 25.79 करोड़ किलो हो गया है। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

2023-24 में देश का चाय निर्यात 25.07 करोड़ किलो था। चाय बोर्ड के अनुसार, 2024-25 के दौरान उत्तर भारत से निर्यात की मात्रा 16.12 करोड़ किलो तक पहुंच गई, जो 2023-24 के 14.90 करोड़ किलो से 8.15% की वृद्धि है। इसी प्रकार] दक्षिण भारत से निर्यात 2024-25 में 4.92% घटकर 9.67 करोड़ किलो रह गया, जो उससे पिछले वित्त वर्ष में 10.17 करोड़ किलो था। प्रति किलो चाय निर्यात का मूल्य बढ़कर 290.97 रुपये हो गया, जो 2023-24 के 258.30 रुपये से 12.65% की वृद्धि दर्शाता है। कैलेंडर वर्ष 2024 में चाय निर्यात 25.62 करोड़ किलो तक पहुंच गया, जो 2023 की तुलना में 10.57% की वृद्धि है।

# देश का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात हुआ 40 अरब डॉलर

हैदराबाद, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि देश का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात पिछले 11 वर्षों में आठ गुना वृद्धि के साथ 40 अरब डॉलर को पार कर गया है। घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन छह गुना बढ़ गया है। आईआईटी हैदराबाद के 14वें दीक्षांत समारोह में वैष्णव ने देश की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना की तेज प्रगति का जिक्र भी किया, जिसके अगस्त या सितंबर 2027 तक चालू होने की उम्मीद है।

केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने कहा कि 11 वर्षों में, हमने इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन को छह गुना बढ़ाया है। यह दोहरे अंकों की वृद्धि है। हमने निर्यात को आठ गुना बढ़ाया है। इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में 40 अरब डॉलर के निर्यात को पार किया। यह वृद्धि की अभूतपूर्व गति है, जो बहुत कम देशों ने पहले कभी देखी है। उन्होंने इसका श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को दिया और कहा कि साढ़े तीन वर्षों में, भारत संपूर्ण 4जी दूरसंचार स्टैक डिजाइन कर सकता है। आज, यह 90,000 दूरसंचार टावरों पर स्थापित है, जो दुनिया के कई देशों के नेटवर्क से भी अधिक है।

### देश की पहली सेमीकंडक्टर चिप 2025 में होगी पेश: अश्विनी वैष्णव



केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि घरेलू स्तर पर निर्मित देश की पहली सेमीकंडक्टर चिप इस साल जारी होने की उम्मीद है। वैष्णव ने केशव मेमोरियल एजुकेशनल सोसाइटी के 85वें स्थापना दिवस पर कहा कि भारत सेमीकंडक्टर उद्योग में महत्वपूर्ण वैश्विक खिलाड़ी बनने की ओर अग्रसर है। आज कुछ सबसे जटिल चिप हैदराबाद, बेंगलुरु, पुणे, गुरुग्राम और चेन्नई जैसे शहरों में डिजाइन किए जाते हैं। अब हम सेमीकंडक्टर चिप का निर्माण शुरू कर रहे हैं। हमने पहले ही छह सेमीकंडक्टर संयंत्र को मंजूरी दे दी है। उनका निर्माण कार्य जारी है। हमारे पास 2025 में पहली भारत निर्मित (सेमीकंडक्टर) चिप होगी। इंडिया एआई मिशन के तहत नि :शुल्क डेटासेट और अन्य सामग्री अपलोड की जा रही है।

## एक नजर



इंग्लैंड की कप्तान नैटली सिवर-ब्रंट टॉस करती हुईं साथ में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर। ● एजेंसी

### भारतीय महिला टीम ने दूसरे वनडे में इंग्लैंड को दिया 144 रनों का लक्ष्य

**लंदन :** भारतीय महिला टीम ने शनिवार को यहां बारिश से प्रभावित दूसरे वनडे में इंग्लैंड के खिलाफ 29 ओवर में आठ विकेट पर 143 रन बनाए। भारत के लिए सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने 51 गेंद में 42 रन की पारी खेली जबकि दीप्ति शर्मा 30 रन बनाकर नाबाद रहीं। इंग्लैंड के लिए सोफी एक्लेस्टोन सबसे सफल गेंदबाज रही, उन्होंने छह ओवर में 27 रन देकर तीन विकेट झटके। लगातार बारिश के कारण मैच शुरू होने में विलंब हुआ और इसे 29-29 ओवर का कर दिया गया। भारत तीन मैच की सीरीज में 1-0 से बढ़त बनाए है।

### हैदराबाद करेगा दूसरे महिला कबड्डी विश्वकप की मेजबानी

**हैदराबाद :** बिहार के हटने के बाद हैदराबाद तीन से 10 अगस्त तक चलने वाले महिला कबड्डी विश्व कप 2025 की मेजबानी करेगा। अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी महासंघ (आईकेएफ) द्वारा भारतीय एमेच्योर कबड्डी महासंघ (एकेएफआई) के सहयोग से हैदराबाद के गाचीबावली इंडोर स्टेडियम में आयोजित होने वाले इस विश्वकप में 14 टीमें भाग लेंगी। भारत के अलावा, ईरान, बंगलादेश, नीदरलैंड, जापान, पोलैंड, यूगांडा, केन्या, हंगरी, थाईलैंड, नेपाल, जर्मनी और अर्जेंटीना महिला कबड्डी विश्वकप के दूसरे संस्करण में भाग लेने की पुष्टि कर चुके हैं। यह टूर्नामेंट मूल रूप से बिहार के राजगीर में आयोजित होना था, लेकिन राज्य द्वारा मेजबानी से हटने के बाद इसे हैदराबाद स्थानांतरित कर दिया गया। हैदराबाद 2005 में एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप की मेजबानी कर चुका है। बिहार ने 2012 में पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित महिला कबड्डी विश्व कप के पहले संस्करण की भी मेजबानी की थी। इस टूर्नामेंट में 16 टीमों ने भाग लिया था। भारत ने फाइनल में ईरान को 25-19 से हराकर खिताब जीता था।

### निजी कारणों से यॉर्कशर के लिए नहीं खेल पाएंगे गायकवाड़

**लंदन :** भारत के मध्यक्रम के बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ निजी कारणों से यॉर्कशर की तरफ से काउंटी चैंपियनशिप में नहीं खेल पाएंगे। इस 28 वर्षीय खिलाड़ी ने यॉर्कशर के साथ पांच मैचों में खेलने के लिए समझौते पर सहमति व्यक्त की थी, जिसकी शुरुआत 22 जुलाई को स्कारबोरो में मौजूदा चैंपियन सरे के खिलाफ मैच से होनी थी। लेकिन यॉर्कशर ने एक बयान में पुष्टि की कि गायकवाड़ उपलब्ध नहीं होंगे। यॉर्कशर के मुख्य कोच एंथनी मैकग्रा ने कहा दुर्भाग्यवश गायकवाड़ निजी कारणों से अब काउंटी चैंपियनशिप में नहीं खेल पाएंगे। यह निराशाजनक है। मैं आपको इसके कारणों के बारे में कुछ नहीं बता सकता, लेकिन हमें उम्मीद है कि सब कुछ ठीक होगा। हमें अभी-अभी पता चला है। इंडियन प्रीमियर लीग में चेन्नई सुपर किंग्स और रणजी ट्रॉफी में महाराष्ट्र की कप्तानी करने वाले गायकवाड़ ने छह वनडे और 23 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। कोहनी की चोट के कारण वह इस साल आईपीएल में केवल पांच मैच खेल पाए थे।

### भारत के अर्जुन काढे और विजय सुंदर स्विस ओपन से बाहर

**नई दिल्ली :** भारत के अर्जुन काढे और विजय सुंदर प्रशांत की जोड़ी स्विस ओपन के सेमीफाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त फ्रांस के अलबानो ओलिवेत्ती और जर्मनी के हेंडरिक जेबेंस से सीधे सेटों में हारकर बाहर हो गई। काढे और प्रशांत को एक घंटे 22 मिनट तक चले मुकाबले में 7.5, 7.5 से पराजय मिली। काढे ने पिछले साल भारत के ही रित्विक बोलीपल्ली के साथ अलमाटी ओपन खिताब जीता था। इस साल एटीपी टूर पर भारत की तीन अलग अलग जोड़ियां खेल रही है। एन श्रीराम बालाजी और बोलीपल्ली के अलावा जीवन नेदुंचेझियान तथा निकी कल्याण पूनाचा भी साथ खेल रहे हैं।



बिहार की भाला फेंक खिलाड़ी अंजनी कुमारी शनिवार को पटना में पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में इंडियन ओपन एथलेटिक्स मीटिंग 2025 के दौरान प्रतिस्पर्धा करती हुईं। ● एजेंसी

# ध्रुव जुरेल को मैनचेस्टर टेस्ट में मिल सकती है अंतिम एकादश में जगह

## बेकेनहम के केंट काउंटी क्रिकेट ग्राउंड पर टीम इंडिया ने किया अभ्यास

**मैनचेस्टर, एजेंसी**

भारतीय अभ्यास सत्र के दौरान बेकेनहम के केंट काउंटी क्रिकेट ग्राउंड से गेंद नेट्स के बाहर आ रही थी। बल्ले से गेंद टकराने के बाद टुक, टुक, टुक की एक मधुर आवाज भी आ रही थी जो खाली पड़े मैदान में गूंज रही थी। शॉट्स इतने ताकतवर थे कि गेंद सीधे प्लास्टिक की सीटों पर जाकर गिर रही थी, लॉन्ग ऑन से लेकर पेड़ों के बीच होते हुए ध्रुव जुरेल के लॉफ्टेड शॉट्स काऊ कॉर्नर तक पहुंच रहे थे। जुरेल सफेद टी-शर्ट में बेहद सहज अंदाज में आक्रामक शॉट्स खेल रहे थे।

**भारतीय गेंदबाजी कोच मोर्ने मॉर्कल की गेंदों पर लगाए शॉट :** जुरेल के सामने अब थे पूर्व दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज और भारतीय गेंदबाजी कोच मोर्ने मॉर्कल, जो 20 यार्ड से गेंदबाजी कर रहे थे। मॉर्कल उनके स्टंप्स और ऑफ स्टंप के बाहर बल्ले के किनारे को निशाना बना रहे थे। जुरेल उनके सामने तकनीकी तौर पर बिल्कुल सहज थे और अच्छे फुटवर्क के साथ डिफेंस कर रहे थे। जुरेल का डिफेंस इसलिए भी अच्छा हो रहा था क्योंकि यही उनकी खासियत है, जब से उन्होंने टेस्ट में भारत के लिए डेब्यू किया है तब से ही उनकी तकनीक डिफेंस और आक्रामक खेल दोनों में ही शानदार है। जिस वजह से उनकी बल्लेबाजी बेहद सहज नजर आती है।

**सैनिक जैसा दिख रहा आत्मविश्वास :** भारतीय सैनिक के पुत्र जुरेल की शारीरिक भाषा भी एक सैनिक की ही तरह है, वह सीना चौड़ा कर चलते हैं और हमेशा आत्मविश्वास से लबरेज नजर आते हैं। जिस समर्पण और दिमागी तौर से बिल्कुल स्पष्ट अंदाज में वह खेलते हैं उसी की बदौलत कम समय में ही उन्होंने भारत के लिए मैच जिताऊ पारियां खेल ली हैं। इंग्लैंड के खिलाफ रांची टेस्ट में धीमी और कम उछाल वाली पिच पर भी उन्होंने बेहतरीन 90 रन की पारी खेली थी, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच से भी नवाजा गया था। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भी अभ्यास मैच में एक मुश्किल पिच पर उन्होंने 80 और 68 रन की पारियां खेली थी। जुरेल ने इस दौरे पर भी इंग्लैंड लॉयंस के खिलाफ दो मैचों में तीन अर्धशतक जड़ते हुए बतौर बल्लेबाज अंतिम ग्यारह में दस्तक दे दी थी।



ध्रुव जुरेल।

### भारतीय सहायक कोच कर चुके हैं इशारा

**मैनचेस्टर :** ध्रुव जुरेल अब तक तीनों ही टेस्ट में अंतिम एकादश में जगह नहीं बना पाए हैं, लेकिन गुरुवार को भारतीय सहायक कोच रयान टेन डेशकाटे ने इस बात का इशारा कर दिया है कि जुरेल हमारे विकल्पों में शामिल हैं। बतौर विकेटकीपर भी जुरेल को कई एक्सपर्ट काफी बेहतरीन मानते हैं। स्काई क्रिकेट के साथ बातचीत में पूर्व भारतीय विकेटकीपर दिनेश कार्तिक ने भी जुरेल की जमकर तारीफ की। कार्तिक के मुताबिक जुरेल के पास एक बेहतरीन तकनीक है और विकेट के पीछे उनका संतुलन भी लाजवाब है जिसका उदाहरण है ऑली पोप का वह कैच जो उन्होंने लपका था।

### विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी दोनों के लिए कर रहे हैं प्रयास

गुरुवार को भारतीय फील्डिंग कोच टी दिलिप के मार्गदर्शन में जुरेल ने विकेटकीपिंग अभ्यास भी किया था। ऋषभ पंत को लॉर्ड्स टेस्ट में उंगली में चोट लगी थी जिसके बाद उन्होंने उस टेस्ट में विकेटकीपिंग नहीं की थी। अभ्यास सत्र में भी उन्होंने विकेटकीपिंग दस्ताने नहीं पहने हैं, हालांकि बतौर बल्लेबाज उनका खेलना तय माना जा रहा है। यानी पंत और जुरेल दोनों ही ग्यारह में रहते हैं तो फिर जुरेल के लिए कौन बाहर जाएगा? करुण नायर, नीतीश रेड्डी और वॉशिंगटन सुंदर में से किसी एक को बाहर बैठना पड़ सकता है। हालांकि नायर ने भले ही इस सीरीज में मिली शुरुआत को बड़े स्कोर में तब्दील नहीं किया है लेकिन उम्मीद है कि मैनेजमेंट उनपर अभी और भरोसा जताएगा और मौका देगा। सुंदर भी अपनी जगह बरकरार रख सकते हैं क्योंकि उन्होंने अब तक गेंद और बल्ले दोनों से ही प्रभावित किया है और मैनचेस्टर की पिच में स्पिनरों के लिए थोड़ी मदद रहने की भी गुंजाइश होती है। कुल मिलाकर रेड्डी को ही जुरेल के लिए रास्ता खाली करना पड़ सकता है, क्योंकि बतौर बल्लेबाज ऑस्ट्रेलिया में मेलबर्न टेस्ट में शतक लगाने के अलावा कुछ खास नहीं कर पाए हैं। जुरेल के लिए स्थिति सुखद है और वह अपने करियर का पांचवां टेस्ट खेलने के बेहद क़रीब हैं। हां भारतीय टीम मैनेजमेंट के लिए ये एक मीठा सिरदर्द जरूर होगा।

### पुजारा के जीवन पर लिखी पत्नी की किताब लंदन में लांच





**लंदन :** पूजा पुजारा की अपने पति और भारतीय क्रिकेटर चेतेश्वर पर लिखी किताब 'द डायरी ऑफ अ क्रिकेटर वाइफ' को लाईर्स क्रिकेट मैदान की लाइब्रेरी में जगह मिली है जिसे शुक्रवार को आधिकारिक रूप से लंदन के नेहरू सेंटर में लांच किया गया। किताब की लेखिका पूजा का कहना है कि इस किताब में हर किसी के लिए कुछ न कुछ है। इसमें पूजा ने एक पत्नी के मैदान के बाहर के नजरिए से भारतीय बल्लेबाज के 2010 से 2023 तक के अंतरराष्ट्रीय करियर की उपलब्धियों और संघर्षों के बारे में लिखा है।

# गिल की असली परीक्षा अब होगी शुरू : चैपल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ग्रेग चैपल का मानना है कि शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ बल्लेबाजी में शानदार प्रदर्शन किया है और युवा कप्तान के रूप में अपनी क्षमता की झलक दिखाई है, लेकिन उनकी असली परीक्षा अब शुरू होगी जबकि भारत पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-2 से पीछे चल रहा है। दोनों टीमें 23 जुलाई से मैनचेस्टर में एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट में आमने-सामने होंगी।

चैपल ने ईएसपीएनक्रिकइंफो में अपने कॉलम में लिखा भारतीय टीम अब इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम दो टेस्ट मैच की तैयारी कर रही है। ऐसे में अब सभी की नजरें उनके 25 वर्षीय कप्तान शुभमन गिल पर टिकी हैं। एक प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी के रूप में उन्होंने बल्लेबाजी में कमाल का प्रदर्शन किया है और नेतृत्व क्षमता की झलक भी दिखाई है, लेकिन उनकी असली परीक्षा अब होगी। यह वह मौका है जो टेस्ट कप्तान के रूप में उनकी दिशा तय करेगा।

चैपल चाहते हैं कि गिल अपने प्रदर्शन से टीम के लिए मानदंड स्थापित करें। उन्होंने कहा गिल को यह दिखाना होगा कि वह भारत को किस तरह की टीम बनना चाहते हैं। कप्तान न केवल अपनी बातों से बल्कि अपने प्रदर्शन और स्पष्ट मानदंडों से टीम के अंदर माहौल तय करता है।

# स्विटजरलैंड को हराकर स्पेन महिला यूरो के सेमीफाइनल में



महिला यूरो 2025 के क्वार्टर फाइनल में स्विट्जरलैंड को हराने के बाद जश्न मनाती स्पेन की खिलाड़ीं। ● एजेंसी

**बर्न (स्विट्जरलैंड), एजेंसी**

स्पेन ने दो पेनल्टी चूकने के बावजूद मेजबान स्विट्जरलैंड को 2-0 से हराकर इतिहास में दूसरी बार महिला यूरो फुटबाल मैच के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल के पहले हॉफ में पिना ने स्पेन के लिए कई मौके बनाए, लेकिन मेजबान टीम की मजबूत रक्षापंक्ति के कारण मध्यांतर तक दोनों टीमें गोल करने में विफल रही। स्पेन की फॉरवर्ड एथीनिया डेल कैस्टिलो ने बेंच से उतरकर स्कोरिंग की शुरुआत की और क्लाउडिया पिना ने शानदार दूसरा गोल किया। स्पेन का सेमीफाइनल में मुकाबला फ्रांस या जर्मनी से होगा।

**फ्रीस्टाइल ग्रैंड स्लैम**

### अर्जुन एरिगैसी सेमीफाइनल में लेवोन अरोनियन से हारकर हुए बाहर

**लास वेगास (अमेरिका) :** भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी का फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम में स्वप्निल सफर सेमीफाइनल में आर्मेनिया के पूर्व खिलाड़ी और अब अमेरिका की तरफ से खेल रहे लेवोन अरोनियन से 0-2 से हार के साथ समाप्त हो गया। एरिगैसी ने प्रतियोगिता में इससे पहले शानदार प्रदर्शन किया था तथा वह फ्रीस्टाइल ग्रैंड स्लैम के अंतिम चार में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने थे। अरोनियन के खिलाफ वह अपनी जादुई लय बरकरार नहीं रख पाए और उन्हें दोनों बाजियों में हार का सामना करना पड़ा। इस भारतीय खिलाड़ी ने सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए प्रारंभिक दौर के प्ले-ऑफ में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को तथा क्वार्टर फाइनल में हिकारू नाकामुरा को हराया था। अरोनियन के खिलाफ भी पहली बाजी में वह अच्छी स्थिति में दिख रहे थे लेकिन मौकों को भुनाने में असफल रहे। अरोनियन ने मुश्किल स्थिति में होने के बावजूद अपनी पकड़ बनाए रखी और अर्जुन बढ़त का फायदा नहीं उठा सके।



# रसेल ने सेमीफाइनल में जीत को करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन बताया

**जमैका, एजेंसी**

आंद्रे रसेल अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर को अलविदा कहने की तैयारी कर रहे हैं, और जमैका के इस ऑलराउंडर ने 2016 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में भारत के खिलाफ खेली गई अपनी तेज-तर्रार पारी को वेस्टइंडीज के लिए अपना सबसे गौरवपूर्ण पल बताया है। 2016 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में घरेलू मैदान पर भारत के 193 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए आंद्रे रसेल पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे, जब वेस्टइंडीज को 41 गेंदों पर 77 रनों की जरूरत थी।

रसेल ने क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) को दिए एक साक्षात्कार में कहा निश्चित रूप से (मेरा सबसे अच्छा पल) 2016 विश्व कप था, भारत के खिलाफ वह सेमीफाइनल मैच जहां मैंने और लेंडल सिमंस ने टीम को जीत दिलाई, और जाहिर है कि हमें दूसरे बल्लेबाजों से जो शुरुआत मिली वह भी शानदार थी।

अपनी विस्फोटक शैली की एक विशिष्ट पारी में, आंद्रे रसेल ने मात्र 20 गेंदों पर 43 रन बनाकर वेस्टइंडीज को दो गेंद शेष रहते जीत दिलाई। उन्होंने विराट कोहली की गेंद पर चौका लगाकर जीत पक्की कर दी। भारत में हुए उस सेमीफाइनल में 190 से ज्यादा रनों का पीछा करते हुए, दर्शकों का समर्थन सिर्फ भारत के पक्ष में था, लेकिन विकेट बहुत अच्छा था, इसलिए हमारा आत्मविश्वास बढ़ा था।





आंद्रे रसेल। एजेंसी

### 22 जुलाई को खेलेंगे आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच

आंद्रे रसेल ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 20 और 22 जुलाई को अपने घरेलू मैदान सबीना पार्क, जमैका में खेले जाने वाले पहले दो टी20 के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। सीरीज के पहले मैच से कुछ दिन पहले, रसेल ने अपने क्रिकेट करियर को गर्व से याद किया। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि यह एक बहुत अच्छा एहसास है, जब मैं पहली बार एक बच्चे के रूप में सबीना पार्क आया था, और फिर घास पर चलना, माहौल को महसूस करना, स्टैंड्स और हर चीज को देखना, और अब तक, मैंने पिछले कुछ वर्षों में क्रिकेट से बहुत कुछ हासिल किया है। मैंने वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व करते हुए हर मौके पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। रसेल ने आगे कहा मुझे लगता है कि यह मेरे अंतर्राष्ट्रीय करियर के अंत के लिए एकदम सही मैदान और एक अच्छी शृंखला है - एक अच्छी टीम, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी।

# हॉकी इंडिया ने सीनियर महिला राष्ट्रीय शिविर के लिए 40 खिलाड़ियों की घोषणा की

**बेंगलुरु :** हॉकी इंडिया ने यहां 21 जुलाई से 29 अगस्त तक भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र (साइ) पर होने वाले सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 40 खिलाड़ियों के नाम की घोषणा की। पांच सितंबर से चीन के हांगझोउ में होने वाले महिला एशिया कप को देखते हुए यह शिविर काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह टूर्नामेंट 2026 एफआईएच महिला विश्व कप में सीधे क्वालीफाई करने का भी जरिया होगा।

### भारतीय सीनियर कोर ग्रुप की सूची

**गोलकीपर :** सविता, बिछू देवी खारीबम, बांसरी सोलंकी, माधुरी किंडो, समीक्षा सक्सेना।

**डिफेंडर :** महिमा चौधरी, निक्की प्रधान, सुशीला चानू, उदिता, इशिका चौधरी, ज्योति छत्री, ज्योति, अक्षता ढेकाले, अंजना डुंगडुंग, सुमन देवी।

**मिडफील्डर :** सुजाता कुजूर, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, सलीमा टेटे, मनीषा चौहान, अजमीना कुजूर, सुनेलिटा टोप्पो, लालरेम्सियामी, शर्मिला देवी, बलजीत कौर, महिमा टेटे, अलबेला रानी टोप्पो, पूजा यादव।

**फॉरवर्ड :** दिपिमोनिका टोप्पो, रितिका सिंह, दीपिका सोरेंग, नवनीत कौर, संगीता कुमारी, दीपिका, रूतुजा पिसल, ब्यूटी डुंगडुंग, मुमताज खान, अन्नु, चंदना जगदीश, काजल अत्पडकर।

# राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक नए युग की शुरुआत करेगा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने एजेंसी को दिए साक्षात्कार में दी जानकारी
- खेल समुदाय के लिए यह एक ऐतिहासिक विधेयक है जिसके जल्द कानून बनने की उम्मीद

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू का मानना है कि सोमवार से शुरू हो रहे मानसून सत्र में पेश होने वाला राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक भारत में खेलों के लिए एक 'नए युग' की शुरुआत करेगा। रिजिजू 2019 से 2021 के बीच दो वर्षों के लिए केंद्रीय खेल मंत्री रहे थे। वह मौजूदा खेल मंत्री मनसुख मांडविया के उन पूर्ववर्तियों में शामिल है, जिन्होंने देश के खेल प्रशासकों और अन्य हितधारकों से बात करके विधेयक के लिए आम सहमति बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

अरुणाचल पश्चिम से लोकसभा सांसद 53 वर्षीय रिजिजू ने पीटीआई को दिए साक्षात्कार में कहा कि वह इस विधेयक के शीघ्र ही कानून बनने की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने कहा खेल समुदाय के लिए यह एक ऐतिहासिक विधेयक है। मैं प्रधानमंत्री (नरेंद्र) मोदी का आभार व्यक्त करना चाहता हूं कि उन्होंने खेलों के क्षेत्र में बदलाव लाने के लिए ऐसा दूरदर्शी विचार रखा है। इस विधेयक का उद्देश्य राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) में सुशासन के लिए एक ढांचा तैयार करना है। इसमें एक नियामक बोर्ड के गठन का भी प्रावधान है, जिसके पास अच्छे प्रशासन से संबंधित प्रावधानों के अनुपालन के आधार पर एनएसएफ को मान्यता प्रदान करने तथा वित्त पोषण का फैसला करने का अधिकार होगा। नियामक बोर्ड उच्चतम प्रशासनिक, वित्तीय और नैतिक मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए भी जिम्मेदार होगा। एनएसएफ को कई वर्षों तक चली व्यापक चर्चा के बाद शामिल किया गया है, जिसमें पिछले साल मांडविया के कार्यभार संभालने के बाद तेजी आई थी।

विधेयक में शासन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और मुकदमेबाजी में कमी लाने के लिए नैतिक आयोग और विवाद समाधान आयोग के गठन का भी प्रस्ताव है, जिसके कारण कभी-कभी चयन से लेकर चुनाव तक के मुद्दों पर खिलाड़ियों और प्रशासकों के बीच टकराव की स्थिति पैदा हो जाती है। आईओए ने इसका विरोध किया है। उसका मानना है कि नियामक बोर्ड सभी एनएसएफ के लिए नोडल निकाय के रूप में उसकी स्थिति को कमजोर करेगा। वर्तमान में आईओए की अध्यक्ष पीटी उषा ने तो यहां तक कह दिया है कि सरकारी हस्तक्षेप के कारण अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) भारत को निलंबित भी कर सकती है।

खेल मंत्रालय में अपने कार्यकाल के दौरान खेल प्रशासकों की स्वायत्तता, लेकिन अधिक जवाबदेही की वकालत करने वाले रिजिजू ने कहा कि उन्हें संसद में इस विधेयक के सुचारू रूप से पारित होने का पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा दो (अन्य) चीजें हैं - खेलो भारत नीति और डोपिंग रोधी संशोधन विधेयक। इन दोनों विधेयकों (डोपिंग रोधी और खेल प्रशासन) को एक साथ मिला दिया जाएगा और हम संसद में इस पर चर्चा करेंगे। रिजिजू ने कहा नया खेल विधेयक पारित हो जाने के बाद देश में नई खेल संस्कृति की शुरुआत होगी। डोपिंग रोधी अधिनियम 2022 में पारित किया गया था, लेकिन विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) ने इसको लेकर कुछ आपत्तियां व्यक्त की थी जिसके कारण यह लागू नहीं हो पाया था।



### आईओसी से ली गई है सलाह

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि प्रस्तावित विधेयक का मसौदा तैयार करते समय आईओसी से सलाह ली गई है। आईओसी का इसमें शामिल होना बेहद जरूरी है क्योंकि भारत 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी हासिल करने के लिए प्रयासरत है।

# चीन ने ब्रह्मपुत्र पर सबसे बड़े बांध का निर्माण शुरू किया

बीजिंग, एजेंसी

चीन ने भारतीय सीमा के निकट तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी पर 167.8 अरब डॉलर की लागत से बांध का निर्माण शनिवार को औपचारिक रूप से शुरू कर दिया।

सरकारी मीडिया की खबर के अनुसार, चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग ने न्यिंगची शहर में ब्रह्मपुत्र नदी के निचले क्षेत्र में आयोजित समारोह में बांध के निर्माण कार्य के शुरू होने की घोषणा की। सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' की खबर के अनुसार यह समारोह तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के न्यिंगची मेनलिंग जलविद्युत स्टेशन के बांध स्थल पर आयोजित हुआ। दुनिया की सबसे बड़ी परियोजना मानी जाने वाली इस जलविद्युत परियोजना ने भारत और बांग्लादेश में चिंता पैदा कर दी है। इस परियोजना में पांच जलविद्युत स्टेशन होंगे। वर्ष 2023 की एक रिपोर्ट के अनुसार जल विद्युत स्टेशन से प्रत्येक वर्ष 300 अरब किलोवाट घंटे से अधिक बिजली पैदा होने की उम्मीद है। राष्ट्रीय विकास एवं सुधार आयोग और चीन के विद्युत निर्माण निगम समेत विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने समारोह में हिस्सा लिया।



● तिब्बती क्षेत्र में निर्माण, भारत और बांग्लादेश की चिंताएं बढ़ीं

# अवैध सट्टा : गूगल मेटा के अधिकारियों को ईडी ने तलब किया

**नई दिल्ली।** ईडी ने कई अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म के खिलाफ धनशोधन के आरोपों की जारी जांच के तहत प्रौद्योगिकी कंपनी मेटा और गूगल के प्रतिनिधियों को तलब किया है।

अधिकारियों को 21 जुलाई को यहां एजेंसी के समक्ष पेश होने और पीएमएलए के तहत बयान दर्ज कराने को कहा गया है। दोनों कंपनियों की अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। संघीय एजेंसी अवैध सट्टेबाजी और जुए के लिंक साझा करने वाले कई प्लेटफॉर्म की जांच कर रही है, जिसमें विभिन्न इंटरनेट-आधारित सोशल मीडिया संस्थान और ऐप स्टोर्स पर उनके लिए उपलब्ध किये गए विज्ञापनों के उदाहरण भी शामिल हैं।

# विकसित देशों का सबसे बड़ा हथियार आर्थिक प्रतिबंध

बमबारी और तोपों से पहले दूसरे देशों को पस्त करने के लिए आर्थिक प्रतिबंधों का इस्तेमाल किया जाता है। आर्थिक प्रतिबंध ऐसे नीतिगत उपाय होते हैं जिनमें किसी देश, संगठन या व्यक्ति पर आर्थिक, व्यापारिक या वित्तीय सीमाएं लगा दी जाती हैं। आमतौर पर ये प्रतिबंध मानवाधिकार उल्लंघन, युद्ध, परमाणु कार्यक्रम, आतंकवाद आदि के खिलाफ दबाव बनाने के लिए लगाए जाते हैं लेकिन विकसित देशों ने अब इन्हें अपनी शर्तें मनवाने का हथियार भी बना लिया है। व्यापार प्रतिबंध के तहत आयात/निर्यात पर रोक लगाई जाती है तो वित्तीय प्रतिबंध के तहत बैंकिंग और फंड ट्रांसफर की रोकथाम की जाती है। सेक्टोरल प्रतिबंधों में विशेष क्षेत्र जैसे ऊर्जा, रक्षा, तकनीक को निशाना बनाना शामिल है।

## कब और क्यों हुई शुरुआत

- द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यूएन और पश्चिमी शक्तियों विशेषकर अमेरिका ने औपचारिक प्रयोग शुरू किया था।
- शीत युद्ध के दौरान अमेरिका ने सोवियत संघ और उसके सहयोगियों के खिलाफ आर्थिक प्रतिबंधों का बड़े पैमाने पर प्रयोग किया।
- 1990 के दशक में ईराक में सद्दाम हुसैन शासन पर प्रतिबंधों ने इस नीति को वैश्विक मान्यता दिलाई। इसके बाद ये आम बात हो गई।




## देशों पर क्या होता है असर

- **सकारात्मक :** भूराजनीतिक दबाव का हथियार, वैश्विक नियमों के उल्लंघन पर नियंत्रण और घरेलू जनसमर्थन को बढ़ावा।
- **नकारात्मक :** आर्थिक मंदी जैसे जीडीपी और व्यापार में गिरावट, जरूरी वस्तुओं का महंगा होना, उद्योगों पर असर होने से बेरोजगारी।

## प्रमुख उदाहरण

- हाल ही में ईरान पर अमेरिका और यूरोपीय संघ ने उसके परमाणु कार्यक्रम के चलते प्रतिबंध लगाए जिससे उसके तेल निर्यात में गिरावट आई और मुद्रा अवमूल्यन हुआ।
- रूस पर अमेरिका और यूरोपीय संघ ने 2014 में क्रीमिया अधिग्रहण और 2022 यूक्रेन युद्ध के कारण प्रतिबंध लगाए। इससे उसे सामने भीषण आर्थिक संकट झेलना पड़ा।
- उत्तर कोरिया पर संयुक्त राष्ट्र और अमेरिका ने परमाणु परीक्षण के चलते प्रतिबंध लगाए जिसे वैश्विक व्यापार से उसका कटाव हो गया और खाद्य संकट झेलना पड़ा।
- वेनेजुएला पर अमेरिका ने चुनावी धांधली और मानवाधिकार उल्लंघन के आरोप में प्रतिबंध लगाए, इससे देश में तेल उत्पादन में गिरावट आई और महंगाई बढ़ गई।

## क्या हैं संभावनाएं

आर्थिक प्रतिबंध एक सशक्त लेकिन विवादास्पद हथियार है जिसका प्रयोग पश्चिमी देश अपने भू-राजनीतिक हितों के लिए करते हैं। ब्रिक्स जैसे समूहों का वैकल्पिक व्यवस्था की ओर झुकाव एक भविष्य की बहुध्रुवीय दुनिया की ओर संकेत करता है। ब्रिक्स देशों के सफल होने से विकासशील देशों को आर्थिक आजादी मिल सकती है, लेकिन इसके लिए दीर्घकालिक सामंजस्य जरूरी है।

## ब्रिक्स देशों की पहल

- ब्रिक्स के सदस्य देश प्रतिबंधों के जवाब में डॉलर के विकल्प की तलाश कर रहे हैं। दरअसल, डॉलर आधारित वैश्विक व्यवस्था में अमेरिका को शक्ति मिलती है कि वह अपने वित्तीय संस्थानों के माध्यम से किसी भी देश को आर्थिक रूप से अलग-थलग कर सके।
- ब्रिक्स सदस्य देश इससे बचाव के लिए स्थानीय मुद्राओं में व्यापार, ब्रिक्स पेमेंट सिस्टम, डिजिटल करेंसी और खुद का विकास बैंक स्थापित करने की ओर बढ़ रहे हैं। अमेरिका इससे नाराज है और इन देशों पर दबाव बनाने की लगातार कोशिश कर रहा है।

## एक नजर

### बूढ़ा अमरनाथ यात्रा 28 जुलाई से होगी शुरू

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने पुंछ जिले में 13 दिवसीय बूढ़ा अमरनाथ तीर्थयात्रा के लिए व्यवस्थाओं की समीक्षा की। प्रवक्ता ने कहा, पहला जत्था 28 जुलाई को जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से रवाना होगा और सुरक्षा के बीच पुंछ की मंडी तहसील की ओर बढ़ेगा। राजौरी और पुंछ के उपायुक्तों को निर्देश दिया गया है कि वे मार्ग पर बिजली आपूर्ति, पेयजल, लंगर, पार्किंग, वाटरप्रूफ टेंट और शौचालय सहित आवश्यक सुविधाओं के साथ पर्याप्त आवास सुनिश्चित करें।

### बीएसएफ कर्मी भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने बीएसएफ के सहायक लेखा अधिकारी को एक ठेकेदार से 40,000 रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बताया कि लोक लेखा कार्यालय में कार्यरत धर्मेंद्र कुमार वर्मा ने ठेकेदार के लंबित बिलों को मंजूरी देने के लिए दो लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। वर्मा ने कुल बिल की 15 से 20 प्रतिशत राशि यानी लगभग दो लाख रुपये की कथित तौर पर मांग की। सीबीआई के प्रवक्ता ने कहा कि आरोपी और अन्य अज्ञात व्यक्ति शिकायतकर्ता से दो लाख रुपये रिश्वत लेने पर सहमत हो गए।

### पाकिस्तान: दो दिन के लिए बंद किए कुछ हवाई मार्ग

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी ने अनिर्दिष्ट परिचालन कारणों से अगले सप्ताह दो दिन के लिए चुनिंदा हवाई यातायात मार्गों को बंद करने की घोषणा की है। पाकिस्तान हवाई अड्डा प्राधिकरण ने नोटिस टू एयरमेन (नोटम) में कहा, 22 और 23 जुलाई को सुबह 5 :15 से रात 8 :15 बजे तक चुनिंदा हवाई यातायात मार्ग बंद रहेंगे। पीएए ने कहा, कराची और लाहौर उड़ान सूचना क्षेत्र के अंतर्गत चुनिंदा मार्ग परिचालन कारणों के चलते उपलब्ध नहीं हैं। पीएए ने संकेत दिया गया है कि परिचालन संबंधी मुद्दों के कारण ये मार्ग सभी विमानों के लिए बंद कर दिए जाएंगे।

### युवा अकाली दल अध्यक्ष झिंजर घर में नजरबंद

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने शनिवार तड़के युवा अकाली दल के अध्यक्ष सरबजीत सिंह झिंजर को उनके परिवार सहित घर में नजरबंद कर दिया। झिंजर के एक्स पर बताया कि, सुबह चार बजे से ही पंजाब पुलिस के 8-10 जवान बिना कोई कारण बताए उनके घर में घुस आए। अन्य पुलिस अधिकारियों ने परिसर को घेर लिया है। पूरे परिवार के फ़ोन ज़ब्त कर लिए गए हैं और उन्हें नज़रबंद कर दिया गया है। फिर भी कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है।

# ओबामा के अफसरों का प्रोपेगंडा थी चुनाव में रूसी हस्तक्षेप की अफवाह

## खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने जारी की रिपोर्ट, न्यायिक कार्रवाई शुरू होगी

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने शनिवार को एक रिपोर्ट जारी कर आरोप लगाया कि ओबामा प्रशासन के अधिकारियों ने 2016 के चुनाव में रूसी हस्तक्षेप से संबंधित खुफिया जानकारी फैलाई थी। गबार्ड ने एक बयान में दावा किया कि पूर्व अधिकारी एक देशद्रोही षड्यंत्र में शामिल थे। उन्होंने कहा कि उनका कार्यालय संभावित आपराधिक संदर्भों के लिए अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) को सबूत सौंप रहा है।

अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक (डीएनआई) के कार्यालय ने शुक्रवार को खुलासा किया कि ओबामा प्रशासन ने 2016 चुनाव में रूस के तथाकथित हस्तक्षेप के मामले को तैयार किया जबकि खुफिया रिपोर्टें लगातार इसके विपरीत संकेत दे रही थीं। कार्यालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि गबार्ड ने ठोस सबूत का खुलासा किया है जो दर्शाता है कि कैसे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हिलेरी क्लिंटन के खिलाफ 2016 का चुनाव जीतने के बाद तत्कालीन राष्ट्रपति ओबामा और उनके राष्ट्रीय सुरक्षा कैबिनेट के सदस्यों ने खुफिया जानकारी का निर्माण और राजनीतिकरण किया।

डीएनआई ने पाया कि छह जनवरी 2017 को जारी रूस के चुनाव हस्तक्षेप पर खुफिया समुदाय (आईसी) का आकलन खुद उसी के द्वारा पिछले छह महीनों में किए गए आकलनों के विपरीत था जिसमें चुनाव से पहले किए गए आकलन भी शामिल थे। बयान में यह भी संकेत दिया गया कि ओबामा प्रशासन ने नौ दिसंबर, 2016 को राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक के बाद रूस के हस्तक्षेप की बात को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया।





### मीडिया संस्थानों में लीक की गई थीं फर्जी खबरें

डीएनआई ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा गया कि बैठक के बाद ओबामा के अधिकारियों ने वाशिंगटन पोस्ट सहित मीडिया संस्थानों में भ्रामक बयान लीक किया जिसमें कहा गया था, रूस ने साइबर माध्यमों से चुनाव परिणाम में हस्तक्षेप करने का प्रयास किया भले ही वह सक्रिय रूप से प्रभावित न कर सके। डीएनआई ने बयान में निष्कर्ष निकाला कि जनवरी 2017 का नया आईसी आकलन, स्टील डोजियर सहित, ट्रम्प के खिलाफ एक बदनाम अभियान के अंतर्गत झूठी सूचनाओं पर आधारित था। इसके परिणामस्वरूप राजनीतिक जांच एवं गिरफ्तारियां हुईं और अमेरिका-रूस में तनाव बढ़ गया।

### किए गए थे ट्रंप की रूस से मिलीभगत के दावे

पिछले सप्ताह फॉक्स न्यूज ने कहा था कि पूर्व सीआईए निदेशक जॉन ब्रेनन और मॉरीन कॉमी के पिता जेम्स के खिलाफ 2016 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में रूस के कथित हस्तक्षेप से संबंधित संभावित हेरफेर के लिए आपराधिक जांच चल रही है जिसमें कांग्रेस को गलत बयान देना भी शामिल है। 2016 के राष्ट्रपति चुनाव के बाद, अमेरिकी अधिकारियों ने ब्रिटेन के पूर्व खुफिया अधिकारी क्रिस्टोफर स्टील के डोजियर पर भरोसा कर ट्रंप और रूस के बीच मिलीभगत के दावों की जांच की लेकिन इसे साबित करने में असमर्थ रहे। रूस ने अमेरिकी चुनावों सहित अन्य मामलों में हस्तक्षेप के अमेरिकी आरोपों का बार-बार खंडन किया।

## पटना अस्पताल हत्याकांड

# कोलकाता में पांच गिरफ्तार, पटना में पांच पुलिसकर्मी सस्पेंड

**पटना/कोलकाता।** पटना के अस्पताल में गैंगस्टर चंदन मिश्रा की हत्या के मामले में लापरवाही के आरोप में पांच पुलिसकर्मियों को शनिवार को निलंबित कर दिया गया। उधर, कोलकाता के पास न्यू टाउन से पांच को गिरफ्तार किया गया है।

पटना (मध्य) की एसपी दीक्षा ने कहा कि निलंबित पुलिस कर्मियों में एक उपनिरीक्षक और दो सहायक उप निरीक्षक शामिल हैं। ये पुशास्त्री नगर थाने में तैनात थे। उधर, पटना पुलिस व पश्चिम बंगाल एसटीएफ ने कोलकाता के पास न्यू टाउन से पांच लोगों को शनिवार तड़के एक फ्लैट से गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया, इनमें चार लोग सीधे तौर पर हत्या में शामिल हैं। घटना के बाद ये लोग पटना से भागकर कोलकाता आ गए थे। बिहार पुलिस उन्हें एक स्थानीय अदालत में पेश कर 'ट्रांजिट रिमांड' का आग्रह करेगी। पुलिस ने शनिवार को तीन मुख्य आरोपियों के घरों पर नोटिस चस्पा कर उन्हें तुरंत आत्मसमर्पण का भी निर्देश दिया।

● तीन मुख्य आरोपियों के घर पुलिस ने चस्पा किए नोटिस

# ट्रंप का दावा- भारत और पाकिस्तान संघर्ष में गिराए गए थे पांच फाइटर जेट

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी

● अमेरिकी राष्ट्रपति ने व्यापार की धमकी देकर दोनों देशों का युद्ध रुकवाने की बात भी दोहराई

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक नया दावा किया है कि मई में भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के दौरान पांच लड़ाकू विमान मार गिराए गए। साथ ही उन्होंने एक बार फिर दावा किया कि दोनों देशों के बीच सैन्य टकराव उनके हस्तक्षेप के बाद समाप्त हुआ।

अमेरिका के राष्ट्रपति ने यह स्पष्ट नहीं किया कि किसी एक पक्ष के विमान मार गिराए गए या फिर वह दोनों पक्षों के नुकसान की बात कर रहे थे। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में रिपब्लिकन पार्टी के सांसदों के लिए शुक्रवार को आयोजित रात्रिभोज के दौरान कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव जारी था। विमान मार गिराए जा रहे थे। चार या पांच विमान। मुझे लगता है कि वास्तव में पांच विमान मार गिराए गए थे। हालात बद से बदतर होते जा रहे थे।

उन्होंने कहा, हमने व्यापार के जरिए इसका समाधान किया। हमने कहा, अगर आप परमाणु हमला करने वाले हैं तो हम व्यापार समझौता नहीं कर पाएंगे। ट्रंप ने कहा कि उनके प्रशासन ने छह महीने में इतनी उपलब्धियां हासिल कर लीं, जितनी कोई आठ साल में हासिल नहीं कर सका। ट्रंप 10 मई के बाद कई बार दावा कर चुके हैं कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव खत्म कराया। ट्रंप के दावे को खारिज करते हुए भारत कहता रहा है कि दोनों पक्षों ने सेनाओं के बीच सीधी बातचीत के बाद सैन्य कार्रवाइयां रोकीं।

### मोदी जी, पांच विमानों का सच क्या है : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया सैन्य संघर्ष का दौरान पांच लड़ाकू विमानों के गिराए जाने संबंधी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे को लेकर शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बताना चाहिए कि पांच विमानों का सच क्या है क्योंकि यह जानना देश का हक है। वहीं, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अब इस बारे में संसद के भीतर स्पष्टीकरण देना चाहिए।

# रूस के यूक्रेन पर 300 से ज्यादा ड्रोन हमले, ओडेसा में तबाही

कीव, एजेंसी

रूस ने शुक्रवार रात यूक्रेन पर सैकड़ों ड्रोन से एक बड़ा हमला किया, जिसमें कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई। इसके साथ ही, तीन साल पहले शुरू हुए युद्ध को समाप्त करने के प्रयास सफल होने की उम्मीदें धूमिल हो गई हैं।

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि रूस ने 300 से अधिक ड्रोन से हमले किए और इसके साथ 30 से अधिक क्रूज मिसाइलें दागीं। शहर के मेयर हेन्नादी ट्रूखानोव ने शनिवार को 'टेलीग्राम' पर बताया कि रूसी सेना द्वारा काला सागर के तट पर स्थित ओडेसा शहर में 20 से अधिक ड्रोन और एक मिसाइल से किए गए हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक ऊंची आवासीय इमारत में आग लग गयी। जेलेंस्की के अनुसार, ओडेसा पर हुए हमले में एक बच्चे सहित छह अन्य लोग घायल हो गए तथा यूक्रेन के उत्तरपूर्वी सुमी क्षेत्र में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा।



● एक व्यक्ति की मौत और कई घायल, युद्ध समाप्त होने की उम्मीदें फिर हुईं धूमिल

### रूस को नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर रही यूक्रेनी सेना

**कीव।** यूक्रेनी सेना रूस के खिलाफ कमजोर स्थिति के बावजूद हर संभव तरीके से अपनी स्थिति को मजबूत करने और रूस को नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर रही है। इसमें ड्रोन का उपयोग करके रूसी सैनिकों और उपकरणों को नष्ट करना और इसके लिए अंक अर्जित करना शामिल है। सूत्रों के अनुसार हथियारों और संख्याबल में कमजोर यूक्रेनी सेना अपने कहीं ज्यादा शक्तिशाली प्रतिद्वंद्वी रूस के खिलाफ हर संभव फायदा उठाने की कोशिश कर रही है।

# वॉल स्ट्रीट जर्नल और मर्डोक पर 10 अरब डॉलर का मुकदमा

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को द वॉल स्ट्रीट जर्नल और मीडिया जगत के दिग्गज रूपर्ट मर्डोक के खिलाफ 10 अरब डॉलर का मुकदमा दायर किया। समाचार पत्र ने ट्रंप और बाल यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन के बीच संबंधों पर एक खबर प्रकाशित की थी।

ट्रंप का नाम एक पत्र में सामने आया है जो 2003 में बाल यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन को जन्मतिथि पर लिखा गया था। ट्रंप ने यह पत्र लिखने से इन्कार किया है। उन्होंने कहा था कि वह अखबार पर मुकदमा करेंगे। बाल यौन अपराधों के दोषी एपस्टीन की 2019 में जेल में मौत हो गई थी। मुकदमा मियामी की संघीय अदालत में दायर किया गया है, जिसमें अखबार और उसके पत्रकारों पर जानबूझकर झूठे और अपमानजनक बयान छापने का आरोप लगाया गया है।

## अमरनाथ यात्रा



जम्मू और कश्मीर के अनंतनाग जिले में शनिवार को पवित्र अमरनाथ गुफा मंदिर की वार्षिक तीर्थयात्रा के दौरान लोग। शनिवार को जम्मू से यात्रा के लिए छह हजार श्रद्धालु कड़ी सुरक्षा में रवाना हुए। एजेंसी

# शाहरुख खान पहुंचे अमेरिका, चोट लगने की अभी पुष्टि नहीं

**मुंबई।** अभिनेता शाहरुख खान इन अटकलों के बीच अमेरिका पहुंचे हैं कि उन्हें मुंबई में अपनी एक्शन फिल्म 'किंग' की शूटिंग के दौरान चोट लग गई है। हालांकि, उनकी टीम की ओर से इसकी कोई पुष्टि नहीं की गई है।

मीडिया और सोशल मीडिया पर प्रसारित रिपोर्ट के अनुसार, शाहरुख को इस सप्ताह की शुरुआत में गोल्डन टोबैको स्टूडियो में शूटिंग के दौरान पीठ में चोट लग गई थी। एक टीवी चैनल की खबर के अनुसार, शाहरुख के घायल होने की खबरें झूठी हैं। शाहरुख पहले भी अन्य फिल्मों की शूटिंग के दौरान चोटिल हो चुके हैं और उनकी पुरानी चोटें उभरने के कारण वह इलाज के लिए अमेरिका जाते रहते हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 'एक्स' पर पोस्ट कर अभिनेता के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

# हुर्रियत बीती बात, भारत में आगे बढ़कर अपनी जगह ढूंढें कश्मीरी

श्रीनगर, एजेंसी

पूर्व अलगाववादी नेता बिलाल गनी लोन ने कहा है कि हुर्रियत कॉन्फ्रेंस अपनी अप्रासंगिकता के लिए खुद जिम्मेदार है और अब वह निष्क्रिय अवस्था में है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में गड़बड़ी और दरार पैदा करने के लिए पाकिस्तान की आलोचना की।

पारंपरिक अलगाववादी रुख से अलग अपनी टिप्पणी में लोनने स्वीकार किया कि हुर्रियत और पाकिस्तान दोनों ने क्षेत्र में प्रगति लाने के अवसरों को गंवा दिया है। लोन के मुताबिक, मुख्यधारा की राजनीति में आने के पीछे की मुख्य प्रेरणा अगली पीढ़ी है। उन्होंने युवा पीढ़ी से इस वास्तविकता को स्वीकार करने का आग्रह किया कि भारत बहुत बड़ी शक्ति है, जिससे लड़ना संभव नहीं है। लोन ने युवाओं को सलाह दी कि वे देश को राजनीतिक दलों के चश्मे से न देखें, बल्कि देश के भीतर अपने लिए जगह बनाने के लिए भारत को भारत के रूप में देखें।

लोन ने कहा कि वर्तमान पीढ़ी को पिछले 35 वर्षों के बारे में सच्चाई बताई जानी चाहिए क्योंकि उनके पास इस नए राजनीतिक क्षेत्र में प्रवेश करने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है क्योंकि शोषण की राजनीति को रोकना होगा। लोन ने कहा कि 1993 में गठित अलगाववादी संगठन हुर्रियत कॉन्फ्रेंस ने घाटी में अपनी प्रासंगिकता खो दी है।



● पूर्व अलगाववादी नेता बिलाल गनी लोन के बदले सुर

# गाजा: खाद्य वितरण स्थलों पर गोलीबारी 30 फलस्तीनी मारे गए

**दीर अल-बलाह।** इजराइली सैनिकों ने दक्षिणी गाजा में अमेरिका एवं इजराइल समर्थित समूह द्वारा संचालित वितरण केंद्रों से खाद्य सामग्री लेने जा रहे फलस्तीनियों पर गोलीबारी की, जिसमें कम से कम 32 लोगों की मौत हो गई।

ये दोनों घटनाएं गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन द्वारा संचालित केंद्रों के पास हुईं। इस संगठन ने अमेरिका और इजराइल के समर्थन से मई के अंत में सहायता सामग्री की आपूर्ति करने का अभियान शुरू किया था। अमेरिका और इजराइल की सरकारें गाजा में संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व वाली पारंपरिक सहायता वितरण प्रणाली का स्थान लेने की कोशिश कर रही हैं। उनका कहना है कि संयुक्त राष्ट्र की सहायता सामग्री हमास के आतंकवादी हड़प लेते हैं।

## पुस्तक में खुलासा

### कारगिल युद्ध से ऐन पहले अटल बिहारी वाजपेयी और नवाज शरीफ के बीच हुई थी गोपनीय बातचीत

# जम्मू-कश्मीर के विभाजन पर सहमत थे भारत-पाकिस्तान

नई दिल्ली, एजेंसी

एक नई पुस्तक में खुलासा किया गया है कि 1999 में भारत और पाकिस्तान के बीच कारगिल युद्ध शुरू होने से कुछ हफ्ते पहले, क्रमशः अटल बिहारी वाजपेयी और नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली तत्कालीन सरकारों ने कश्मीर मुद्दे का समाधान तलाशने का प्रयास किया था। इस पहल के तहत चिनाब नदी को भौगोलिक सीमा रेखा मानने पर सहमति बनी थी, जिसे 'चिनाब फॉर्मूला' नाम दिया गया।

अभिषेक चौधरी ने 'बिलीवर्स डायलेमा : वाजपेयी एंड हिंदू राइट्स पाथ टू पावर' में लिखा है कि वाजपेयी की 1999 की ऐतिहासिक पाकिस्तान यात्रा और लाहौर घोषणा के बाद दिल्ली के एक होटल में सेवानिवृत्त पाकिस्तानी राजनयिक और पूर्व उच्चायुक्त (भारत में नियुक्त रहे) नियाज नाइक तथा भारतीय वार्ताकार आरके मिश्रा के बीच सिलसिलेवार गुप्त वार्ता हुई थीं। पुस्तक के अनुसार, मार्च 1999 के अंतिम सप्ताह में शरीफ के दूत नियाज नाइक गुप्त रूप से दिल्ली के एक होटल में रुके और आरके मिश्रा के साथ वार्ता शुरू की।

पुस्तक में कहा गया है, अगले पांच दिनों में उन्होंने कश्मीर पर अपने असंभव प्रस्ताव पर चर्चा की: एक ऐसा समाधान जो न केवल तीनों संबंधित पक्षों (जिनमें से एक पक्ष कश्मीरी भी थे) के लिए उचित हो, बल्कि लागू करने के लिए व्यावहारिक भी हो। वाजपेयी द्वारा दोनों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किये जाने के बाद, मिश्रा और नाइक कई दौर की चर्चा के बाद, दोनों देशों के बीच जम्मू कश्मीर के विभाजन के लिए एक चिह्नित किए जाने योग्य भौगोलिक सीमा पर राजी हुए जिसे 'चिनाब फॉर्मूला' कहा गया।

पुस्तक में दावा किया गया है, 17 मई को, आरके मिश्रा, वाजपेयी का संदेश लेकर इस्लामाबाद पहुंचे। इसी दिन नवाज को कारगिल अभियान पर पहली ब्रीफिंग मिली थी। इस ब्रीफिंग का उद्देश्य शरीफ को सेना के निजी अभियान को सरकारी कवर प्रदान करने के लिए राजी करना था। पाकिस्तान के विदेश मंत्री सरताज अजीज और अन्य अधिकारी कथित तौर पर स्तब्ध थे, लेकिन शरीफ ने उनसे कहा था, अजीज साहब, क्या हम कभी कागजी कार्रवाई से कश्मीर हासिल कर सकते हैं। पैनमैकमिलन इंडिया द्वारा प्रकाशित पुस्तक में दावा किया गया है कि शरीफ ने पाकिस्तानी सेना को सलाह दी, अल्लाह का नाम लो और इस अभियान को जारी रखो, यह मुद्दा बसें परिचालित कर नहीं सुलझ सकता।




### सांप्रदायिक आधार पर विभाजन पर हुई थी रजामंदी

पुस्तक में कहा गया है, दोनों देशों के बीच जम्मू कश्मीर के सांप्रदायिक आधार पर विभाजन पर सहमति बनी थी। चिनाब के पश्चिम के सभी मुस्लिम बहुल जिलों को पाकिस्तान को देने का प्रस्ताव था जबकि पूरब के सभी हिंदू बहुल जिलों को भारत में रखा जाना था। एलओसी को अंतरराष्ट्रीय सीमा के रूप में रखना और कश्मीर के लिए स्वायत्तता के विकल्प नाइक ने खारिज कर दिए थे। कश्मीर की स्वतंत्रता और जनमत संग्रह के विकल्प मिश्रा ने अस्वीकृत किए थे। एक अप्रैल को लौटने से पहले नाइक वाजपेयी से मिले, जिन्होंने नवाज के लिए घुसपैठ और सीमा पर गोलाबारी बंद करने का संदेश भेजा लेकिन मई की शुरुआत तक भारतीय खुफिया इकाइयों ने नियंत्रण रेखा पर बढ़ती आक्रामकता की सूचना दी। कुछ ही समय बाद कारगिल हमला हो गया।